निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार 11 नवम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 174 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




चाईबासा में लोडेड पिस्टल एवं कारतूस के साथ जमीन कारोबारी गिरफ्तार

# घाटशिला उपचुनाव : मतदान आज, सभी तैयारियां पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। आज यानी 11 नवंबर को घाटशिला की जनता चुनाव मैदान में खड़े 13 प्रत्याशियों की किस्मत तय करेगी। मतदान सुबह सात बजे से अपराह्न 5 बजे तक होगा, जिसमें 2,56,352 मतदाता आयोग द्वारा गठित 300 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आयेंगे। घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में पुरुषों की अपेक्षा महिला वोटर की संख्या अधिक है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक इस विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,25,114 एवं 1,31,235 महिला मतदाता हैं। पीडब्ल्यूडी वोटर की संख्या 2,738 है जबकि तीन ट्रांसजेंडर वोटर हैं। चुनाव आयोग ने इस उपचुनाव के लिए 231 लोकेशन में 300 मतदान केंद्र बनाए हैं। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष



मतदान के लिए चुनाव आयोग ने व्यापक प्रबंध किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी केरवि कुमार के अनुसार सभी बूथों से वेबकास्टिंग होगा जिसके लिए मतदान केंद्र के अंदर-बाहर कैमरे लगाए गए हैं। वेबकास्टिंग के जरिए भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय और जिला स्तर पर मतदान की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर केंद्रीय बलों के अलावा राज्य पुलिस की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित रहा है। वर्तमान में कोई विशेष परेशानी नहीं है, इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता किया गया है जिससे कोई परेशानी ना हो। सीमावर्ती राज्य ओडिशा और प. बंगाल के बॉर्डर को सील किया जा चुका है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार पोलिंग पार्टी मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो चुके हैं। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने उम्मीदवार के प्रतिनिधि के अलावा किसी अन्य को मतदान केंद्र के अंदर मौजूद रहने पर रोक लगा दी है। आयोग ने उम्मीदवारों के मतदान केंद्रों पर आने-जाने के दौरान वाहनों के उपयोग और मतदान केंद्रों पर भीड़ भाड़ को रोकने के संबंध में भी दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस उपचुनाव में 13 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

## इवीएम के साथ कर्मी रवाना, 300 बूथों पर होगा मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** घाटशिला विधानसभा में 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पूरी तैयारी कर ली है। जमशेदपुर स्थित को-ऑपरेटिव कॉलेज डिस्पैच सेंटर से मतदान दलों को रवाना किया जा चुका है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कर सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदानकर्मियों एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदान दलों को निर्धारित समय पर अपने अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचने और निर्वाचन



आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रखी गई हैं। बॉर्डर लाइन में बने चेक नाका में लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। 11 नवंबर के दिन सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक क्षेत्र के मतदाता मतदान करेंगे। मतदान खत्म होने के बाद कड़ी सुरक्षा के साथ मतदानकर्मियों को ईवीएम के साथ जमशेदपुर लाने की व्यवस्था की गई है। कोआपरेटिव कालेज को स्ट्रॉन्ग रूम बनाया गया है, यहां 14 नवंबर को काउंटिंग होगी। घाटशिला विधानसभा में कुल तीन सौ मतदान केंद्र है। यहां मतदान के लिए 1200 से ज्यादा मतदानकर्मियों को रवाना किया गया है। मतदानकर्मियों के साथ, ईवीएम भी रवाना की गई है। जीपीएस लगे वाहनों से मतदानकर्मियों को कड़ी सुरक्षा के साथ, घाटशिला रवाना किया गया है। मतदान केंद्र में ही कर्मियों के रहने की अस्थाई व्यवस्था की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सरिया थाना क्षेत्र के परसिया में सोमवार सुबह सड़क हादसे में डीएवी स्कूल के शिक्षक गणेश कुमार सिन्हा की मौत हो गई। वह सरिया डीएवी स्कूल में शिक्षक थे। गणेश सिन्हा प्रतिदिन की तरह सुबह अपनी बाइक से स्कूल जा रहे थे। परसिया रोड के पास सामने से आ रहे एक बालू लदे ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### कुएं से मिली गले में रस्सी बंधी महिला की लाश

**धनबाद (नबिटा ब्यूरो)।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जियलगड़ा पंचायत अंतर्गत कलाडीह बस्ती में एक महिला की लाश कुएं से बरामद की गई। मृतका की पहचान जियलगड़ा निवासी शिखू देवी के रूप में हुई है। बरामद किए गए शव के गले में रस्सी बंधी हुई है जबकि रस्सी का दूसरा हिस्सा कुएं में रखे सीमेंट के पोल से बंधा हुआ है। बताया जा रहा है कि महिला का पति के साथ पारिवारिक विवाद था। ऐसे में घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे एएसआई गिरधारी कुमार साहू ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद से जुड़ा लग रहा है। आशंका है कि महिला ने फांसी लगाई है।

### कर्ज से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**बोकारो (नबिटा ब्यूरो)।** बालीडीह थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह 25 वर्षीय युवक का शव रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया। मृतक की पहचान बनसिमली गांव निवासी बीरबल आचार्य के रूप में हुई है जो बीएसएल प्लांट में ठेका मजदूर था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक कर्ज के बोझ से परेशान था। मृतक के पिता कार्तिक आचार्य ने बताया कि बीरबल ने प्लांट में काम करने वाले एक व्यक्ति से दो लाख रुपए उधार लिए थे। बीरबल ने अपने पिता से कहा था कि यदि वह कर्ज नहीं चुका पाया तो आत्महत्या कर लेगा। पिता ने किसी तरह दो लाख रुपए जुटाकर बेटे को दिए भी थे, बावजूद वह तनाव में था।

### गोड्डा में गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गोड्डा (नबिटा ब्यूरो)।** गोड्डा पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार को आठ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को महागामा थाना क्षेत्र से पकड़ा गया और उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोड्डा के बसंतराय थाना क्षेत्र निवासी बल्लू साह उम्र करीब 50 वर्ष के रूप में हुई है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आज़ाद ने बताया कि आरोपी बल्लू साह पहले भी गांजा तस्करी के आरोप में जेल जा चुका है।

## बिहार चुनाव की वजह से सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एवं पुलिस प्रशासन पुलिस ने बिहार में कल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था और चौकसी बढ़ा दी है। अवैध शराब, हथियार और नकदी की आवाजाही रोकने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिले के पिपरा, हरिहरगंज, हैदरनगर, जपला, मनातू, देवरी ओपी, नौडीहा ओपी और नौडीहा थाना क्षेत्र में वाहनों, यात्रियों और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है। पलामू के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दिन-रात नाकाबंदी और गश्ती तेज कर दी गई है। बिहार विधानसभा चुनाव के तहत 11 नवंबर को गया और औरंगाबाद जिलों में भी मतदान होना है। पलामू जिले के नौडीहा बाजार और मनातू की सीमाएं गया जिले से लगती हैं, जबकि हुसैनाबाद, हरिहरगंज और पिपरा की सीमाएं औरंगाबाद जिले से जुड़ी हुई हैं। चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की



बाधा रोकने के लिए पलामू की जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस ने सीमावर्ती क्षेत्र में पलामू सीमा से तीन किलोमीटर की परिधि में निषेधाज्ञा (धारा 144) लागू कर दी है। यह आदेश बिहार में चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा। इस निषेधाज्ञा के तहत बिना अनुमति राजनीतिक सभा, जुलूस, प्रदर्शन या ध्वनि विस्तारक का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक स्थलों का राजनीतिक उपयोग वर्जित है और भड़काऊ या अफवाह पूर्ण संदेश प्रसारित करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। हथियारों का प्रदर्शन, मतदाताओं को प्रलोभन या डराना-धमकाना और सामूहिक भीड़-भाड़ के गठन पर भी रोक रहेगी। हालांकि यह प्रतिबंध शादी-विवाह, शव यात्रा, हाट-बाजार, अस्पताल और आवश्यक सेवाओं पर लागू नहीं होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजन से शांति बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को देने की अपील की है।

## भतीजे ने चाचा की गोली मारकर की हत्या

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से ठीक पहले नालंदा में खूनी खेल देखने को मिला है। जमीन विवाद में एक शख्स को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। वारदात जिले की हरनौत थाना क्षेत्र के फलहनवा गांव की है। मृतक की पहचान फलहनवा गांव निवासी धुरी सिंह के 48 वर्षीय बेटे चंद्रदीप यादव के रूप में की गई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना उस वक्त हुई, जब चंद्रदीप प्रसाद धान की फसल काटकर खलिहान में पुंज लगा रहे थे। इसी दौरान भूमि विवाद को लेकर उनके गोतिया पक्ष के लोगों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

## नगर निकाय चुनाव पर झारखंड हाईकोर्ट सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में नगर निगम और निकाय चुनाव नहीं कराने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट को बताया कि ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग को सौंप दी गई है। आयोग ने आरक्षण और पॉपुलेशन लिस्ट से जुड़ी कुछ जानकारी मांगी है। संबंधित जानकारी देने के बाद चुनाव से जुड़ा नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। प्रार्थी के अधिवक्ता विनोद सिंह ने ने बताया कि कोर्ट ने 24 नवंबर तक राज्य निर्वाचन आयोग को चुनाव से जुड़ा नोटिफिकेशन जारी करने को कहा है। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग को कुछ और जानकारी की जरूरत है जिसे महाधिवक्ता ने एक सप्ताह के भीतर मुहैया कराने का भरोसा दिलाया है। सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड सरकार से अभी सीटों के आरक्षण से जुड़ी अनुशंसा नहीं मिली है। इसके मिलते ही तैयारी शुरू कर दी जाएगी। सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने 24 नवंबर को सुनवाई की अगली तारीख निर्धारित करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग से निकाय चुनाव से जुड़ी संभावित तिथि का ब्यौरा मांगा है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी रौशनी खलखो और रीना कुमारी की अवमानना याचिका पर अधिवक्ता विनोद सिंह ने जबकि राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पक्ष रखा। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि ट्रिपट टेस्ट की रिपोर्ट कैबिनेट को भेजी जाएगी। इस पर अनुमोदन मिलने के बाद राज्य सरकार चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को अनुशंसा करेगी।

## कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक से दिनदहाड़े दस लाख की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिले के बिरसानगर में सोमवार को दिनदहाड़े पीके कंस्ट्रक्शन कंपनी के ऑफिस में 10 लाख रुपए की लूट हुई। तीन सशस्त्र अपराधियों ने कंपनी मालिक से नगदी छीनी और फरार हो गए। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। तीनों आरोपी बाइक से आए थे। घटना की सूचना मिलते ही बिरसानगर थाना पुलिस और सिटी डीएसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल इलाके की नाकेबंदी कर अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है। डीएसपी सुनील चौधरी ने बताया कि पीके कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक पंकज कुमार सिंह अपने कार्यालय में मजदूरों के भुगतान के लिए कैश गिन रहे थे। इसी दौरान हथियारबंद तीन युवक ऑफिस में घुस आए। बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर पंकज कुमार और उनके कर्मचारियों को धमकाया। इसके बाद मेज पर रखे 10 लाख रुपए से भरे बैग को लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी कार्यालय से बाहर निकले और कॉम्प्लेक्स के बाहर खड़ी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। भागते समय उन्होंने दो राउंड हवाई फायरिंग भी की जिससे इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों अपराधियों के हुलिए की पहचान करने का प्रयास कर रही है। साथ ही कंपनी मालिक और अन्य कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि अपराधियों को नगदी की जानकारी पहले से कैसे मिली।

## एसआइआर को लेकर सीइओ ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों हेतु निर्देश प्राप्त हैं। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी आगामी एसआईआर में सुविधा के लिए वर्तमान मतदाता सूची का 2003 के मतदाता सूची से अधिक से अधिक मैपिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जितने अधिक मतदाताओं का 2003 के मतदाता सूची से पैरेंटल मैपिंग हो जाता है, उन्हें इन्यूम्यूरेशन फॉर्म भरने में आसानी हो सकेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन से ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक



कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा है कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। यदि निर्वाचन के कार्य में कोई बीएलओ आनाकानी करते हैं तो उनका रिपोर्ट विभाग को भेजें एवं निलंबन की प्रक्रिया करते हुए नए बीएलओ नियुक्त करें। उन्होंने कहा है कि सभी स्तर के पदाधिकारियों को निर्वाचन हेतु आवंटित कार्य को करना अनिवार्य है, इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा के क्रम में सभी जिलों के मतदाता सूची के मैपिंग की बिंदुवार समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में जमीनी स्तर पर आ रहे परेशानियों को समाप्त करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को फील्ड विजिट कर मतदाता सूची के मैपिंग की समस्याओं का निरीक्षण करते हुए उसके समाधान एवं कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर द्वारा मतदान केंद्रों के युक्तिकरण हेतु पीपीटी के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, नोडल पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नक्सली इलाकों में आदिवासी लड़कियां बन रही टूरिस्ट गाइड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** झारखंड का जंगल कैसा है? कौन-कौन से जंगली जीव मौजूद हैं? बाघों का व्यवहार कैसा है? इन सबकी जानकारी देश-विदेश के पर्यटकों को अब आदिवासी लड़कियां दे रही हैं। झारखंड में पहली बार आदिवासी लड़किया गाइड की भूमिका में हैं। दरअसल झारखंड में एकमात्र बाघों के लिए संरक्षित एरिया पलामू टाइगर रिजर्व है। पलामू टाइगर रिजर्व का गठन 1973 में हुआ था। टाइगर रिजर्व के गठन के बाद पहली बार आदिवासी लड़कियां गाइड बनी हैं जिसकी शुरुआत चार लड़कियों ने की है। वहीं कई अन्य लड़कियां भी गाइड बनने को इच्छुक हैं। फिलहाल सभी लड़कियां पलामू टाइगर टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क के इलाके में तैनात हैं। लड़कियां बेखौफ होकर जंगल के अंदर दाखिल हो रही हैं और पर्यटकों को जंगल से जुड़ी हर



जानकारी दे रही हैं। पलामू टाइगर रिजर्व इलाके के ग्रामीण और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। हुनर से रोजगार नामक अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कुछ लड़कियों ने गाइड बनने की इच्छा जताई थी। इसी कड़ी में बेतला नेशनल पार्क से सटे केचकी गांव की रहने वाली सोनम कुमारी, रानी कुमारी, परिणीता कुमारी, रेखा कुमारी को गाइड की ट्रेनिंग दी गई। गाइड बनने के बाद चारों को शुरुआत में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पहली बार आदिवासी लड़कियां गाइड बनी हैं जिस कारण पहले से मौजूद गाइड से उन्हें कड़ी चुनौती मिली। कई मौकों पर टिप्पणी भी की गई। पलामू टाइगर रिजर्व अति नक्सल प्रभावित इलाका रहा है। नक्सलियों की ट्रेनिंग सेंटर बूढापहाड़ भी पलामू टाईगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क से सटा हुआ है। नक्सलियों के हमले में कई वनकर्मी पहले भी शहीद हुए हैं। वहीं इलाके में बाघ, तेंदुआ, हाथी, बाइसन समेत कई जंगली जीव मौजूद हैं। कई इलाकों में पहुंचना गाइड के लिए भी बड़ी चुनौती होती है। लड़कियों ने इस चुनौती को स्वीकार किया और गाइड बनकर इलाके में दाखिल हो रही हैं। बेतला नेशनल पार्क 979 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। पलामू टाइगर रिजर्व के बेहतरीन नेशनल पार्क समिति के इलाकों में ग्रामीणों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है और उन्हें कई स्तर पर एक डेवलपमेंट समिति से जोड़ा जा रहा है। पलामू टाइगर रिजर्व इलाके में फिलहाल 35 निबंधित गाइड मौजूद हैं।


बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com


C M Y K

# उपायुक्त ने की मनरेगा, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, आम बागवानी समेत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा, दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं होने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई, निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर उपायुक्त ने बैठक की जिले के सभी 13 प्रखंडो के 344 पंचायतों में 11 नवंबर से 15 नवंबर तक विशेष कार्यक्रमों का होगा आयोजन झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में 11 नवंबर को होगा रन फोर झारखंड सोशल मीडिया पर चलाया जाएगा हैशटैग अभियान।

जिला उपायुक्त ने आज समाहरणालय सभागार में मनरेगा, पीएम आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना समेत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की बारी-बारी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में कार्यों में कोताही बरतने वाले कर्मियों को सख्त निर्देश दिया गया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करें और लोगों को इसका लाभ दें। इसके अलावा उपायुक्त ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों से समीक्षा की, जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों एवं जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम, गृह प्रवेश व परिसंपत्तियों के वितरण से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने जानकारी दी कि झारखण्ड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष झारखण्ड 25 थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

11 नवंबर से 15 नवंबर तक जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में संबंधित अधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम को लेकर ससमय सभी तैयारियों को सुनिश्चित कर लें झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे झारखण्ड राज्य स्थापना के अवसर पर 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक राज्य स्तर पर प्रस्तावित गतिविधियों के अनुरूप जिले में जिले में परिसंपत्तियों का वितरण, पौधरोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। 11 नवंबर को रन फोर झारखंड का आयोजन किया जायेगा। साथ ही प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा।12 नवंबर को "सुबह-ए-झारखंड" चिन्हित स्थलों पर पारंपरिक नृत्य 13 नवंबर को "नो योर टूरिस्ट पैलेस" कार्यक्रम के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार पोस्टर, बैनर, एवं पंपलेट के माध्यम से किया जाएगा। 15 नवंबर को मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर झारखण्ड 25 थीम पर जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चित्रकला, कविता, भाषण एवं अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, नाटक एवं संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा। जिलास्तर पर विकास मेला का आयोजन किया जाएगा। विकास मेला में सरकार की कल्याणकारी योजना की जानकारी आमजनों को देने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। साथ ही लाभुको को परिसम्पति वितरित की जाएगी। आगे बैठक के दौरान सोशल मीडिया कैम्पैन से जुड़ी जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से सोशल मीडिया साइट्स जैसे फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम आदि पर 25इयर्स ऑफ झारखण्ड झारखण्ड सिल्वर जुबिली प्राउड ऑफ झारखण्ड झारखण्ड राइजिंग हैशटैग के साथ पोस्ट किया जायेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# लोहसिंघना पुलिस की बड़ी सफलता : चोरी के चार आरोपित गिरफ्तार, 40 लाख के गहने बरामद

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के लोहसिंघना थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का पुलिस ने सफलतापूर्वक पदार्फाश किया है। एसपी शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल (SIT) ने चार कुख्यात चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से सोना-चांदी के गहने, मोबाइल फोन और स्कूटी सहित लाखों के चोरी के सामान बरामद किए हैं।

दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को बड़ा अखाड़ा, जादो बाबू चौक निवासी किरण बाला के घर से लगभग 40 लाख रुपये मूल्य के सोना-चांदी के गहनों की चोरी हुई थी। इस संबंध में लोहसिंघना थाना कांड संख्या-162/25 दर्ज की गई थी। शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए एसडीपीओ सदर अमित आनंद के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम बनाई गई, जिसने तकनीकी साक्ष्यों, गोपनीय सूचना और लगातार छापेमारी के माध्यम से अपराधियों तक पहुंच बनाई। दिनांक 9 नवम्बर की शाम 7 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति झील परिसर स्थित महात्मा गांधी स्मारक के पास चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को मौके पर ही दबोच लिया।

**गिरफ्तार अपराधियों के नाम**

1. मो० अजुबा उर्फ समीर, पिता मो० मिन्हाज, निवासी चतरा बस स्टैंड, छोटकी ग्वाल टोली, थाना सदर, हजारीबाग।
2. निक्की शर्मा उर्फ तरुण शर्मा, पिता स्व. प्रकाश मिस्त्री शर्मा, निवासी रातू रोड, रांची।
3. विकास कुमार सोनी, पिता विजय सोनी, निवासी कुद आश्रम रोड, थाना कटकमदाग, हजारीबाग।
4. बिशु कुमार सोनी, पिता स्व. कन्हाई साव, निवासी शिवाडीह, थाना बड़कागांव, हजारीबाग।

**बरामद सामान**

सोना के लगभग 120 ग्राम गहने
चांदी लगभग 500 ग्राम
मोबाइल फोन-1 पीस
यामाहा स्कूटी-1 यूनिट

इसके अलावा विकास सोनी की निशानदेही पर रामगढ़ जिला के चिरपुर से चोरी के 59 ग्राम सोना और 389 ग्राम चांदी जैसे बिस्किट भी बरामद किए गए।

**छापामारी दल**

अमित आनंद, एसडीपीओ सदर, हजारीबाग, निशांत केरकेट्टा, थाना प्रभारी, लोहसिंघना, कुणाल किशोर, प्रभारी तकनीकी शाखा।

बिट्टू रजक, पु.अ.नि., कोर्रा थाना, पिंटू कुमार, पु.अ.नि., लोहसिंघना, लोहसिंघना थाना सशस्त्र बल दल, कुख्यात अपराधियों का इतिहास।

गिरफ्तार अभियुक्त मो० अजुबा और निक्की शर्मा पर कई जिलों में दर्ज 20 से अधिक पुराने आपराधिक मामले हैं, जिनमें डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट और हत्या जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।

इसी तरह विकास कुमार सोनी और बिशु कुमार सोनी के खिलाफ भी कटकमदाग, सदर और लोहसिंघना थाना में कई मामले दर्ज हैं।

**पुलिस की सराहनीय कार्रवाई**

एसपी शशि प्रकाश सिंह ने इस सफलता पर टीम की सराहना करते हुए कहा कि हजारीबाग पुलिस अपराधियों पर लगातार नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की संभावना है।

# अवैध शराब पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई : 450 लीटर महुआ शराब जब्त, 12 हजार किलो जावा महुआ नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चौपारण (हजारीबाग)।** जिले में अवैध शराब कारोबार पर नकेल कसने के लिए प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत सोमवार को बड़ी कार्रवाई की गई। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर उत्पाद विभाग की टीम ने चौपारण प्रखंड के भगहर पंचायत क्षेत्र में छापेमारी कर 450 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब जब्त की, जबकि करीब 12,000 किलोग्राम किन्वित जावा महुआ और शराब निर्माण की सामग्रियां मौके पर ही नष्ट कर दी गईं।

यह कार्रवाई सहायक आयुक्त, उत्पाद हजारीबाग के नेतृत्व में की गई। टीम ने भगहर झरना ठाकुरटोला गांव में छापेमारी के दौरान कई अवैध शराब भट्ठियाँ संचालित पाईं, जिन्हें मौके पर ध्वस्त कर दिया गया। उत्पाद विभाग ने बताया कि अभियान के दौरान कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

इस कार्रवाई में अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सैयद बशीरुद्दीन, एंटोनी बागे, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह तथा सशस्त्र गृह रक्षक बल के जवान शामिल थे। सहायक आयुक्त, उत्पाद ने कहा कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और परिवहन पर पूर्ण रोक लगाने के लिए ऐसे विशेष छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# उपायुक्त ने शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समावेशिता पर बल उपायुक्त ने जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, समावेशी एवं परिणामोन्मुख बनाने पर बल दिया आज समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई।

बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा विभाग अंतर्गत सभी एजेंडा की बिंदुवार समीक्षा करते हुए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समावेशिता पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, समावेशी एवं परिणामोन्मुख बनाने पर बल दिया। उन्होंने शिक्षकों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा प्राप्त राशि के पारदर्शी एवं यथोचित उपयोग, विद्यालयों में सुव्यवस्थित इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, पुस्तकालय, तथा शैक्षणिक वातावरण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। आगे उपायुक्त ने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें तथा शैक्षणिक गतिविधियों एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा कर, आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई हेतु जिला मुख्यालय को सूचित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार व जिला प्रशासन द्वारा उचित प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समावेशी वातावरण मिल सकें। बैठक में समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, ई-विद्यावाहिनी में शिक्षकों की उपस्थिति, पोशाक, छात्रवृति, पोषण वाटिका, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह की ससमय उपलब्धता, पोषण वाटिका (किचन गार्डेन) की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया समेत जिला स्तर पर शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि जिले में बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पौष्टिक मिड डे मील देने को प्राथमिकता बताते हुए इस पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की ओर से विद्यालय स्तर पर चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिले। इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मी सजगता के साथ काम करना सुनिश्चित करें बैठक में उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे जानकारी लिया।

उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के साथ-साथ शिक्षकों की उपस्थिति की लगातार मॉनिटरिंग की जरूरत है। उन्होंने सभी प्रखंडों में ई-विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही। उपायुक्त ने एमआईसी कोऑर्डिनेटर को सभी तरह का डाटा शत प्रतिशत सही प्रविष्टि करने का निर्देश दिया। वहीं कार्य में तेजी लाते हुए सुधारात्मक प्रगति का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने स्कूल में बच्चों का नामांकन, बच्चों की उपस्थिति, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने संबंधित जानकारी लेते हुए सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत विद्यालयों का निरंतर भ्रमण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति शौचालय एवं पेयजल समेत विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें

# हजारीबाग में रजत जयंती समारोह की भव्य तैयारियां, डीसी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

नवीन सिन्हा




**हजारीबाग।** झारखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने तथा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में हजारीबाग जिला प्रशासन द्वारा 'रजत जयंती समारोह' का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी दी और जिलेवासियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से इस ऐतिहासिक पर्व को सफल बनाने का आह्वान किया।

उपायुक्त ने बताया कि झारखंड की संघर्ष, संस्कृति, परंपरा और विकास यात्रा को साझा करने के लिए कई रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार की गई है।

उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का यह रजत पर्व हम सभी के लिए गौरव का अवसर है। जिले के नागरिक, छात्र, युवा और समाज के सभी वर्ग इसमें भाग लेकर राज्य की एकता और संस्कृति को सशक्त बनाएंगे।

**कार्यक्रमों की श्रृंखला**

11 नवम्बर (मंगलवार), सुबह 7:00 बजे, रन फॉर झारखंड — डी.टी.ओ. ऑफिस से झंडा चौक तक।

12 नवम्बर (बुधवार), सुबह 10:00 बजे, स्ट्रीट डांस — बड़ा अखाड़ा, ग्वालटोली चौक, पंच मंदिर, झंडा चौक मार्ग पर

13 नवम्बर (गुरुवार), सुबह 7:00 बजे, साइक्लोथॉन — कैनरी हिल से झील तक।

14 नवम्बर (शुक्रवार), दोपहर 12:00 बजे, जतरा मेला — कर्जन ग्राउंड।

15 नवम्बर (शनिवार), अपराह्न 12:00 बजे, मुख्य समारोह — विवेकानंद सभागार, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

उपायुक्त ने कहा कि मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति और कवरेज इस 'रजत पर्व' की गरिमा को और बढ़ाएगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर झारखंड की इस गौरवगाथा को यादगार बनाएं।

# उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत, स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन पीएम अभिम व 15वें वित्त आयोग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न सीएचसी-एचएससी निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत की, यह अभियान 10 नवंबर से 26 नवंबर तक चलेगा आज समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन पीएम अभिम हॉस्पिटल मैनेजमेंट, 15वें वित्त आयोग के सफल क्रियान्वयन व संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर जोर दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सजग और संवेदनशील होकर कार्य करने और अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर बल दिया। बैठक में, पीएम-अभिम योजना और 15वें वित्त आयोग के तहत जारी कार्यों की समीक्षा भी की गई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न सीएचसी-एचएससी निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के पीएम अभिम योजनान्तर्गत निमार्णाधीन स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण की समीक्षा के क्रम में कार्य एजेन्सी कार्यपालक अभियंता एन०आर०ई०पी० विशेष प्रमंडल भवन प्रमंडल को निदेशित किया गया कि कार्यो में तेजी लाया जाय। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरहवारी कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कार्य नहीं करने की स्थिति में उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने कहा कि सभी अस्पतालों में डॉक्टर की नियमित उपस्थिति होनी चाहिए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। ताकि यहां के मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुगम रूप से मिलें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि कोई बच्चा न छुटे, इसलिए नियमित टीकाकरण जरूरी है, साथ ही हरेक। बच्चे का वजन मापी भी कराएं। इसके साथ ही सभी अस्पतालों/नर्सिंग होम में संस्थागत प्रसव के निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करें। इसके अलावा उन्होंने नेशनल टीबी, ई संजीवनी पोर्टल, एनीमिया मुक्त भारत, टीबी मुक्त पंचायत, निश्चय मित्र, एएनसी रजिस्ट्रेशन, इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी, टीकाकरण की अद्यतन स्थिति आदि की समीक्षा कर लक्ष्य अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत की, यह अभियान 10 नवंबर से 26 नवंबर तक चलेगा बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, एन.आर.ई.पी सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ अमित तिवारी, एसएमओ, डब्लूएचओ, डीपीएम, एनएचएम आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'झारखंड 25 थीम पर' रन फॉर झारखंड का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** यह कार्यक्रम गिरिडीह स्टेडियम से प्रारंभ होकर समाहरणालय गिरिडीह तक जाएगा तथा वहीं से पुनः गिरिडीह स्टेडियम में समाप्त होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 07:00 बजे से किया जाएगा झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह 2025 के तहत राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'झारखंड @25' थीम पर 'रन फॉर झारखंड' का भव्य आयोजन 11 नवम्बर 2025 मंगलवार को किया जाएगा।

यह कार्यक्रम गिरिडीह स्टेडियम से प्रारंभ होकर समाहरणालय गिरिडीह तक जाएगा तथा वहीं से पुनः गिरिडीह स्टेडियम में समाप्त होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 07:00 बजे से किया जाएगा इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी कर्मी, आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु खिलाड़ी, एनएसएस एवं एनवाईके के वॉलंटियर्स, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं तथा आम नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस दौड़ में लगभग 400 प्रतिभागियों के सम्मिलित होने की संभावना है। रन पर झारखंड का रजिस्ट्रेशन प्रातः 6:00 बजे से खेल स्टेडियम गिरिडीह में किया जाएगा जिला प्रशासन, गिरिडीह द्वारा 'रन फॉर झारखंड' के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। रन फॉर झारखंड का आयोजन राज्य के गौरवशाली 25 वर्षों की उपलब्धियों को स्मरण करते हुए एकता, ऊर्जा और उत्साह के संदेश के साथ किया जा रहा है।

# तेज गति से चल रहा बिजली उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की पहल उपभोक्ताओं को डिजिटल बिलिंग और प्रीपेड सुविधा से जोड़ा जा रहा झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तहत गिरिडीह क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। विभाग की ओर से पुराने मीटरों को बदलकर डिजिटल स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं ताकि उपभोक्ताओं को पारदर्शी और सटीक बिलिंग की सुविधा मिल सके।

स्मार्ट मीटर लगाने के साथ ही विभाग द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। वार्डों, पंचायतों और बाजार क्षेत्रों में माइकिंग, पंपलेट वितरण, जागरूकता रथ और विशेष उपभोक्ता शिविरों के माध्यम से लोगों को स्मार्ट मीटर के लाभों की जानकारी दी जा रही है। शनिवार को JBVNL के कार्यपालक अभियंता मृणाल गौतम अपने कर्मचारी दल के साथ गिरिडीह के सुखमणि अपार्टमेंट में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, स्मार्ट मीटर से बिजली बिल में अनुमानित रीडिंग की समस्या खत्म होगी। उपभोक्ता मोबाइल एप के जरिए अपने बिजली उपभोग की वास्तविक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और जरूरत पड़ने पर खुद से ऑनलाइन रिचार्ज भी कर पाएंगे। बिजली विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी पर नियंत्रण होगा, बिलिंग सिस्टम पारदर्शी बनेगा और उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा मिलेगी। आने वाले महीनों में पूरे गिरिडीह जिले को स्मार्ट मीटर से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने भी इस नई व्यवस्था का स्वागत किया है। कई लोगों ने बताया कि अब गलत बिल आने की समस्या खत्म हो गई है और बिजली खपत पर खुद नजर रखी जा सकती है। गिरिडीह, राजधनवार, जमुआ, डुमरी एवं सरिया में चल रहा यह स्मार्ट मीटर अभियान झारखंड की बिजली व्यवस्था को आधुनिक और डिजिटल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## क्या वास्तव में बंद था स्ट्रॉन्ग रूम का सीसीटीवी?

# चुनाव आयोग ने दिया जवाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** राष्ट्रीय जनता दल के एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल से शनिवार को आरएन कॉलेज, हाजीपुर स्थित वज्रगृह सह मतगणना केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पोस्ट किए गए एक वीडियो ने जिला प्रशासन को सकते में डाल दिया।

पोस्ट में दावा किया गया था कि वैशाली जिले के वज्रगृह में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम और वीवीपैट की निगरानी के लिए लगाए गए सीसी कैमरे बारी-बारी से बंद किए जा रहे हैं तथा शुक्रवार की मध्य रात्रि में एक पिकअप वैन वज्रगृह में प्रवेश कर कुछ देर बाद बाहर निकल जाती है।

पोस्ट के प्रसारित होते ही जिला प्रशासन सतर्क हो गया और जांच शुरू कर दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम वर्षा सिंह और एसपी ललित मोहन शर्मा स्वयं वज्रगृह पहुंचे और पूरे मामले की पड़ताल की।

जांच के बाद प्रशासन ने राजद के एक्स हैंडल पर किए गए पोस्ट को पूरी तरह भ्रामक और निराधार बताया। वरीय अधिकारियों की जांच में पाया कि मतगणना केंद्र (वज्रगृह) की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी फुटेज का डिस्प्ले दो स्थानों पर लगाया गया है।

एक नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) में और दूसरा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अवलोकन के लिए वज्रगृह स्थल पर जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि कंट्रोल रूम का टीवी डिस्प्ले लगातार चालू रहा, जबकि अभ्यर्थी व उनके एजेंट के अवलोकन स्थल पर पांच विधानसभा क्षेत्रों में से केवल 129-महनार विधानसभा का डिस्प्ले स्क्रीन तकनीकी कारण (ऑटो टाइमआउट) से कुछ देर के लिए बंद हुआ था, जिसे तुरंत चालू करा दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वज्रगृह में निर्वाचन आयोग के मानक के अनुरूप तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है। पिकअप वैन से संबंधित जांच में पाया गया कि वह वाहन रात में सुरक्षाकर्मियों का सामान (बिस्तर आदि) लेकर कॉलेज परिसर में लगभग 15 मिनट के लिए आया था और फिर लौट गया।

कॉलेज के मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षाकर्मी ने वाहन के प्रवेश और निकास का विवरण गार्ड पंजी में दर्ज किया है। इस मामले में प्रतिनियुक्त इंचार्ज को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि किस परिस्थिति में गाड़ी को अंदर आने की अनुमति दी गई। साथ ही उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है। बताया गया कि वीडियो साझा करने वाले लालगंज विधानसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी के प्रतिनिधि कुंदन कुमार ने भी जांच में प्रस्तुत तथ्यों की पुष्टि की है।

## अब सीवान में फेंकी मिली वोट की पर्चियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** शहर के मौली मोहल्ले में रविवार को नाले के पास बड़ी संख्या में वोट की पर्चियां फेंकी हुई मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि इन पर्चियों पर महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के नाम लिखे हुए थे। जैसे ही लोगों की नजर इन पर्चियों पर पड़ी, कुछ ही देर में सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। स्थिति को देखकर स्थानीय प्रशासन में भी हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पर्चियां मिलने के बाद भीड़ ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और जिला पदाधिकारी से तत्काल जवाब की मांग की। लोगों का आरोप है कि इस तरह की घटनाएं वोट चोरी की ओर इशारा करती हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। फिलहाल पर्चियों को जब्त कर जांच शुरू कर दी गई है।

## परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रशासन सख्त

**सिवान।** यातायात नियमों की अनदेखी करने व शिथिलता बरतने वालों पर अब परिवहन विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभागीय निर्देश के मुताबिक स्टंटबाजी करने, मॉडिफाइड साइलेंसर लगवाने, बिना हेलमेट वा सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने जैसे मामलों में लगातार लापरवाही बरतने वालों को सर्वप्रथम ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद भी चालान बकाया रखा जाता है तो रजिस्ट्रेशन रद्द करने की कार्रवाई हो सकती है। वहीं, निर्देश मिलने के बाद जिला परिवहन विभाग द्वारा ऐसे वाहनों की सूची तैयार करनी शुरू कर दी गई है।

## डीएम ने प्रेस ब्रीफिंग में दिए निर्देश

### लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**अररिया।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार द्वारा जिले के सभी डिस्पैच सेंटरों पर संयुक्त रूप से पीठासीन पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में निर्वाचन कार्य को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न करने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने सभी पीठासीन एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ करने का निर्देश दिया। इसके साथ सभी पीठासीन पदाधिकारियों को रिपोर्टिंग से संबंधित कार्य भी ससमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

उन्होंने मतदान दिवस के दिन क्या करें, और क्या नहीं करें से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है। पुलिस बल के साथ-साथ केंद्रीय अर्द्धसैनिक बालों की भी तैनाती की गई है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

अररिया जिलांतर्गत सभी डिस्पैच सेंटरों पर यह ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से प्रत्येक बूथों के संबंधित मतदान दलों को ईवीएम एवं वीवीपैट के साथ रवाना करने किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान तिथि 11 नवम्बर 2025 (मंगलवार) को निर्धारित है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और भयमुक्त होकर मतदान करें।

# वापस लौटने की अफरातफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आरा।** रात के साढ़े नौ बज रहे हैं। आरा से मनोज तिवारी पुणे जाने वाली ट्रेन पकड़ने प्लेटफार्म नंबर दो पर परिवार के साथ मिले। ट्रेन रात 12 बजे आएगी, लेकिन रात में आटो मिलने में परेशानी के कारण पहले ही स्टेशन पहुंच गए, यहां चुनाव और पर्व के बाद काम पर लौटने वाले यात्रियों की भीड़ बहुत ज्यादा। कहने लगे, ठंड बढ़ने लगी और मच्छर तबाह कर रहे हैं, रेलवे ने अस्थायी टेंट भी नहीं यहां लगाया है, जहां यात्री विश्राम कर सकें।

रात 9:30 बजे से लेकर 12 बजे तक स्टेशन पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। मुंबई, दिल्ली, सूरत, अहमदाबाद, बेंगलुरु और हैदराबाद जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में यात्रियों को पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही थी। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की समाप्ति के बाद प्रवासी मजदूर बड़ी संख्या में अपने कार्यस्थलों की ओर लौट रहे हैं।

यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए रेलवे ने हरियाणा, आंध्र प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा सहित कई राज्यों के आरपीएफ जवानों को एक माह के लिए बिहार में तैनात किया है। इन जवानों को रात के समय गश्त और प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी। रात के समय सबसे बड़ी समस्या प्लेटफॉर्म नंबर दो और तीन पर वेटिंग हाल के अभाव में देखने को मिली।

महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग यात्री ठंड और मच्छरों के बीच खुले प्लेटफॉर्म पर बैठकर ट्रेनों का इंतजार करते रहे। कई यात्रियों ने अखबार व चिमकी बिछाकर फर्श पर रात बिताई। महिला यात्री रंजना देवी ने बताया कि प्लेटफॉर्म पर रोशनी भी अपर्याप्त थी, जिससे महिलाओं को असुरक्षित महसूस हुआ।

आरा जंक्शन से गुजरने वाली कई लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव केवल दो मिनट का है। इतनी भीड़ में इस कम समय में यात्रियों का चढ़ना और उतरना लगभग असंभव हो गया। कई यात्रियों की तो ट्रेन भी छूट जाती है।

रात में भीड़ बढ़ते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के नेतृत्व में जवानों ने प्लेटफॉर्म पर गश्त बढ़ा दी थी। यात्रियों को लाइन में लगकर चढ़ने की अपील की गई, लेकिन अफरातफरी इतनी थी कि कई लोग कोच के दरवाजे पर ही लटककर यात्रा करने लगे। रेल प्रशासन का कहना है कि चुनाव समाप्ति के बाद यात्रियों की संख्या अचानक बढ़ने से असुविधा हुई है। आने वाले दिनों में स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाएगी ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

रात 9:30 बजे से 12 बजे तक टिकट काउंटर और पूछताछ कक्ष पर यात्रियों की लंबी लाइनें लगी रहीं। तत्काल और वेटिंग टिकट के लिए मची मारामारी के बीच कई यात्री टिकट न मिलने से निराश होकर लौट गए। ऑनलाइन टिकट बुकिंग में भी सीटें फुल होने से लोगों को जनरल डिब्बों में सफर करने पर मजबूर होना पड़ा।

स्थानीय यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से प्लेटफॉर्म नंबर दो और तीन पर वेटिंग हॉल की तत्काल व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही, त्योहारी और चुनावी सीजन में विशेष ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की अपील की है। यात्रियों ने कहा कि अगर रेलवे ने समय रहते व्यवस्था की होती तो उन्हें इतनी परेशानी नहीं झेलनी पड़ती।

## बस-ट्रक से टकरायी, कई यात्री जख्मी

**मधुबनी।** जिले के भैरवस्थान थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर सरसवपाही कट के समीप रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से जा रही एक बस अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ट्रक में जा टकराई, जिससे बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कई यात्री घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों में दहशत फैल गई, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी की जान नहीं गई। अधिकतर लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

सूचना मिलते ही भैरवस्थान थानाध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही एंबुलेंस को बुलाया गया, लेकिन स्थानीय लोगों ने पहले ही घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया था। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। इसी दौरान ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

# दूसरे चरण के मतदान में 44 सीटों पर विरासत बचाने की जंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** दूसरे चरण के तहत मंगलवार को होने वाले मतदान में 44 सीटों पर जदयू के प्रत्याशी हैं। प्रत्याशियों की सूची में जदयू ने विरासत की राजनीति पर अपने को केंद्रित किया हुआ है। खुद की विरासत को संभालने के साथ-साथ कई मामले ऐसे हैं जिसके तहत विरासत में मिली राजनीति को संभालने की चुनौती है। वहीं, आधा दर्जन से अधिक प्रत्याशी ऐसे हैं जो पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं।

विरासत की राजनीति का आशय यह है कि संबंधित सीट पर जदयू के प्रत्याशी कई दशकों से लड़ रहे हैं और जीत रहे हैं। इस श्रेणी में वैसी सीटें भी शामिल हैं जिस पर जदयू के प्रत्याशी अपने स्वजन की सीट पर हैं। विरासत को संभालने वाली सीटों में सुपौल सीट से लड़ रहे बिजेंद्र प्रसाद यादव का नाम पहले नंबर पर है। उनके नाम यह रिकॉर्ड है कि वह ऊर्जा मंत्री के रूप में भी लगभग डेढ़ दशक से काम कर रहे हैं।

निर्मली से अनिरुद्ध प्रसाद यादव भी लंबी अवधि से विधायक हैं। अमौर से सबा जफर भी इसी श्रेणी में हैं। रानीगंज से अचमित ऋषिदेव व पिपरा से रामविलास कामत का भी इस श्रेणी में नाम लिया जा सकता है। दामोदर रावत भी कई विधानसभा चुनावों में झाझा से लड़ते रहे हैं। रफीगंज से प्रमोद कुमार सिंह भी इसी श्रेणी में हैं।

दूसरे चरण के चुनाव में जदयू प्रत्याशियों की सूची में कई नाम ऐसे हैं जिनके समक्ष विरासत में मिली राजनीति को संभालने की चुनौती है। इनमें कहलगांव सीट से लड़ रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सदानंद सिंह के पुत्र शुभानंद मुकेश, घोसी से जदयू के पूर्व सांसद अरुण कुमार के पुत्र ऋतुराज कुमार, नवीनगर से आनंद मोहन के पुत्र चेतन आनंद, चकाई से पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह के पुत्र सुमित कुमार सिंह, सिकटा से पूर्व विधायक दिलीप वर्मा के पुत्र समृद्ध वर्मा व बाबूबरही से मीना कामत का नाम शामिल है।

इनमें ऋतुराज कुमार, व समृद्ध वर्मा पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। पहली बार चुनाव लड़ने वालों में सोनम रानी सरदार, विशाल साह, सतीश साह, श्वेता गुप्ता, नागेंद्र चंद्रवंशी का नाम शामिल है।

दूसरे चरण के लिए जदयू के प्रत्याशियों की जो सूची है उनमें चार पूर्व सांसद भी शामिल हैं। इनमें काराकाट से महाबली सिंह, कदवा से दुलालचंद गोस्वामी व जहानाबाद से चंद्रेश्वर चंद्रवंशी का नाम शामिल है। गोपालपुर से लड़ रहे बुलो मंडल भी सांसद रह चुके हैं।

# नकली नोटों और मादक पदार्थ के साथ नाबालिग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाराचट्टी।** थाना क्षेत्र के शोभ गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को जाली नोट और मादक पदार्थ के साथ निरुद्ध किया है। यह कार्रवाई अनुष्का ज्वैलर्स के समीप की गई, जहां पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने के बाद छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने नाबालिग के पास से 20 हजार रुपये मूल्य के नकली नोट और करीब पांच ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया।

बरामद किए गए नोट सभी दो-दो हजार और पांच-पांच सौ के नोटों के रूप में थे, जिनकी पहली नजर में पहचान करना मुश्किल था। फिलहाल, पुलिस ने नोटों को जब्त कर जांच के लिए फॉरेंसिक विभाग को भेज दिया है।

मामले की पुष्टि प्रशिक्षु डीएसपी पिंकी कुमारी ने की है। उन्होंने बताया कि बाराचट्टी थाना पुलिस को लंबे समय से शोभ क्षेत्र में नकली नोटों के लेन-देन और नशे के अवैध कारोबार की सूचना मिल रही थी।

उसी के आधार पर यह छापेमारी की गई। प्रारंभिक पूछताछ में नाबालिग ने यह स्वीकार किया है कि वह किसी अज्ञात व्यक्ति के कहने पर नकली नोट लेकर बाजार में खर्च करने की कोशिश कर रहा था। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इन जाली नोटों की आपूर्ति कहां से और किस चैनल के माध्यम से हो रही थी।

डीएसपी पिंकी कुमारी ने कहा कि नाबालिग होने के कारण उसके स्वजन को सूचित कर दिया गया है और मामले की जानकारी बाल संरक्षण इकाई को भी दी जा रही है। बरामद मादक पदार्थ की जांच कराई जा रही है, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि वह किस प्रकार का नशा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिकी की जा चुकी है और जाली नोटों के गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है और आस-पास के बाजारों में भी निगरानी तेज कर दी गई है।

## मतदान दलों को किया रवाना

**अररिया।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत अररिया जिले के सभी 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 46-नरपतगंज, 47-रानीगंज (अ०जा०), 48-फारबिसगंज, 49-अररिया, 50-जोकीहाट एवं 51-सिकटी में दिनांक 11 नवम्बर 2025 को होने वाले मतदान के लिए सोमवार को सभी मतदान दलों को संबंधित डिस्पैच सेंटर से विधिवत रूप से रवाना किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार की उपस्थिति में जिले के विभिन्न डिस्पैच सेंटरों से मतदान दलों को ईवीएम, वीवीपैट एवं आवश्यक मतदान सामग्री के साथ रवाना किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराने की दिशा में सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने मतदान कर्मियों को समय पर मतदान स्थल पर पहुँचने, सभी प्रक्रियाओं का पालन करने एवं किसी भी समस्या की सूचना नियंत्रण कक्ष को तुरंत देने के निर्देश दिये हैं।

# रांची से दरभंगा ले जायी जा रही शराब की खेप बरामद

### दो चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बिहार-झारखंड की सीमा पर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग ने रविवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रांची से दरभंगा जा रही पीहू बस से शराब जब्त की। जांच अभियान का नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे थे।

देर रात करीब ढाई बजे बस की नियमित जांच के दौरान स्लीपर सीट नंबर एक पर बैठे दो यात्रियों से 750 एमएल की दो बोतल शराब बरामद हुई।

कड़ाई से पूछताछ के बाद यात्रियों ने खुलासा किया कि बस की बाईं ओर स्थित डिक्की में चार बैगों में और शराब छिपाकर रखी गई है। उत्पाद बलों ने डिक्की की तलाशी ली, जहां से ऑफिसर च्वाइस ब्रांड की



750 एमएल वाली कुल 94 बोतलें बरामद की गईं। जब्त शराब की कुल मात्रा लगभग 72 लीटर आंकी गई है।

उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान दरभंगा जिले के विशुनपुर थाना क्षेत्र के उखरा गांव निवासी रौशन कुमार व अमित कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। दोनों ने स्वीकार किया कि वे शराब को रांची से दरभंगा बेचने के उद्देश्य से ले जा रहे थे।

इस मामले में बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कार्रवाई के दौरान उत्पाद बलों के साथ गृह रक्षक के जवान भी तैनात थे।

# जमीन विवाद में चाचा की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** दो धुर गैर मजरूआ जमीन को लेकर हुए विवाद ने एक परिवार में हृदय विदारक घटना को जन्म दिया है। हरनौत थाना क्षेत्र के फलहनवा निवासी 48 वर्षीय चंद्रदीप प्रसाद की सोमवार सुबह गोली मार कर हत्या कर दी गई। हत्या के मुख्य आरोपित उनके ही भतीजे भुवनेश्वर यादव हैं। मामले में भुवनेश्वर के पुत्र और पत्नी समेत अन्य परिवार के सदस्यों का भी नाम पुलिस ने दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, घटना के दिन चंद्रदीप अपने घर के निकट खलिहान में धान की फसल समेट रहे थे। उसी दौरान जमीन के विवाद को लेकर उनके भतीजे और अन्य परिजनों के साथ विवाद हुआ।

झगड़े के दौरान भुवनेश्वर ने चाचा पर गोली चला दी, जो सीधे चंद्रदीप के चेहरे पर लगी। घायल चंद्रदीप को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हरनौत के डीएसपी संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि हत्या गोतिया क्षेत्र की जमीन विवाद के कारण हुई।

मृतक और आरोपी दोनों ही उस जमीन पर दावा करते थे। थानाध्यक्ष अमरदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत अनुसंधान शुरू कर दिया गया।

घटना स्थल पर पुलिस और अपराध अनुसंधान प्रयोगशाला की टीम ने साक्ष्य एकत्र किए।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, मृतक की पत्नी ने बताया कि खलिहान में धान के पुंज लगाने के दौरान अचानक हमला हुआ। हमले के बाद आरोपी पक्ष के लोग घर छोड़कर भाग गए। पुलिस अब उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

जमीन और रिश्तों के बीच हुए इस खूनी विवाद ने नालन्दा जिले में एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि संपत्ति और पारिवारिक विवाद अक्सर कैसे इंसानी रिश्तों को नष्ट कर देते हैं।

# साइबर ठगों ने खाते से उड़ाये 56 हजार रुपये


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** इंटरनेट मीडिया के द्वारा आनलाइन खरीदारी बखरी नगर के वार्ड 15 निवासी जाकिर हुसैन को महंगी पड़ गई। साइबर ठगों ने उनके खाते से 56 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने मामले की आनलाइन शिकायत साइबर थाना बेगूसराय में की है।

पीड़ित जाकिर ने बताया कि उनके बच्चों ने इंटरनेट मीडिया पर एक विज्ञापन देखकर 10 दिन पूर्व सूट का आर्डर किया था। एक सप्ताह तक सामान नहीं पहुंचने पर बच्चों द्वारा संबंधित व्यक्ति से संपर्क किया गया। तब फोन नहीं उठाया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को वे घर पर नहीं थे।

इसी बीच 9306127532 नंबर से उस व्यक्ति का फोन आया। उसने अपने को सूरत से जारा कंपनी के शब्बीर के रूप में पहचान बताई। उधर से कहा गया कि आपका आर्डर रद्द कर दिया गया है। पैसा आपके खाते में वापस कर दिया जाएगा। इसके बाद ठगों ने एक लिंक भेजा, जिसे बच्चों ने अनजाने में क्लिक कर दिया।

फिर उधर से खाता नंबर मांगा गया। उसके मिलने पर ठगों ने उक्त खाता पर एक रुपये भेजकर बच्चों से कंफर्म करवाया और एक बटन को दबाने को कहा गया। उक्त बटन के दबाते ही खाते से पैसा गायब हो गया। तब ठगों ने बच्चों को कहा कि तुम लोग गलत बटन दबा दिए हो। इसलिए पैसा जाने के बजाय मेरे खाते में आ गया है, इसे वापस कर रहा हूं। कुछ देर के बाद उधर से कहा गया कि मेरा खाता दूसरे टाइप का है। चूंकि आपके खाते में राशि नहीं है, इसलिए इधर से राशि ट्रांसफर नहीं हो रही है। अतः दूसरा कोई खाता हो तो भेजें। तब बच्चों ने दूसरा खाता भी दे दिया।



उधर से उक्त खाता में राशि भेजने के नाम पर वही प्रक्रिया करवाई गई। इससे उस खाते से भी राशि निकाल ली गई। इस तरह ठगों ने उनके दो अलग-अलग बैंक खातों से कुल 56 हजार उड़ा लिए। इनमें पंजाब नेशनल बैंक से 33 और बैंक आफ इंडिया से 23 हजार रुपये हैं।

घटना को लेकर लोगों में चर्चा हो रही है। साथ ही उनके लिए एक सबक भी है कि मोबाइल पर किसी भी संदिग्ध लिंक के प्रति हमेशा सावधान रहें। साइबर ठग पैसा उड़ाने के लिए अलग अलग हथकंडे अपनाते हैं।

## जदयू को दिया वोट तो परिवार पर बरसे डंडे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोवां गांव के पोखरा टोला में एक परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। श्याम नारायण पासवान की पत्नी निधि देवी ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि भाकपा माले की बजाय जनता दल यूनाइटेड को वोट देने से नाराज कुछ लोगों ने आठ नवंबर की शाम उनके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में कई लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर है और उसका इलाज पटना में चल रहा है। उनके बयान पर पुलिस ने सत्येंद्र महतो, नीरज महतो, राजन, मिथिलेश सहित 17 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी की है। महिला ने बताया कि आरोपित जातिसूचक गालियां देते हुए चिल्ला रहे थे। महिला ने बताया कि आरोपितों ने पहले उनके देवर पर हमला किया और बाद में उनको बचाने पहुंचे ससुर पर भी जानलेवा हमला हुआ। स्थानीय थाना मामले की जांच कर रहा है।

# चुनाव में अब तक 1 करोड़ 80 लाख रुपये जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम ।** गत माह छह अक्टूबर को विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद अब तक जिले में चलाए गए विशेष अभियान में 180.09 लाख रुपये नकद बरामद किया गया है। चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन एवं निर्वाचन व्यय पर निगरानी के लिए गठित स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) एवं व्यय प्रेक्षण प्रकोष्ठ द्वारा जिले में चलाए गए सतत अभियान में जिला प्रशासन को यह सफलता मिली है।

जब्ती रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में उल्लेखनीय जब्ती की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार अब तक जिले में 180.09 लाख नगद, 144.68 लाख रुपये की शराब जब्त की गई है। इसके अतिरिक्त 6772 ग्राम गांजा बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 4.39 लाख बताई जाती है। वहीं अन्य वस्तुओं एवं सामग्री की जब्ती का कुल मूल्य 9.43 लाख आंका गया है।

सर्वाधिक नगद जब्ती 31.75 लाख रुपये तथा अन्य वस्तुओं की जब्ती 87 संख्या में दर्ज किए गए हैं। यह कार्रवाई चेनारी, दिनारा, काराकाट, करगहर ,नोखा, डेहरी और सासाराम विधानसभा क्षेत्रएसएसटी एवं व्यय प्रकोष्ठ के संयुक्त प्रयास से की गई है। निर्वाचन व्यय प्रेक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी, संयुक्त आयुक्त, राज्य कर द्वारा बताया गया कि सभी टीमों को सतत सक्रिय रखा गया है तथा किसी भी प्रकार के अनधिकृत धन, सामग्री या प्रलोभन के उपयोग को रोकने हेतु सघन जांच अभियान जारी है।

जिला प्रशासन द्वारा चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष बनाए रखने के लिए सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अवैध लेनदेन की सूचना तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष या संबंधित प्रकोष्ठ को दें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी उदिता सिंह ने बताया कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने को ले प्रशासन प्रतिबद्ध है। जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के 15 प्राथमिकी दर्ज की गई है। चेनारी में एक, सासाराम व नोखा में शून्य, करगहर, काराकाट व दिनारा में तीन-तीन, डेहरी में पांच प्रत्याशियों पर आचार संहिता की प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## प्रखण्ड शिक्षक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा

**सहरसा।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के चारों विधानसभा का चुनाव छह नवबर को हो गया है। आगामी 14 नवंबर को मतगणना होगी। इधर, विधानसभा चुनाव को ही लेकर इंटरनेट मीडिया पर प्रखंड शिक्षक द्वारा चुनाव से संबंधित पोस्ट डालने पर प्रशासन ने कार्रवाई की है।

जिले के कहरा प्रखंड के बलहा- गढ़िया मध्य विद्यालय के प्रखंड शिक्षक शैलेश कुमार झा के विरुद्ध शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी स्तर से यह कार्रवाई करने का निर्देश मिलने के बाद विभाग कार्रवाई करने में जुटा है।

मामले को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र ने कहरा प्रखंड के कार्यपालक पदाधिकारी, पंचायत समिति सह सदस्य सचिव प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई को पत्र लिखकर प्रखंड शिक्षक शैलेश कुमार झा के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करने की अनुशंसा की है।

# सम्राट चौधरी के खिलाफ आधारहीन आरोप लगाने वालों को सुप्रीम कोर्ट ने दिया झटका

## विपक्ष गलत बयानी और कोर्ट को परेशान करने वाली हरकतों से बाज आए : नीरज कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी इस बात से बेहद संतुष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर 2025 को बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। भाजपा के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि यह फैसला न केवल हमारे नेता की सत्यनिष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है, बल्कि उन तमाम राजनीतिक षड्यंत्रों को भी ध्वस्त करता है जो कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा रची जा रही थीं।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से, विशेषकर बिहार में चुनाव घोषणा के बाद उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की आयु और शैक्षिक योग्यता को लेकर विपक्षी दलों और कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अनाप-शनाप आरोप लगाए जा रहे थे। इन आरोपों का एक हिस्सा एक याचिका के रूप में सुप्रीम कोर्ट में पेश किया गया जिसमें तारापुर विधानसभा क्षेत्र से उनकी चुनाव प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की गई थी। यह याचिका हैदराबाद के एक कथित बिजनेसमैन और सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा दायर की गई थी जिन्होंने अपनी वार्षिक आय पांच लाख रुपये से कम बताई जबकि उनके वकील की फीस उनके दावे से कहीं अधिक थी। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि यह मामला किसी षड्यंत्र का हिस्सा था जिसका उद्देश्य बिहार की जनता को गुमराह करना और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करना था। भाजपा नेता नीरज कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से सुना और निपटारा करते हुए स्पष्ट किया कि राजनीतिक मुद्दों को कोर्ट से दूर रखना चाहिए। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को मजबूरन याचिका वापस लेने के लिए कहा और इस मामले को पुनः कोर्ट में चुनौती देने की अनुमति भी नहीं दी। उन्होंने कहा यह फैसला न केवल सम्राट चौधरी के चरित्र पर लगे आरोपों को खारिज करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सत्य और न्याय हमेशा विजयी होता है। भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने बिहार की जनता से अपील किया है कि वे इस तरह के आधारहीन और राजनीति से प्रेरित अभियानों से सावधान रहें। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बिहार के विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनकी मेहनत और ईमानदारी को बिहार की जनता अच्छी तरह से समझती है। हमारा नारा है -''यतो धर्मस्ततो जयः'' और ''सत्यमेव जयते''। उन्होंने विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा कि वे ऐसी गलत बयानी और कोर्ट को परेशान करने वाली हरकतों से बाज आएं और बिहार के विकास में योगदान दें। भारतीय जनता पार्टी इस मामले में अपने नेता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और भविष्य में भी सत्य के रास्ते पर चलते हुए जनता की सेवा करती रहेगी।

# लोकतंत्र का महापर्व है चुनाव, वोट दें, अपनी भागीदारी निभाएं : नीतू नवगीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के लिए कराए जा रहे चुनाव के तहत दूसरे चरण का मतदान मंगलवार को होगा। मतदाता जागरूकता अभियान की स्वीप आइकॉन डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के मतदाताओं से आग्रह किया है कि जिस प्रकार का उत्साह प्रथम चरण के मतदान के दौरान सभी ने दिखाया है, वैसा ही उत्साह दूसरे चरण के मतदान के दौरान भी दिखाएं। दूसरे चरण के दौरान बिहार राज्य में 20 जिलों की 122 सीटों पर मतदान होगा। 3 करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाताओं की सूची तैयार है जिन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। इसके लिए 45399 बूथ तैयार किए गए हैं। चुनाव आयोग और प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी की गई है, लेकिन जनता की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। स्वीप आइकॉन नीतू नवगीत ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व चुनाव है। जन-जन की भागीदारी से ही यह महापर्व यादगार और शानदार बनता है। इस महापर्व से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी मतदाताओं से कहा कि मिलजुल कर मतदान करें और वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाएं। हर मतदाता महत्वपूर्ण है और हर वोट कीमती है। लोकतंत्र में अपनी ताकत दिखाएं। मतदान बूथ पर आकर अपना कर्तव्य निभाएं तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के सबसे बड़े अधिकार का प्रयोग करते हुए अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करें। चुनाव आयोग द्वारा वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप आइकॉन के रूप में प्रतिष्ठित लोगों को जिम्मेदारी दी जाती है। बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत को चुनाव आयोग ने पटना जिले का स्वीप आइकॉन बनाया है। 6 नवंबर को 121 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हुआ था जिसमें 64.66% लोगों ने मतदान किया था। नीतू नवगीत ने उम्मीद जताई कि दूसरे चरण में और अधिक संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आगे आएंगे और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

# दुनिया की पहली टेलीसर्जन कोंसोल एसएसआईआई मंत्रासन लॉन्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आधुनिक सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के डेवलपर एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल जो रोबोटिक सर्जरी को दुनिया में किफायती एवं सुलभ बनाने के लिए प्रयासरत है ने एक बार फिर से इनोवेशन की सीमाओं को पार करते हुए दुनिया के पहले टेलीसर्जन कोंसोल एसएसआईआई मंत्रासन का अनावरण किया है। मंत्रासन, दुनिया का पहला पूरी तरह से इंटीग्रेटेड, अर्गोनोमिक एवं पोर्टेबल टेलीसर्जरी कोंसोल है जो रिमोट प्रेसीजन के साथ रोबोटिक्स क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव है। यह दर्शाता है कि किस तरह सर्जिकल विशेषज्ञता को किसी भी विशेष सर्जन के ऑफिस से टेलीसर्जन कोंसोल के छोटे डिजाइन तक विस्तारित किया जा सकता है जिससे टेलीसर्जरी करने के लिए पूरे ऑपरेटिंग रूम को सर्जन कोंसोल से जोड़ने की जरूरत नहीं रहती। रोबोटिक टेक्नोलॉजी का यह इनोवेशन सर्जिकल केयर में महत्वपूर्ण है जिसके द्वारा विशेषज्ञ सर्जन कॉम्पैक्ट, सेल्फ-कंटेन्ड रोबोटिक सिस्टम



के जरिए रिमोट से संचालन कर सकते हैं। खास बात यह है कि इसे भारत में डिजाइन एवं निर्मित किया गया है। कार्यक्रम में मेडिकल एवं सर्जिकल क्षेत्र से जाने-माने विशेषज्ञ डॉ सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक एवं चेयरमैन, एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, डॉ सुधीर रावल, मेडिकल डायरेक्टर, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रीसर्च सेंटर, डॉ विश्वा श्रीवास्तव, सीईओ, एपीएसी, एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, डॉ ललित मलिक, चीफ कार्डियक सर्जन, जयपुर मणिपाल हॉस्पिटल, डॉ सोमशेखर, एसपी, चेयरमैन, मेडिकल अडवाइजरी बोर्ड, एस्टर डीएम हेल्थकेयर, जीसीसी एंड इंडिया और डॉ वेंकटेश मुनिकृष्णन, कन्सलटेन्ट कोलोरेक्टल एंड रोबोटिक सर्जन, अपोलो हॉस्पिटल्स आदि मौजूद रहे। लॉन्च के मौके पर डॉ सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक एवं चेयरमैन, एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल ने बताया कि टेली सर्जन कोंसोल के साथ हमने आधुनिक सर्जिकल केयर को सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

## सम्राट चौधरी ने चुनाव प्रचार में एनडीए को भरपूर प्यार और स्नेह दिए जाने पर जनता को दिया धन्यवाद

# एनडीए ने युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार की चिंता की : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का परिणाम 2010 के चुनाव परिणाम की पुनरावृत्ति होगी। पटना स्थित भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री बिहार आए और एनडीए के पक्ष में प्रचार किया। सभी को बिहार की जनता का प्यार और स्नेह मिला। उन्होंने कहा कि पहले चरण का जो चुनाव हुआ उसमें लगभग 100 सीटें एनडीए के खाते में आ रही है और लालू यादव के परिवार का कोई व्यक्ति चुनाव नहीं जीत रहा है। उन्होंने आगे एनडीए और बिहार की जनता को धन्यवाद देते हुए विश्वास जताया कि दूसरे चरण में भी लोग




बढ़-चढ़कर मतदान करेंगे और एनडीए को भारी बहुमत से विजयी बनाएंगे। उन्होंने कहा जब हम लोग रैलियों में जाते थे तब स्पष्ट लगता था कि बिहार में लालटेन युग समाप्त हो गया। जनता यह कहती है कि अब न दुकान में लालटेन मिलती है और न किसी के घर में। मोदी जी और नीतीश जी के युग में क्षेत्र में एलइडी बल्ब युक्त है और उस पर भी 125 यूनिट लगभग एक करोड़ 70 लाख परिवार के घरों में पिछले 4 महीने से बिजली बिल नहीं आया। यह ऐतिहासिक फैसला रहा। उन्होंने आगे महिलाओं को 10 हजार रुपये दिए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि कुछ लोग लालटेन वाले गुमराह करते थे कि इस पर सूद देना होगा और यह पैसा वापस करना होगा। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और हम लोगों ने भी इसका जोरदार खंडन किया। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए ने युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार की चिंता की, उन्हें उद्यमी बनाने की शुरुआत की। ईबीसी वर्ग के लिए अलग से सुप्रीम कोर्ट के जज की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया जिसमें कई वर्गों को जोड़ने का काम किया गया। उन्होंने प्रचार अभियान में मिले समर्थन के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि लोकतंत्र में जनता तय करती है कि कौन कहां बैठेगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह गांधी परिवार का सत्ता नहीं है जिसमें राहुल गांधी की माताजी भी सुपर पावर रही, पिताजी भी प्रधानमंत्री रहे, उनकी दादी जी 13 साल प्रधानमंत्री रही, दादी के पिताजी 17 साल प्रधानमंत्री रहे और तब भी राहुल गांधी बैठकर रो रहे हैं। 55 साल तक कांग्रेस पार्टी ने भारत को लूटा है। जनता सभी पापों का हिसाब करती है। हम आरक्षण मंडलवादी भी हैं और कमंडलवादी भी हैं।

# मधुमेह केवल दवा से नहीं, जीवनशैली से भी नियंत्रित करें : डॉ सुभाष कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा विश्व मधुमेह दिवस की पूर्व संध्या पर जागरूकता एवं निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन गुरुवार 13 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने बताया कि यह आयोजन सुप्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ सुभाष कुमार के सौजन्य से पूर्वी बोरिंग कैनाल रोड स्थित श्री रामकुंज अपार्टमेंट के मधुमेह एवं मोटापा केयर सेंटर में किया जायेगा। मौके पर बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने कहा कि इस शिविर में मधुमेह की जांच के साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवा भी दी जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि मरीजों की जांच डॉ सुभाष कुमार द्वारा की जाएगी तथा निःशुल्क दवा भी दी जाएगी। साथ ही शिविर में प्रसिद्ध डाइटीशियन डॉ सुमिता कुमारी द्वारा मरीजों को खान-पान संबंधी पूरी जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही जागरूकता कार्यक्रम के तहत डॉ सुभाष कुमार द्वारा मधुमेह रोग से बचाव के बारे में तथा डॉ सुमिता कुमारी द्वारा बताया जाएगा कि खानपान एवं जीवनशैली के द्वारा मधुमेह से कैसे बचा जाए।

# एनडीए ने नकारात्मक तो इंडी महागठबंधन ने सकारात्मक मुद्दों पर लड़ा चुनाव : डॉ सैय्यद

## बिहार के विकास के लिए महागठबंधन को जनता दें एक मौका: डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के होटल मौर्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर जनता से एनडीए के 20 वर्षों के मुकाबले 5 साल का मौका मांगा और दूसरे चरण में भी इंडिया महागठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील की है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सैय्यद नासिर हुसैन ने कहा कि बिहार विधानसभा में चुनाव प्रचार इस बार अलग रहा जहां 20 वर्षों से शासन करने वाला गठबंधन लगातार नकारात्मक बातों का इस्तेमाल अपने प्रचार में करता रहा वहीं हमारा इंडिया महागठबंधन लगातार सकारात्मक मुद्दों पर स्थिर रहा। हमारे नेताओं ने लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पलायन रोकने और महिलाओं के हितों में, अपराध, भ्रष्टाचार और कमीशन के खिलाफ अपने वक्तव्यों को रखा। कमोबेश 20 सालों की नीतीश भाजपा सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखने से पूरे चुनाव में बचती रही और बार-बार विपक्ष को निशाने पर लेकर जनता के बीच भाषाई मर्यादा को तार-तार कर दिया जब भी हमने उन्हें मुद्दों पर घेरा तब वे लोग बहानेबाजी कर निकलना चाहे। यह ठीक स्कूल के उस बच्चे की तरह रहा जो फेल होने पर अपना परीक्षा रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखाता और स्कूल, शिक्षक और परिस्थितियों को दोष देने लगता है। प्रधानमंत्री से लेकर मंत्री और स्थानीय नेता तक कट्टा, घुसपैठिया, हरामखोर, गुंडा और क्या-क्या बोल चुनावों में जनता के समक्ष पेश हुए। बिहार को विकास चाहिए ये औद्योगिक, सामाजिक और आर्थिक के साथ युवाओं को रोजगार की आवश्यकता है। बिहार से सबसे ज्यादा पलायन का दंश हमारे लोग झेलने को मजबूर हैं जबकि इस पर राज्य की एनडीए सरकार मौन साध लेती है। बिहार से सस्ते मजदूर को पलायन करने को मजबूर किया जाता है और उन्हें कार्यस्थल पर हिंसा और शोषण का शिकार होना पड़ता है जब हमने चुनावों में संविदा कर्मियों को नियमित और नए रिक्तियों को भरने की बात कही तो सत्ता पक्ष ने नाटकीय ढंग से कहा कि ईश्वर भी इन रिक्तियों को नहीं भर सकते हैं। हम बिहार के युवाओं को नौकरियां देने को प्रतिबद्ध हैं, लेकिन सत्ता पक्ष ने पूरे चुनाव में हम नौकरियां कैसे देंगे हताशा निराशा में आकर उल्टा हमसे ही सवाल करने लगी। बिहार की जमीन उपजाऊ है और इसका सार्थक इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन यहां के मुख्यमंत्री और उनकी सहयोगी भाजपा लैंड लॉक राज्य का हवाला देकर विकास में पिछड़ने पर रोने लगती है। राष्ट्रीय महासचिव सांसद डॉ सैय्यद नासिर हुसैन ने कहा कि बिहार की जनता हमें केवल 5 साल दें और हम सभी वादों को अक्षरशः पूरा करेंगे। अपराध पर बोलते हुए डॉ सैय्यद नासिर हुसैन ने कहा कि बिहार में व्यवसायी, महिला, युवा और आम जनता सभी अपराध से त्रस्त हैं। भाजपा और एनडीए पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि पांच साल में एक बार घुसपैठियों पर इनकी नजर जाती है जबकि बिहार में दो सबसे बड़े घुसपैठिए आए हुए हैं जो गुजरात के दो और घुसपैठिए को देश-विदेश में ठेके दिलाने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। ये लड़ाई वैचारिक है जो दो सोच के बीच है, इसलिए बिहार की आम जनता अपना वोट बर्बाद न करें और इंडिया महागठबंधन को चुनकर पांच साल का मौका दें।

# पटना वीमेंस कॉलेज में 21 दिसंबर को होगी एलुमिनाइ मीट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना वीमेंस कॉलेज में सोमवार को पूर्व छात्र संघ की आमसभा का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न बैचों की लगभग 100 पूर्व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व छात्र संघ की अध्यक्ष डॉ अमीता जायसवाल ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और सत्र का नेतृत्व किया। उन्होंने एसोसिएशन की उपलब्धियों (2025) और 2026 के लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने आने वाले एलुमिनाइ मीट 2025 की तारीख की घोषणा की जो 21 दिसंबर 2025 को आयोजित होगी। उन्होंने सभी सदस्यों से सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। बैठक में क्लास ऑफ 1975 (1975 बैच) की गोल्डन जुबली मनाते हुए उनकी पुरानी यादों पर एक विशेष प्रस्तुति दी गयी। मगध महिला कॉलेज की पूर्व प्राचार्या और पटना वीमेंस कॉलेज की पूर्व छात्रा डॉ आशा सिंह ने कॉलेज में बिताये अपने समय को याद किया। इतिहास विभाग की पूर्व अध्यक्ष और पटना विश्वविद्यालय की सेवानिवृत्त डॉ माया शंकर ने अगले महीने होने वाले एलुमिनाइ मीट के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिया। इनमें बाहर से आने वाली पूर्व छात्राओं के लिए आवास की सुविधा, व्यवस्थित रात्रि भोजन की व्यवस्था, और कॉलेज के अंदर काम कर रही पूर्व छात्राओं को आजीवन सदस्यता लेने और उसे बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल था। राजनीति विज्ञान विभाग की सिमरन ने बताया कि एलुमिनाइ मीट 2025 की थीम रेट्रो टू मेट्रो रखी गयी है। इसमें समूह गान, रेट्रो थीम पर प्रदर्शन, लोक नृत्य, कव्वाली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी। जनसंचार विभाग की अध्यक्ष रोमा ने एसोसिएशन के न्यूजलेटर मेलक पर प्रकाश डाला और पूर्व छात्राओं को इसके वार्षिक प्रकाशन के लिए अपने लेख और रचनाएं देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# प्राकृतिक सामग्री से बनी कलाकृतियों के उपयोग के लिए बच्चों को किया जायेगा जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सीबीएसइ स्कूलों के स्टूडेंट्स को प्राकृतिक सामग्री से बनी कलाकृतियों के उपयोग को लेकर जागरूक किया जायेगा। सीबीएसइ ने स्कूलों को कहा है कि वे स्कूलों के इको क्लब के माध्यम से स्टूडेंट्स में जागरूक फैलाएं। जागरूकता के साथ-साथ छोटी प्राकृतिक सामग्री से बनी मूर्तियां और कलाकृतियां बनाने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया है। बोर्ड ने स्कूलों को कक्षाओं के स्तर के हिसाब से अलग-अलग गतिविधियां भी सुझायी हैं। सीबीएसइ के अनुसार विभिन्न आयोजनों में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) कलाकृतियों का उपयोग किया जा रहा है। पीओपी मूर्तियां गैर-जैव निम्नीकरणीय और जल में अघुलनशील होती हैं। स्वच्छ जल के लिए इको आर्ट विसर्जन के समय ये जिप्सम और रासायनिक पेंट से विषाक्त भारी धातुओं जैसे हानिकारक पदार्थों को जल निकायों में छोड़ती हैं। इससे जल में ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाता है। जलीय जीवन खतरे में पड़ जाता है, पेयजल स्त्रोत दूषित हो जाते हैं और अक्सर आसपास रहने वाले लोगों में त्वचा और श्वसन संबंधी स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस समस्या के समाधान के लिए प्राकृतिक सामग्रियों से बनी कलाकृतियों का उपयोग किया जा सकता है जो जल में आसानी से घुल जाती हैं और प्रदूषण नहीं फैलता है। बोर्ड ने इस संबंध में स्कूलों को कहा है कि वह चर्चाएं, वाद-विवाद, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएं, सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम, व्यावहारिक कार्यशालाएं आयोजित करें। इनमें छात्रों को अपनी छोटी प्राकृतिक सामग्री से बनी मूर्तियां और कलाकृतियां बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाये, ताकि स्टूडेंट्स को लाभ मिल सके।

# आइएफएस का एडमिट कार्ड जारी, परीक्षा 16 से 23 तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** यूपीएससी ने भारतीय वन सेवा (आइएफएस) मेन परीक्षा 2025 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार वेबसाइट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। भारतीय वन सेवा मुख्य परीक्षा का आयोजन 16 से 23 नवंबर तक किया जोगा। परीक्षा दो शिफ्टों में होगी। पहली शिफ्ट सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रिंट किया हुआ एडमिट कार्ड और एक मान्य फोटो पहचान पत्र लेकर जाना अनिवार्य होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी गयी कि वे परीक्षा केंद्र का स्थान एक दिन पहले जाकर देख लें ताकि परीक्षा के दिन कोई परेशानी न हो।

# लोकतंत्र को राहुल गांधी और लालू यादव का परिवार मजाक बना दिया : सम्राट चौधरी

## एनडीए भ्रष्टाचार, अराजकता, रूल ऑफ लॉ से कभी समझौता नहीं कर सकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के लोग जंगलराज के रूप में अमावस्या की रात देख चुके हैं, अब पूर्णिमा की रोशनी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार विकास के पथ पर चल रहा है। उन्होंने मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि राजद कंफ्यूज भी दिखती है और डिफ्यूज भी है। तेजस्वी यादव को राजद का दूसरा प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि वे जनवरी से घोषणा पत्र जारी कर रहे हैं। कई बार वे घोषणा पत्र जारी किए। उन्होंने कहा कि जनता जानती है कि लालू यादव का परिवार लूटने, अराजकता, भ्रष्टाचार के लिए जाना जाता है। ये लोग चुनाव हारने के डर से चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में राजद कहीं लड़ाई में नहीं दिखता है। महागठबंधन के लोग कंफ्यूज हैं। राहुल गांधी तो अभी से ही वोट चोरी का नारा देने लगे हैं। विकास के मुद्दे को लेकर उन्होंने कहा कि 2005 से 2020 तक सड़कों को देखा जाए तो जिस बिहार में आठ हजार किलोमीटर सड़क नहीं थी, वहां करीब 1.50 लाख किलोमीटर सड़क बनी है। उन्होंने बिजली, पेयजल, मेडिकल कॉलेज को लेकर कहा कि यह विकास दिखता है। उन्होंने कहा कि आज बिहार के 38 जिलों में मेडिकल कॉलेज खुलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। गंगा में तब चार पुल थे, आज आठ बन चुके और आठ निर्माणाधीन हैं। उन्होंने अनाज के उत्पादन में वृद्धि को लेकर भी आंकड़ों के जरिए बताया। यह बदला हुआ बिहार है, अब कोई कंफ्यूज है तो उसे कुछ नहीं किया जा सकता है। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जनता ने भी तय कर लिया है कि इनसे कुछ नहीं हो सकता। ये लोग जनता की भलाई के लिए कुछ नहीं कर सकते, ये सिर्फ अपने लिए कर सकते हैं। उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल पर लगाए गए आरोपों को लेकर कहा कि वे कभी भी मेडिकल कॉलेज के मालिक नहीं हो सकते, कोई ट्रस्टी हो सकता है, मालिक नहीं हो सकते। खुद पर लगे आरोपों को लेकर भी उन्होंने कहा कि इस पर न्यायालय अपना काम कर रही है। 30 साल से ये आरोप लगते रहे हैं। उन्होंने कहा मैं लालू यादव के अत्याचार से राजनीति में आया। अगर वे जेल नहीं भेजा होता तो मैं राजनीति में भी नहीं आता। उन्होंने साफ कहा कि राहुल गांधी या लालू यादव का परिवार हो, ये लोकतंत्र को मजाक बनाना चाहते हैं। जनता जानती है कि ये भ्रष्टाचारी हैं और भ्रष्टाचार के प्रतीक भी हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार बनेगी तो हम अदालत जाकर आग्रह करेंगे कि चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब, बाढ़ घोटाला, अलकतरा घोटाला में जो जमीन जब्त किया गया है, उस पर स्कूल और कॉलेज खोले जाएं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, अराजकता, रूल ऑफ लॉ से कभी समझौता नहीं हो सकता है। बिहार के आम लोगों के लिए एनडीए काम करती रहेगी। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी वे बढ़-चढ़कर मतदान करें और एनडीए सरकार बनाकर बिहार में कानून का राज, विकास को देखते हुए बिहार आगे बढ़ाएं। बिहार और विकसित होगा, बिहार और आगे बढ़ेगा। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि पहले लालू यादव पंजीकृत अपराधी हैं। पहले उन्हें जेल में डालें। उन्होंने तेजस्वी यादव के बिना नाम लिए कहा कि उन्हें जिस चीज का हिसाब लेना है, कल 11 बजे इसी हॉल में आ जाएं जिस भी मुद्दे पर जवाब लेना है, जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं और आगे रहेंगे। इसमें कोई कन्फ्यूजन नहीं है। प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी एवं विधान पार्षद डॉ. संजय मयूख और प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल उपस्थित रहे।

# संपादकीय

# ‘महिलाओं पर केंद्रित’ चुनाव

बिहार में कल द्वितीय चरण का मतदान है। विधानसभा की कुल 243 में से 121 सीटों पर जनता अपना जनादेश दे चुकी। अगले चरण के मतदान के दौरान 11 नवंबर को 122 सीटों पर चुनाव है और 14 नवंबर को जनादेश अंतिम रूप से सार्वजनिक कर दिया जाएगा। चुनाव में अभी तक जो गौरतलब रहा है, वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शख्सियत है। बीते 20 सालों से वह बिहार के मुख्यमंत्री हैं। विपक्षी उनकी उम्र, स्वास्थ्य, मन स्थिति और सेवानिवृत्ति की बातें तो करते रहे हैं, लेकिन उससे कोई ‘सत्ता-विरोधी लहर’ नहीं बन पाई है। नतीजतन भाजपा के बड़े नेताओं ने भी बयान दिए हैं कि नीतीश ही चुनाव के बाद मुख्यमंत्री होंगे। अभी तक जो सर्वेक्षण सार्वजनिक हुए हैं, उनमें नीतीश कुमार 46 फीसदी से अधिक लोगों के पसंदीदा मुख्यमंत्री हैं, जबकि सितंबर में यह पसंद 15-16 फीसदी तक ही सिमटी थी। तब मुख्यमंत्री की दौड़ में तेजस्वी यादव सबसे आगे थे, लेकिन अब दूसरे स्थान पर आ गए हैं। आश्चर्यजनक रुझान यह देखा गया है कि महिलाएं जाति, धर्म, नस्ल, अगड़ी-पिछड़ी कोई भी हों, लेकिन नीतीश के कारण 45 फीसदी महिलाएं भाजपा-एनडीए को समर्थन देती दिख रही हैं। जो महिलाएं 18-30 साल उम्र की हैं, उनमें यह समर्थन 48 फीसदी से अधिक दिखा है। नतीजतन सभी सर्वेक्षणों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है और बेहतर बहुमत के साथ उनकी सरकार बनती दिख रही है। बेशक महिला-शक्ति निर्णायक लग रही है, हालांकि जाति का मुद्दा अब भी प्रबल है। पलायन और रोजगार भी संवेदनशील मुद्दे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी समेत बड़े नेताओं के प्रचार लालू यादव के ‘जंगलराज’ पर ही केंद्रित हैं। भाजपा-एनडीए बार-बार उसे याद दिला रहा है। प्रधानमंत्री ने तो बार-बार छर्रा, कट्टे और दुनाली का जिक्र अपने संबोधनों में किया है। सिर्फ 10,000 रुपए महिलाओं के खातों में डालने का ही करिश्मा नहीं है। बल्कि नीतीश ने 20 साल की सत्ता के दौरान पंचायत, शिक्षा, नौकरी आदि में महिलाओं के आरक्षण और लगातार शराबबंदी से महिलाओं का एक ठोस, भरोसेमंद जनाधार तैयार किया है। बिहार में पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक वोट करती हैं, क्योंकि पुरुष बाहर काम करते हैं और मतदान के दिन नहीं लौट पाते। इसका फायदा भी नीतीश पक्ष को मिलता रहा है। इस बार के चुनाव में खासकर महिलाओं पर खूब धन-वर्षा हुई है।

**विज्ञान लोगों को आध्यात्मिक पथ पर चलने में सहयोग देने की सम्भावना व्यक्त कर रहा है और ध्यान की विधियाँ मानव मन को सुव्यवस्थित ढंग से समझ कर सृष्टि के प्रति गहरी अन्तर्दृष्टि प्राप्त करने में विज्ञान की सहायक बन रही हैं - योग गुरु महेश अग्रवाल अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक वर्ष 10 नवम्बर को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य विज्ञान की भूमिका को मानव जीवन, समाज, पर्यावरण और सतत विकास के संदर्भ में रेखांकित करना है। विज्ञान केवल तकनीकी आविष्कारों का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता की उन्नति का सेतु है - वह चेतना को परिष्कृत करने और जीवन को संतुलित दिशा देने की क्षमता रखता है। आज का युग विज्ञान का युग है, परंतु अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि विज्ञान का वास्तविक लक्ष्य केवल भौतिक प्रगति नहीं, बल्कि मानव की समग्र चेतना का विकास है। इसी बिंदु पर विज्ञान का संगम अध्यात्म, योग और धर्म से होता है।**

# विज्ञान तब पूर्ण होता है जब उसमें जीवन, प्रकृति और चेतना की एकता का बोध हो - यही योग और विज्ञान का संगम है

**विज्ञान और अध्यात्म - विरोध नहीं, पूरक संबंध विज्ञान और धर्म को सदियों तक विरोधी ध्रुव माना गया। एक भौतिक सृष्टि की खोज में लगा था, तो दूसरा आत्मा की। किंतु जैसे-जैसे अनुसंधान गहराते गए, यह सत्य प्रकट होने लगा कि दोनों एक ही वास्तविकता को दो अलग दृष्टियों से देखने का प्रयास कर रहे हैं। विज्ञान जहाँ पदार्थ का विश्लेषण करता है, वहीं अध्यात्म चेतना का अनुभव कराता है।**



महेश अग्रवाल

दोनों का लक्ष्य है – सत्य की खोज। आज विज्ञान भी यह मानने लगा है कि चेतना मात्र मस्तिष्क की विद्युत-रासायनिक क्रिया नहीं, बल्कि एक सार्वभौमिक सत्ता है। यही योग और अध्यात्म की मूल परिकल्पना रही है। ध्यान और मस्तिष्क विज्ञान – आधुनिक अनुसंधान विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में ध्यान पर व्यापक अध्ययन हो रहे हैं। वैज्ञानिक यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि ध्यान का मस्तिष्क, तंत्रिका तंत्र, हार्मोन स्राव, और मानसिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है।हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की रिपोर्ट के अनुसार, नियमित ध्यान से एमिग्डाला की सक्रियता घटती है – यह वही भाग है जो भय और क्रोध जैसी प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करता है। एमआईटी और स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालयों के शोध बताते हैं कि ध्यान से ग्रे मैटर की मोटाई बढ़ती है, जो एकाग्रता और निर्णय क्षमता को सशक्त करती है। भारतीय विज्ञान संस्थान , बेंगलुरु ने भी पाया है कि प्राणायाम और ध्यान से तनाव हार्मोन कॉर्टिसोल में उल्लेखनीय कमी आती है। इन परिणामों से यह स्पष्ट है कि योग और ध्यान विज्ञान की दृष्टि से भी पूर्णतः प्रमाणित हैं। अब विज्ञान उसी दिशा में पहुँच रहा है जहाँ हमारे ऋषि, मुनि और योगाचार्य सहस्त्रों वर्ष पहले पहुँच चुके थे।

योग – विज्ञान और जीवन की समन्वित पद्धति योग केवल व्यायाम या साधना नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की वैज्ञानिक कला है। महर्षि पतंजलि ने अष्टांग योग के माध्यम से योग को एक व्यवस्थित वैज्ञानिक अनुशासन बनाया – जिसमें शरीर, मन, भावनाएँ और आत्मा, चारों के समन्वय से मनुष्य पूर्णता की ओर अग्रसर होता है। योग के दो पक्ष – बहिरंग और अंतरंग। बहिरंग योग – यम, नियम, आसन, प्राणायाम। अंतरंग योग – प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि।

प्राणायाम का वैज्ञानिक विश्लेषण प्राणायाम, श्वास की गति, गहराई और लय को नियंत्रित कर शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाता है। इससे – रक्त में ऑक्सीजन संतुलन सुधरता है। तंत्रिका तंत्र शांत होता है। हृदयगति और रक्तचाप नियंत्रित रहते हैं। मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ती है। आधुनिक विज्ञान इसे श्वास नियमन चिकित्सा कहता है और




अब इसे तनाव प्रबंधन के एक अत्यधिक प्रभावी उपकरण के रूप में मान्यता दे चुका है।

आसन और न्यूरोफिजियोलॉजी योग आसन शरीर की मांसपेशियों, ग्रंथियों और मेरुदण्ड को सक्रिय करते हैं। मेरुदण्ड को अब केंद्रीय ऊर्जा चैनल के रूप में समझा जा रहा है – जहाँ से शरीर के समस्त ऊर्जा संकेत नियंत्रित होते हैं। भुजंगासन, धनुरासन जैसे आसन मेरुदण्ड की लचक बढ़ाते हैं। शीर्षासन और सर्वांगासन मस्तिष्क तक रक्त प्रवाह को संतुलित करते हैं। कपालभाति और त्राटक जैसी क्रियाएँ तंत्रिका-तंत्र और दृष्टि शक्ति को सक्रिय करती हैं। इसीलिए कहा गया है – शरीर योग का मंदिर है, मन उसका दीपक ।मनोविज्ञान और योग – आत्म-कार्यान्वयन की दिशा आधुनिक मनोविज्ञान आत्म- साक्षात्कार की बात करता है – अर्थात् व्यक्ति की सुप्त क्षमताओं को जाग्रत करना। योग भी यही कहता है, पर इसे वह आत्म-साक्षात्कार का नाम देता है। योग का लक्ष्य है – मनुष्य को उसकी संपूर्ण संभावनाओं के शिखर तक पहुँचाना। ध्यान, धारणा, प्रत्याहार जैसी विधियाँ मनुष्य को अपने भीतर उतरने का अवसर देती हैं। मनोविज्ञान आज यह मानने लगा है कि ध्यान मानसिक संतुलन, आत्म-जागरूकता और भावनात्मक शुद्धि का श्रेष्ठ माध्यम है। विज्ञान और धर्म का मिलन – आत्मा की खोज में प्रयोग पहले विज्ञान प्रयोगशाला में प्रयोग करता था, अब वह आत्मा की प्रयोगशाला में भी उतरने लगा है। ध्यान, योग और चेतना पर हो रहे प्रयोग दिखा रहे हैं कि व्यक्तिपरक अनुभव को भी अब वैज्ञानिक ढंग से परखा जा सकता है। आज के वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ ईईजी, एमआरआई और जैव रासायनिक मार्कर के माध्यम से ध्यान और प्रार्थना के प्रभावों को माप रही हैं। परिणाम बताते हैं कि – ध्यान करने वाले लोगों में मस्तिष्क तरंगें अधिक स्थिर होती हैं, प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है, और जीवन में संतोष, करुणा, और प्रसन्नता का स्तर अधिक होता है। परिवर्तनशील युग में ध्यान की आवश्यकता आज की वैज्ञानिक प्रगति ने जीवन को सुविधाजनक तो बना दिया है, पर मन को अधिक जटिल भी। प्रतिस्पर्धा, तनाव, अवसाद, भय – ये आधुनिक सभ्यता की छाया हैं। ऐसे में ध्यान और योग, केवल आध्यात्मिक विधियाँ नहीं बल्कि मानव मस्तिष्क की वैज्ञानिक चिकित्सा बन गई हैं। नित्य ध्यान से – मानसिक तनाव घटता है, भावनात्मक संतुलन आता है, और जीवन में रचनात्मक ऊर्जा प्रवाहित होती है। इससे व्यक्ति स्वयं को समझता है, और जब स्वयं को समझता है, तभी संसार को भी यथार्थ रूप में देख पाता है। विज्ञान और योग के सामाजिक आयाम विज्ञान और योग का संगम केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं है।इनका प्रभाव समाज, शिक्षा, पर्यावरण और वैश्विक शांति तक विस्तारित है। शिक्षा में योग-विज्ञान विद्यार्थियों में एकाग्रता , स्मरणशक्ति और भावनात्मक संतुलन बढ़ाता है। चिकित्सा में योग-विज्ञान रोगों की रोकथाम और उपचार दोनों में सहायक है। भारतीय ऋषियों की वैज्ञानिक दृष्टि प्राचीन भारत में अध्यात्म और विज्ञान कभी अलग नहीं थे।चरक, सुश्रुत, पतंजलि, कणाद, कपिल – ये सभी वैज्ञानिक थे, जिन्होंने जीवन के भौतिक और आध्यात्मिक दोनों पहलुओं का अध्ययन किया। उनके लिए प्रयोगशाला शरीर था और प्रयोग मन की चेतना। उनकी खोजें भले आधुनिक तकनीकी उपकरणों में न हों, पर वे मनुष्य के अस्तित्व के सूक्ष्मतम स्तर तक उतर चुकी थीं।

विज्ञान में आत्मा की आहट अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल आविष्कारों की याद नहीं दिलाता, बल्कि यह चेतना का उत्सव है। विज्ञान जब आत्मा को समझेगा, तब वह केवल ज्ञान नहीं, प्रज्ञा बन जाएगा। आज आवश्यक है कि विज्ञान को योग की दृष्टि से और योग को विज्ञान की कसौटी पर देखें।

योग गुरु महेश अग्रवाल नें बताया कि विज्ञान और योग – दोनों ही सृष्टि के रहस्य को समझने के प्रयास हैं। जब विज्ञान मनुष्य की बाहरी दुनिया को व्यवस्थित करता है और योग उसकी आंतरिक दुनिया को संतुलित करता है, तब दोनों मिलकर सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

# वोट चोरी ~ देश चाहता राहुल के सवालों के बिंदुवार जवाब

तनवीर जारी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी इन दिनों सत्ता व चुनाव आयोग की मिलीभगत के कथित नेटवर्क को लेकर काी आक्रामक हैं। विगत 7 अगस्त से लेकर गत 5 नवंबर तक वे चार बार देश के मीडिया के समक्ष अनेक प्रमाणों सहित सार्वजनिक रूप से यह दावे कर चुके हैं कि चुनाव आयोग सत्ता की कठपुतली के रूप में काम करते हुये %वोट चोरी% कर रहा है। जिस तरह 7 अगस्त को उन्होंने अपनी इस तरह की पहली प्रस्तुति में कर्नाटक के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र को केंद्र में रखते हुये यहाँ 1,00,250 ी वोट जोड़े जाने का आरोप लगाया था जिसमें 11,956 डुप्लीकेट वोटर, 40,009 अमान्य पते, 10,452 बल्क रजिस्ट्रेशन अर्थात एक ही पते पर 80 लोग , 4,132 अमान्य ोटो , और 33,692 ॉर्म 6 का दुरुपयोग जैसे अनेक गंभीर आरोप लगते हुये कहा था कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर ÷वोट चोरी÷ करते हुये ÷एक व्यक्ति, एक वोट÷ के सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है। । ठीक उसी र्त पर उन्होंने पिछली 5 नवंबर को दिल्ली में मीडिया के समक्ष हरियाणा के अक्टूबर 24 के चुनावों में बे पैमाने पर हुई कथित धांधली का भी भंडाफो किया। इस बार सुबूतों के साथ चुनाव आयोग पर लगाये गए उनके आरोप और भी अधिक गहरे व गंभीर थे।

उन्होंने यहाँ आरोप लगाया कि 2024 के राज्य विधानसभा चुनाव में 25 लाख वोट ÷चुराए÷ गए। ÷ उन्होंने अपनी इस प्रस्तुति को ॥ स्र्द्वद्घ्रद्दह्य÷ का नाम दिया तथा अपने इन गंभीर रहस्योद्घाटन को सत्ता व चुनाव आयोग के लिये हाइड्रोजन बताया। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में भी 5,21,619 डुप्लीकेट वोटर पाए गए जबकि 93,174 मतदाताओं के पते अमान्य मिले। इसी तरह 19,26,351 बल्क वोटर पाए गये और 1,24,177 मत ऐसे मिले जिनपर ी ोटो लगाई गयी थी। इन्हीं ी ोटो में एक चित्र एकब्राीलियन मॉडल का भी इस्तेमाल किया गया जिसके ोटो पर 10 अलग अलग बूथों पर अपना नाम बदल बदल कर 22 बार मतदान किया गया था। जब उस ब्राीलियन मॉडल लैरिसा नेरी को ब्राील में यह पता लगा कि उस के चित्र का प्रयोग भारत के वोटर लिस्ट में बार बार सीमा, स्वीटी, सरस्वती जैसे 22 अलग अलग नामों के साथ किया गया है तो उसने कहा कि वह इससे पूरी तरह अनजान हैं। उसने एक वीडियो में हैरानी जताते हुए कहा÷दोस्तों, मैं आपको एक मा सुनाती हूं–यह बहुत भयानक है! वे भारत में चुनावों के लिए मेरी पुरानी तस्वीर का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें मुझे भारतीय दिखा रहे हैं। यह पागलपन क्या है मैं कभी भारत नहीं गई हूं। यह अविश्वसनीय है।÷ गोया ब्राील तक भारतीय चुनाव आयोग की धांधली के डंके बजते सुने जा सकते हैं। इसी तरह एक महिला का चित्र ऐसा भी था जिसे लगाकर 223 बार दो अलग बूथों पर मतदान कराया गया। 5 नवंबर को दिल्ली में ÷॥ स्र्द्वद्घ्रद्दह्य÷ के प्रस्तुत करने के बाद राहुल गाँधी बिहार की अपनी सभी चुनावी जनसभाओं में केंद्रीय चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर कथित वोट चोरी का सार्वजनिक रूप से आरोप लगा रहे हैं। और जनता की ओर से %वोट चोर गद्दी छो% के नारे लगाये जा रहे हैं। वे हरियाणा की भाजपा सरकार को चोरी की सरकार बता रहे हैं। वे त्द्दठ्ठ ́ का भी वोट चोरी के प्रति सचेत रहने का आह्वान कर रहे हैं। राहुल गाँधी के अनुसार ‘’ सच तो ये है कि नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी और चुनाव आयोग, ये तीनों मिलकर संविधान पर हमला कर रहे हैं। संविधान कहता है ‘वन मैन, वन वोट’ ।उन्होंने कहा, ‘’वे लोग बिहार में भी यही करने जा रहे हैं। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और गुजरात में भी हो चुका है।’’ इस रहस्योद्घाटन के बाद दिल्ली से भी कुछ ऐसे ास लोगों के नाम उजागर हो रहे हैं जिनके पास दिल्ली का भी मतदाता पहचान पात्र है और बिहार का भी। अब लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गाँधी के इस तरह के अति गंभीर व गहरे आरोपों का जवाब यदि केंद्रीय चुनाव आयोग बिंदुवार तरी से देने के बजाये केवल उन्हें झुठलाने की कोशिश करे या इन आरोपों को बेबुनियाद कहकर उल्टे राहुल गांधी से ही अपने आरोपों संबंधी हलनामा दालि करने को कहे तो इससे चुनाव आयोग की साख पर सवाल उठना तो लामिी है या केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना कि हरियाणा में कांग्रेस आपसी फूट के कारण हारी और राहुल अपनी नाकामी को छुपाने के लिए झूठे दावे कर रहे हैं या हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राहुल के दावों दावों को ारिज कर देना निश्चित रूप से राहुल के आरोपों का जवाब नहीं है।

# गद्दार को जेल में गोली मारी थी

## 10 नवम्बर 1908: सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी कन्हाई लाल दत्त का बलिदान



महेश अग्रवाल

भारत दुनियाँ का ऐसा देश है जहाँ स्वतंत्रता संघर्ष में सर्वाधिक बलिदान हुये और वहीं संघर्ष में विश्वासघात के सर्वाधिक उदाहरण भी भारत में मिलते हैं। ऐसे ही एक विश्वासघाती को सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी कन्हाई लाल दत्त ने जेल में रहकर ही गोली मारी थी । इसके लिये उन्हें फांसी हुई ।

विश्वासघाती को सबक सिखाने वाले सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी कन्हाई लाल दत्त का जन्म 30 अगस्त 1888 को बंगाल के चंदननगर में हुआ था । उनका नाम सर्वतोष रखा गया । किन्तु उनका जन्म भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रात को हुआ था इससे वे कन्हाई नाम कन्हाई से प्रसिद्ध हुये । विद्यालय में उनका नाम सर्वतोष ही था। पर समाज में वे कन्हाई लाल नाम से ही जाने गये । कन्हाई जब चार वर्ष के थे तब उनके पिता उनको लेकर मुम्बई आ गये । पांच वर्ष बम्बई में रहे । आरंभिक शिक्षा यहीं आरंभ हुई । नौ वर्ष की आयु में पुनः चन्दन नगर आये । आगे की शिक्षा चन्दन नगर के डुप्ले कालेज में हुई । यहीं से उन्होंने स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की । इस महाविद्यालय के एक प्राध्यापक चारु चन्द्र राय का संपर्क क्राँतिकारियों से । उनके माध्यम से कन्हाई क्रान्तिकारियों से जुड़े और अंग्रेजों के विरुद्ध क्राँतिकारी अभियान चलाने वाली युगान्तर अनुशीलन समिति । क्राँतिकारी पत्रकार ब्रम्हबाधव उपाध्याय ने कन्हाई को प्रशिक्षित कर अन्य युवा क्राँतिकारियों के प्रशिक्षण का काम सौंपा ।

अंग्रेजों द्वारा भारतीयों के किये जाने वाले शोषण पर युवकों में गुस्सा तो था ही और युवकों की क्राँतिकारी गतिविधियाँ आरंभ हो गईं थीं। इसी बीच अंग्रेज गवर्नर जनरल 1905 में भारत के गवर्नर जनरल कर्ज़न ने हिंदू मुस्लिम साम्प्रदायिक आधार बंगाल के विभाजन की घोषणा कर दी । इस निर्णय का विरोध हुआ । यह ठीक है कि धार्मिक आधार पर धारायें अलग थीं पर बंगाली भाषा और बंगाली परंपराओं में मतभेद न थे । इसलिये लगभग पूरा बंगाली समाज एकजुट होकर ब्रिटिश राज के विरुद्ध खुला संघर्ष करने एकजुट हो गया । बंगाली युवकों ने ब्रिटिश राज को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर सशस्त्र संघर्ष का निर्णय लिया । इसके लिये विभिन्न क्षेत्रीय शाखाएँ गठित की गई और हथियार बनाने का एक कारखाना स्थापित किया गया । यह कारखाना कलकत्ता के मणिकलतल्ला स्थित सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी अरविंद घोष और उनके भाई डॉक्टर वारींद्र घोष के बगीचे में शुरु हुआ था । अरविन्द घोष और वारीन्द्र घोष का यह बगीचा केवल कारखाना भर नहीं था अपितु क्राँतिकारी गतिविधियों का एक प्रमुख केन्द्र था । यहाँ व्यायाम शाला स्थापित थी । यह व्यायाम शाला भी बाह्य रूप थी। दरअसल यहाँ युवकों को शारीरिक व्यायाम के साथ क्राँति का प्रशिक्षण दिया जाता था । बारीन्द्र घोष डाक्टर थे, परिवार भी संपन्न था इसलिये उनके यहाँ इस प्रकार आवाजाही पर किसी को संदेह नहीं होता था । लेकिन 1908 में एक दुर्घटना घट गई। इस कारखाने में विस्फोट हो गया । जिसमें एक युवक की मृत्यु हुई । इतिहास में यह विस्फोट 卐,अलीपुर बम काण्ड के नाम से मशहूर है । अंग्रेज सरकार को युवकों की क्राँतिकारी गतिविघियों की खबर तो लग रही थी पर उनके केन्द्र का पता न लग रहा था । लेकिन इस बिस्फोट के बाद बारीन्द्र घोष और अरविन्द घोष तो बंदी बनाए ही गये । इसके साथ धरपकड़ करके 39 युवाओं को भी बंदी बनाया गया । इसमें कन्हाई लाल भी थे ।

खुदीराम बोस द्वारा किये गये मुजफ्फरपुर बम काण्ड के बाद अंग्रेजी शासन चौकन्ना हो गया था। चारो लोगो की खोज की जा रही थी । पर क्रान्तिकारियो के अड्डे का पता न चल पा रहा था किन्तु इस बिस्फोट ने केवल जो मानिकतल्ला के इस बगीचे का पता स्वयं दे दिया अपितु यहाँ युवकों के संपर्क के अन्य सूत्र भी मिल गये । सभी बन्दियो को अलीपुर कारागार में भेज दिया । सुरक्षा और सावधानी की दृष्टि से अलीपुर जेल में ही इस मुकदमें की सुनवाई आरंभ हुई । बंदी बनाये गये युवा क्राँतिकारियों में एक युवक नरेन्द्र गोस्वामी भी था । पूछताछ प्रताड़ना, भय और लालच में वह टूट गया और उसने क्रान्तिकारियों के सभी संपर्क सूत्र पुलिस को दे दिये । पुलिस ने उसे सरकारी गवाह बना लिया । नरेन्द्र के इस कुकृत्य की समस्त देशभक्त समुदाय विचलित हुआ और चारो ओर नरेन्द्र की भर्त्सना होने लगी । पर नरेन्द्र को इससे कोई अंतर न पड़ा। वह सरकारी गवाह बनने के अपने निर्णय पर अडिग रहा । जब एक दिन वह जेल के भीतर ही सुनवाई के दौरान अपनी गवाही दे रहा था तब सुनवाई के दौरान ही उसपर हमला कर दिया । इस घटना से उसे जमानत मिल गई और सुरक्षा के लिये दो सिपाही भी तैनात कर दिये गये । पर क्रातिकारियों में इससे गुस्सा और बढ़ा। विशेषकर क्राँतिकारी कन्हाई लाल और उनके अन्यय मित्र सत्येन्द्र ने जेल में रहकर ही विश्वासघाती नरेन्द्र गोस्वामी को सबक सीखाने की सोची । जेल में युवाओं के साथ क्राँतिकारियों को प्रशिक्षण देने वाले प्रोफेसर चारुदत्त भी थे । कन्हाई लाल दत्त और सत्येन्द्र बसु ने इस देशद्रोही को सबक सिखाने की योजना पर प्रोफेसर चारुदत्त से परामर्श किया । योजनानुसार जेल के प्रहरियों से घनिष्ठता बढ़ाई । योजनानुसार एक जेल प्रहरी के सहयोग से कन्हाई लाल दत्त और सत्येन्द्र ने जेल में आने वाली सब्जी के टोकरे में छिपाकर पिस्तौल मंगवाने में सफल हो गये । कन्हाई पिस्तौल अपने सिरहाने रखकर सोते थे । वह 31 अगस्त 1908 का दिन था । विश्वासघाती नरेन्द्र गवाही के लिये पुनः सामने आया । नरेन्द्र के सामने आते ही कन्हाई लाल ने पिस्तौल से वार कर दिया । गोली उसके पैर में लगी किन्तु वह उससे गिरा नहीं और भागने की कोशिश करने लगा । तभी बिना कोई क्षण गँवाये सत्येन्द्र ने उसे धक्का देकर नीचे पटक दिया । सत्येन्द्र और कन्हाई दोनों ने उसके निकट पहुचे और उस विश्वासघाती को गोलियों से छलनी कर दिया। घटना इतनी आकस्मिक थी कि सरकार द्वारा तैनात दोनों अंगरक्षक कुछ भी बचाव न कर सके । जेल प्रहरी दौड़े । कन्हाई लाल दत्त और सत्येन्द्र दोनों पकड़ लिये । उन पर हत्या का मुकदमा चला । कन्हाई को 10 नवम्बर 1908 को कन्हाई लाल दत्त को जेल में ही फाँसी दे दी गई और उनके दो दिन बाद 12 नवम्बर 1908 को सत्येन्द्र को फाँसी हुई । दोनों क्राँतिकारी राष्ट को स्वतंत्र कराने में बलिदान हो गये ।

# चिरैया में इवीएम लेकर बूथों पर रवाना हुए मतदानकर्मी, कड़ी सुरक्षा में मतदान आज

**चिरैया( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 11 नवंबर यानि मंगलवार को द्वितीय चरण को लेकर वोटिंग होनी है। ऐसे में चिरैया विधानसभा के 357 बूथों के लिए ईवीएम लेकर मतदान कर्मी बूथों की ओर कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना हो गए हैं। चिरैया विधानसभा के लिए प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सूचना एवं प्रौद्योगिकी केंद्र भवन में बने डिस्पैच सेंटर से सभी पोलिंग पार्टी अपने 357 मतदान केंद्रो तक ईवीएम लेकर रवाना हो चुकी है। सोमवार की रात में सभी पुलिस और सेक्टर पदाधिकारी बूथ की निगरानी करेंगे और सुबह सात बजे से छह बजे तक वोटिंग होगी। चिरैया विधानसभा में मंगलवार को मतदान होना है, जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी पोलिंग पार्टी अपने सेक्टर पदाधिकारी और मजिस्ट्रेट के साथ ईवीएम लेकर बूथों की ओर रवाना हो चुके हैं। पुलिसकर्मियों को चुनावी तौर तरीके भी समझाये गये हैं। उन्हें सख्त हिदायत दी गई है कि ईवीएम की सुरक्षा करें लेकिन उसे छूए नहीं। इसके साथ ही मतदान कक्ष में कोई पुलिसकर्मी नहीं जायेगा। चिरैया विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर सुनिधि ने कहा कि विधानसभा चुनाव हर हाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण होंगे। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सक्रिय एवं तत्पर होकर पूरी जवाबदेही से विधि व्यवस्था संधारित रखने और स्वच्छ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने का निर्देश दिया है। चिरैया विधानसभा में सुरक्षा को लेकर अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है, जिसमें सीएपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी अन्य पुलिस फोर्स है। 36 सेक्टर पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति किए गए हैं, इसके अलावा जोनल दंडाधिकारी एवं सुपर जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। चिरैया विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 288997 हैं जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 155334 है वहीं महिला मतदाता 133655 हैं। वहीं 8 तृतीय लिंग मतदाता है। उक्त विधानसभा में में दो प्रखंड है। जिसमें चिरैया प्रखंड में कुल बूथों की संख्या 216 है जबकि पताही प्रखंड में बूथों की संख्या 141 है। वहीं नौ महिला बूथ बनाए गए हैं, इसके अलावा पूरे चिरैया विधानसभा क्षेत्र में 170 संवेदनशील मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



## संक्षिप्त समाचार

### रजिस्ट्री करने का झांसा देकर 8.25 लाख की धोखाधड़ी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के बानुछापर में तीन धूर जमीन रजिस्ट्री करने का झांसा देकर राजेश्वर यादव से आठ लाख 25 हजार रुपये धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में कालीबाग थाना क्षेत्र के छावनी वार्ड पांच निवासी राजेश्वर यादव ने शिकारपुर थाना क्षेत्र के माल्दा निवासी गेना चौधरी, उसके पुत्र रामेश्वर चौधरी व पुत्री सुनरपति देवी के खिलाफ बानुछापर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में राजेश्वर यादव ने बताया है कि आरोपितों से तीन धूर जमीन रजिस्ट्री कराने की बात 9.25 लाख रुपये में तय हुई। उन्होंने गवाहों के सामने दो लाख रुपये एडवांस दे दिया। बाद में छह लाख 25 हजार रुपये नकद दिया। शेष एक लाख रुपये रजिस्ट्री के दिन देने की बात तय हुई। रुपये लेने के बाद आरोपित जमीन रजिस्ट्री करने से आनाकानी करने लगे। तब वे गवाहों के साथ आरोपित के घर पूछताछ करने गए तो वे लोग जमीन रजिस्ट्री करने से इनकार कर गाली-गलौज व धक्का मुक्की करके भगा दिए। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

### रक्सौल राजद के कद्दावर नेता सुरेश यादव भाजपा में शामिल, महागठबंधन में मची खलबली

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल में दूसरे चरण के तहत होने वाले चुनाव के ठीक एक दिन पहले रक्सौल विधान सभा क्षेत्र के कद्दावर राजद नेता सुरेश यादव ने अपनी पार्टी राजद से नाता तोड़ कर बीजेपी का दामन थाम लिया है। सुरेश यादव का यह कदम उठाना महागठबंधन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।चुनाव से ठीक एक दिन पहले उनके इस प्रकार से पार्टी को छोड़ देने से रक्सौल के महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्यासी से लेकर उनके कार्यकर्ता भी हतप्रभ और उदास हो गए हैं। क्षेत्र के लोग यह समझ ही नही पा रहे हैं की चुनाव होने के महज दस दिन पहले ' अपनी माँ के सम्मान में, हम हैं बीजेपी को हराने के लिए मैदान में' का जोर शोर से दंभ भरने वाला यह शख्स ऐकाएक कैसे बदल गया। हालांकि चौक चौराहों पर अटकलों का यह कयास जरूर लगाया जा रहा है कि भाजपा से कही न कही उनकी कुछ ' डील' हुई है, जिसके बाद उन्होंने इस प्रकार का ऐकाएक बड़ा कदम उठाया है। फिल्हाल सच्चाई चाहें जो हो, लेकिन चुनाव के ठीक एक दिन पहले उनके इस प्रकार से पार्टी को छोड़ देने और भाजपा का दामन थाम लेने महागठबंधन के लोग सकते में आ गए हैं।



### आधी रात में लगी आग से एक घर राख

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के पोखरा पंचायत के पोखरा गांव स्थित वार्ड संख्या 12 में बीती आधी रात अचानक आग लग जाने से एक आवासीय घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, आग लगी की घटना में पोखरा गांव निवासी प्रभु महतो का घर जल कर राख हो गया। घर में रखे धान, गेहूं, कपड़ा, बर्तन, नगदी सहित अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। अचानक लगी आगलगी को लोग कुछ समझ पाते तब तक घर पूरी तरह जल गया। हालांकि ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया जिससे बड़ी घटना टल गई। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया गया। सीओ मोनिका आनंद ने बताया कि पीड़ित परिवार को राहत दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा राजस्व कर्मचारी को भेजकर क्षति का आकलन कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।



### सिकटा और नरकटियागंज क्षेत्र के लिए बना कंट्रोल रूम

**मतदान के दिन दो शिफ्ट में संचालित होगा, आरओ**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के सभाकक्ष में नरकटियागंज और सिकटा विधानसभा के लिए डीसीएलआर कार्यालय परिसर में कंट्रोल रूम तथा वेबकास्टिंग रूम स्थापित किया गया है। 03 नरकटियागंज विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि कंट्रोल रूम दो शिफ्ट में कार्य करेगा।चुनाव के दिन सुबह छह बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर एक बजे से लेकर मतदान समाप्ति तक इसका संचालन किया जाएगा। इसको लेकर नरकटियागंज के कंट्रोल रूम का नंबर 06353,243203 जारी किया गया है।वही सिकटा के लिए कंट्रोल रूम का नंबर 06252,243202 जारी किया गया है। आरओ ने बताया कि कंटोल रूम में पदाधिकारियों और कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। कंट्रोल रूम से पूरे विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक बूथों पर मतदान के प्रक्रिया की पल पल की जानकारी ली जाएगी। बूथ पर ईवीएम में तकनीकी गड़बड़ी पर समस्या समाधान के लिए टीम को त्वरित भेजा जाएगा।

### मतिसरा में पिंक व रेलवे प्लस टू में आदर्श बूथ

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव को लेकर 11 नवंबर को होने वाले चुनाव में शहर के पुरानी बाजार स्थित मतिसरा कुंवर बालिका प्लस टू विद्यालय में प्रशासन की ओर से पिंक बूथ बनाया गया है। जबकि शहर के दिउलिया स्थित रेलवे प्रवेशिका प्लस टू विद्यालय में आदर्श बूथ बनाया गया है। 03 नरकटियागंज विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि पिंक बूथ पर मतदान प्रक्रिया के लिए महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं आदर्श बूथ को भी आकर्षक बनाया गया है।

### रामनगर के 385 बूथों पर आज होगा मतदान

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर विधानसभा (अजा) के 385 बूथों पर मंगलवार को होंगे मतदान द्यइसकी जानकारी देते हुए बीडीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी गौनाहा ऋषभ देव कुमार ने बताया कि मंगलवार को गौनाहा प्रखंड के 177 बूथों पर आज होगी मतदान । उन्होंने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण हो, इसकी सारी तैयारियां कर ली गई है । किसी भी बूथ पर किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो इसलिए प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद है । विदित हो कि 02 रामनगर विधानसभा( अजा) में कुल 385 बूथ है जिसमें से 208 रामनगर प्रखंड व 177 गौनाहा प्रखंड में है।

### अगलगी में एसएसबी के जवानों ने किया प्रशंसनीय कार्य

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लालाछपरा सैनिक रोड के पास एक किराना के दुकान में आग लगने के दौरान एस एस बी के जवानों के सजगता के कारण जान-माल पर काबू पाया गया,भोला साह के मकान मे रविवार के मध्य रात्रि 11बजे के करीब दुकान में आग लग गई,आग लगने के बाद 71वी वाहिनी एस एस बी की समवाय यमुना पुर वहां पहुंच कर सहायता में जुट गए,और आग बुझाने की कोशिश किए,घर के अंदर रखी गैस सिलेंडर को किसी तरह जवानों ने निकाली तब तक चार मोटरसाइकिल जलकर राख हो गई, जवानों की साहस अनुशासन की उत्कृष्टता की उदाहरण की चर्चा आसपास की गांवों में की जा रही है, संभावित एक बड़ी क्षति पर कंट्रोल करतें हुए स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

## नरकटियागंज के 326 बूथ पर 2,76981 मतदाता करेंगे मतदान



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के मंगलवार को मतदान किया जाएगा। नरकटियागंज के लिए 2,76981 और सिकटा विधानसभा के लिए 2,77995 मतदाता आज अपने मतों का प्रयोग करेंगे। मतदान को लेकर नरकटियागंज में 326 बूथ बनाये गए है। वही सिकटा में 343 बूथ बनाये गए हैं, जहां सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा। सोमवार को दोनों विधानसभा की सभी पोलिंग पार्टियां डिस्पैच सेंटर से ईवीएम व मतदान सामग्री लेकर अपने अपने बूथ के लिए रवाना हुई। इससे पहले एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने सभी पोलिंग पार्टियो को चुनाव से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसडीएम ने चुनाव कर्मियो को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक निर्धारित है। मतदान के समय किसी तरह की विधि व्यवस्था उत्पन्नं होने पर तुरंत कंट्रोल रूम या आरओ से संपर्क करे। उन्होंने कहा कि मतदान के प्रतिशत की जानकारी हर घंटे कंट्रोल रूम को देंगे। इसके साथ ही मतदान केंद्र से सौ मीटर की परिधि में किसी तरह की भीड़ भाड़ व वाहन की प्रवेश न हो इसका पालन सख्ती से कराएंगे। मतदान के पश्चात मतदान केंद्र से सभी ईवीएम को सील कर जिला मुख्यालय में बनाये गए बज्रगृह में जमा कराएंगे। उधर चीनी मिल यार्ड में बनाये गए वाहन पड़ाव स्थल से सभी वाहनों को डिस्पैच सेंटर के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सभी वाहनों पर जीपीएस ट्रेकिंग की सुविधा लगाई गई। वाहन कोषांग पदाधिकारी सह सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि सभी पोलिंग को वाहन उपलब्ध कराया गया है। पड़ाव स्थल से सभी वाहन डिस्पैच सेंटर पहुचकर ईवीएम, मतदान सामग्री व सुरक्षा कर्मियो के साथ अपने अपने बूथ के लिए रवाना किया गया। बता दे कि इस बार विधानसभा चुनाव में नरकटियागंज के लिए कुल 12 और सिकटा विधानसभा के लिए 11 प्रत्याशियो के भाग्य का फैसला मतदाता अपने मतों का प्रयोग से करेंगे।

> दोनों विधानसभा की सभी पोलिंग पार्टियां डिस्पैच सेंटर से ईवीएम व मतदान सामग्री लेकर अपने अपने बूथ के लिए रवाना हुई

## 26.27 लाख वोटर करेंगे 72 उम्मीदवारों का फैसला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प.चंपारण जिले के नौ विधान सभा क्षेत्रों मे आज दूसरे चरण के होनेवाले चुनाव की सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले में नौ विधानसभा क्षेत्रों के लिए चार जगहों पर बनाये गये डिस्पैच सेंटर से इवीएम,कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीन के डब्बो व सामग्री के साथ मतदानर्मी मतदान केंद्रो के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना हुए। देरशाम सभी मतदान कर्मियों को मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए नियंत्रण कक्ष को सूचना देनी थी। जीपीएस युक्त वाहनों से सभी मतदानकर्मियों को डिस्पैच सेंटर से रवाना हुए। जिला प्रशासन ने प्रत्येक डिस्पैच वाहन में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाया है जिससे जिला नियंत्रण कक्ष से वाहन की वास्तविक लोकेशन की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि सभी मतदान कर्मी और सामग्री निर्धारित समय पर सुरक्षित ढंग से अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच गए हैं। जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों के 1626 भवनों में 3156 मतदान केंद्र बनाये गये है। जहां 26 लाख 27 हजार 131 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन मतदाताओं मे 14 लाख 3 हजार 461 पुरुष और 12 लाख 23 हजार 580 महिला वोटर शामिल है।इनके अलावे जिले में 90 थर्ड जेंडर वोटर भी है। जिले के नौ विधान सभा क्षेत्रों मे कुल 72 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। जिसमें बेतिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं बिहार की पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी , नौतन से पूर्व मंत्री भाजपा प्रत्याशी नारायण प्रसाद, लौरिया से पूर्व मंत्री भाजपा प्रत्याशी विनय बिहारी एवं सिकटा से पूर्व मंत्री व निर्दलीय प्रत्याशी खुर्शीद फिरोज अहमद शामिल है।जिले मे चुनाव को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त संपन्न कराने के लिए 18 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट 60 जोनल मजिस्ट्रेट, 298 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 208 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं। जिले में 40 हजार से अधिक पुलिस बल एवं सीएपीएफ के जवान समेत चुनाव कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।इधर विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की गई है और मतदाताओं के लिए सभी बूथों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी । उतर प्रदेश एवं नेपाल से जुड़ी जिले की सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है। 97 चेक प्वाइंट स्थापित कर वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है । जिले के 241 संदिग्ध लोगों के विरुद्ध जिला और थाना बदर की कार्रवाई की गई है । जिले के भारत नेपाल सीमावर्ती और दियारा इलाकों में विशेष पुलिस गश्त की व्यवस्था की गई है ताकि कोई परिंदा भी पर नहीं मार सके ।

> पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी पूर्व मंत्री नारायण प्रसाद, विनय बिहारी, खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद समेत 72 उम्मीदवारों का होगा भाग्य का फैसला

> इवीएम मतदान सामग्री लेकर बूथों पर रवाना हुए सुरक्षा कर्मी एवं मतदान कर्मी










## दो विभिन्न मामलों में फ्लाइंग स्क्वायड टीमों ने की कार्रवाई

**तलाशी के दौरान लिफाफों में रखी लगभग तीन लाख रुपये राशि एवं राजद के स्टिकर बरामद किये गये**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रशासन द्वारा चुनाव आचार संहिता के पालन हेतु निरंतर निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में दो अलग-अलग मामलों में फ्लाइंग स्क्वायड टीमों द्वारा कार्रवाई की गई- नगर थाना क्षेत्र में प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर सबा खान के आवास पर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान लिफाफों में रखी लगभग ₹3,00,000/- (तीन लाख रुपये) राशि एवं राष्ट्रीय जनता दल के स्टिकर बरामद किए गए। इस संबंध में नगर थाना, मोतिहारी में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ हीं इसी प्रकार पताही थाना क्षेत्र (चिरैया विधानसभा) में नकद वितरण की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई। टीम द्वारा जांच के आधार पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं समर्थकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने हेतु किसी भी प्रकार के प्रलोभन, नकद वितरण, या अवैध गतिविधि पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।



## सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने सैंड आर्ट से की मतदाताओं से वोट करने की अपील

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत के चर्चित अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में द्वितीय चरण के मतदान को लेकर पश्चिमी चंपारण जिले के बेतिया समाहरणालय परिसर में एक शानदार सैंड आर्ट बनाकर लोगों से वोट करने की अपील की है।उनकी कलाकृति में मतदान दिवस 11 नवंबर की तारीख अंकित है और दोनों साइड में एक युवा महिला और पुरुष मतदाता का बखूबी से चित्रण के साथ ही दो मतदाताओं की आकृतियाँ दिखाई गई हैं जो गर्व से अपनी उंगली पर लगी स्याही दिखा रहे हैं। संदेश के रूप में मधुरेंद्र ने लिखा है चलो चलें, वोट करें। आपका वोट, बिहार का भविष्य। मधुरेंद्र कुमार ने कहा कि उनकी यह कलाकृति जनजागरूकता अभियान स्वीप का हिस्सा है।

## जिले के सभी 12 विधानसभा क्षेत्रों के अभ्यर्थियों का तृतीय लेखा जाँच कार्य सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिले के सभी 12 विधानसभा क्षेत्रों के अभ्यर्थियों का तृतीय लेखा जांच (व्यय) कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। उक्त जानकारी अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण कोषांग, मोतिहारी के नोडल पदाधिकारी सह राज्य - कर संयुक्त आयुक्त, संतोष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों के अभ्यर्थियों के चुनावी खर्च का तीसरा लेखा परीक्षण निर्धारित तिथियों पर विभिन्न स्थलों पर किया गया। इनमे चकिया अनुमंडल कार्यालय के सभागार में कल्याणपुर, पिपरा एवं मधुबन विधानसभा क्षेत्रों के अभ्यर्थियों का व्यय प्रक्षेक द्वारा लेखा जांच किया गया। तो राधाकृष्ण मेमोरियल हॉल, समाहरणालय परिसर, मोतिहारी में रक्सौल, सुगौली, नरकटिया, केसरिया, गोविन्दगंज एवं हरसिद्धी विधानसभा क्षेत्रों का लेखा परीक्षण सम्पन्न हुआ। तो वहीं कृषि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी में मोतिहारी, चिरैया एवं ढाका विधानसभा क्षेत्रों के अभ्यर्थियों का व्यय प्रक्षेक द्वारा लेखा जाँच किया गया। नोडल पदाधिकारी सह राज्य कर संयुक्त आयुक्त संतोष कुमार ने आगे बताया कि केसरिया विधानसभा के दो अभ्यर्थी एवं गोविन्दगंज विधानसभा के एक अभ्यर्थी प्रारंभिक लेखा जांच में अनुपस्थित पाए गए थे। इन्हें नोटिस जारी किया गया, जिसके उपरांत सभी ने अपना लेखा परीक्षण पूर्ण कराया। साथ ही उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित अधिकतम व्यय सीमा रु - 40 लाख है। अब तक की समीक्षा (07 नवम्बर 2025 तक) में सबसे अधिक खर्च चिरैया विधानसभा के अभ्यर्थी लाल बाबू प्रसाद गुप्ता द्वारा किया गया है, जिनका कुल खर्च रु- 21,65,953.50 दर्ज हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि दिनांक 08 नवम्बर 2025 से 14 नवम्बर 2025 (चुनाव घोषणा तिथि तक) के बीच के व्ययों की अंतिम जांच, चुनाव घोषणा तिथि के 26वें दिन से प्रारंभ की जाएगी। अभी तक के सभी अभ्यर्थियों के लेखा परीक्षण का विवरण चुनाव आयोग के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने व्यय पंजी के साथ स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर अंतिम लेखा जांच अनिवार्य रूप से कराएं। ऐसा नहीं करने पर, उन्हें भविष्य में किसी भी चुनाव में भाग लेने से वंचित किया जा सकता है। वहीं श्री कुमार ने बताया कि लेखा जांच के दौरान चारों व्यय प्रक्षेक, सभी अएड, लेखा दल एवं अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण कोषांग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी लेखा दलों एवं सहायक व्यय प्रक्षेकों को निर्देशित किया कि चुनाव परिणाम घोषणा तिथि तक अभ्यर्थियों के खर्च का पूरा ब्योरा संधारित रखा जाए। इसके साथ ही SST, FST, VST, MCMC एवं अन्य निगरानी दलों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने तथा अभ्यर्थियों के सभी खर्चों की कड़ी निगरानी रखते हुए व्यय विवरण व्यय प्रक्षेक को नियमित रूप से प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। इस प्रकार, जिले में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु अभ्यर्थियों के खर्चों की निरंतर मॉनिटरिंग और लेखा परीक्षण की प्रक्रिया सुचारु रूप से जारी है।

> चुनावी खर्च की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशाशन की सख्त निगरानी

## सभी मतदाता अपना मतदान निश्चित रूप से करें : स्टेट स्वीप आईकॉन नीतू चंद्रा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिला में 11 नवंबर को मतदान होना है। इसको लेकर मतदाता जागरूकता के लिए बिहार स्टेट के आइकॉन प्रसिद्ध सिने अभिनेत्री सुश्री नीतू चंद्रा का मोतिहारी आगमन हुआ। जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण के द्वारा मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में मतदाता जागरूकता संबंधी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें तीन हजार से ज्यादा की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जागरुक करते हुए सुश्री नीतू चंद्रा ने कहा कि हमारी ताकत, हमारी पहचान, हमारा अधिकार- मताधिकार है। मताधिकार कोई मामूली चीज नहीं है,यह संविधान के द्वारा प्रदान किया गया है और यह केवल देश के नागरिकों को प्राप्त है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अनुरोध किया कि आप 11 नवंबर को सबसे पहले अपना मतदान करें। यह अवसर बार-बार नहीं आता, 5 वर्षों में एक बार आता है, इसे आप ध्यान में रखें। कार्य तो आएंगे, होते रहेंगे, कार्य करते भी रहिए परंतु अपना मतदान जरूर कीजिए। उन्होंने सभी मतदाताओं का आह्वान किया कि आप अपने मतदान केंद्र जाएं,वहां सभी सुविधाएं जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग के द्वारा उपलब्ध कराया गया है। मतदान केंद्र को बिल्कुल मतदाता फ्रेंडली बनाया गया है। आप मतदान केंद्र जाएं और अपना मतदान करें। अपना मतदान अपनी स्वेच्छा से करें, बिना भय एवं प्रलोभन के करें। महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में आयोजित कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं स्टेट स्वीप आइकॉन सुश्री नीतू चंद्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला स्वीप की वरीय नोडल पदाधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा की प्रशिक्षु पदाधिकारी सुश्री प्रिया रानी सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शहर वासी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित मतदाता समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने संवैधानिक दायित्वों का एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। आपके मतदान से राज्य एवं राष्ट्र को मजबूती मिलेगी। मतदान जरूर करें। उन्होंने भी कहा कि" पहले मतदान- फिर जलपान" जिला में यह नारा पूरी बुलंदी पर छाए हुए हैं, सभी मतदाताओं से जिला प्रशासन अनुरोध करता है कि आप अपने मताधिकार का प्रयोग करें। प्रेक्षा गृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन आदित्य मानस के द्वारा किया गया। यहां से निकलने के बाद सुश्री नीतू चंद्रा रामगढ़वा प्रखंड के बड़की पखनहिया गांव गई जहां पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने उनका पारंपरिक विधि विधान से उनका स्वागत किया। यहां पर भी जागरूकता अभियान के अंतर्गत उन्होंने सभी लोगों से अपना मतदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता सुश्री श्री प्रिया रानी, वरीय उप सहार्ता श्री अमरेश कुमार, जिला स्वीट नोडल ज्ञानेश्वर प्रकाश एवं निधि कुमारी, डीपीएम जीविका, शिक्षा विभाग के शकील अहमद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।








## 243 प्रतिशत बढ़ गया एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स का मुनाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ब्यूटी और फैशन ई–टेलर नायका की पेरेंट कंपनी एफएसएन ई–कॉमर्स वेंचर्स लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में आज 7 पर्सेंट तक की तेजी देखी गई और यह 262 रुपये पर आ गया था। शेयरों में यह तेजी शानदार सितंबर तिमाही के नतीजे के बाद देखी गई है। नायका ने बीते शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए जुलाई–सितंबर तिमाही के अपने परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने दूसरी तिमाही के अपने समेकित नेट प्रॉफिट में 243 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 34.43 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 10.04 करोड़ था। नायका का रेवेन्यू भी वित्तीय वर्ष 2025–26 की जुलाई–सितंबर तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 2,345.98 करोड़ हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 1,874.74 करोड़ था, जैसा कि कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों में बताया गया है। शुद्ध लाभ में क्रमिक आधार पर 48 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के 23 करोड़ से बढ़कर 2,155 करोड़ हो गया। ब्रोकरेज हाउस मॉर्गन स्टैनली ने नायका के शेयर पर अपना ओवरवेट रेटिंग बरकरार रखा है और 271 का टारगेट प्राइस तय किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि कंपनी को अपने दोनों प्रमुख व्यवसायों (ब्यूटी और फैशन) में विकास की गति बनाए रखने का भरोसा है। मॉर्गन स्टैनली ने यह भी अनुमान लगाया कि तीसरी तिमाही में नायका का ब्यूटी सेगमेंट प्रदर्शन मजबूत रहेगा, जिसे नायकालैंड इवेंट और सेल सीजन का समर्थन मिलेगा। इसी तरह, सीएलएसए ने भी नायका पर अपनी आउटपरफॉर्म रेटिंग को बरकरार रखा है और 298 का टारगेट प्राइस तय किया है। ष्टरुस्न ने वित्त वर्ष 2026 से 2028 के लिए नायका के श्वक्क्र (अर्निंग पर शेयर) अनुमान में 2 प्रतिशत से 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। वर्तमान में, नायका पर 25 विश्लेषकों का कवरेज है, जिनमें से 12 ने बाय की, चार ने होल्ड की और 9 ने बेचने की रेटिंग दी है।

## भारत में लॉन्च हुई मोटापे की नई दवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमक्योर कंपनी के शेयरों की कीमत में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसका कारण यह है कि कंपनी ने वजन घटाने की एक प्रसिद्ध दवा को भारत में लॉन्च करने के लिए नोवो नॉर्डिस्क नामक बहुराष्ट्रीय कंपनी के साथ एक महत्वपूर्ण सौदा किया है। नोवो नॉर्डिस्क की भारतीय शाखा ने एमक्योर कंपनी के साथ मिलकर पोविज़्ट्रा नामक एक दवा लॉन्च करने का फैसला किया है। यह दवा वेगोवी नामक उनकी प्रसिद्ध वजन–घटाने वाली दवा का ही एक दूसरा ब्रांड है। इस साझेदारी का मुख्य लक्ष्य भारत में मोटापे के इलाज को और अधिक लोगों तक पहुंचाना है। इस सौदे के तहत, एमक्योर कंपनी को भारत में इस दवा के डिस्ट्रीब्यूशन और मार्केटिंग का विशेष अधिकार मिल गया है। एमक्योर कंपनी इस दवा के विपणन और वितरण की जिम्मेदारी संभालेगी। कंपनी का देशव्यापी नेटवर्क इस दवा को बड़े शहरों के साथ–साथ छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों तक भी पहुंचाने में मदद करेगा, जहां तक नोवो नॉर्डिस्क की सीधी पहुँच सीमित है। पोविज़्ट्रा दवाइयों में सेमाग्लुटाइड नामक एक सक्रिय तत्व होता है। यह एक प्रकार का इंजेक्शन है, जिसे सप्ताह में केवल एक बार लगाया जाता है। यह दवा शरीर में भूख को नियंत्रित करके और कैलोरी इंटेक कम करके वजन घटाने में मदद करती है। वैश्विक शोधों में देखा गया है कि इस दवा का उपयोग करने वाले हर तीन में से एक व्यक्ति का 20 प्रतिशत से अधिक वजन कम हुआ है। इसके अलावा, यह दिल की बीमारियों के खतरे को भी कम करती है। नोवो नॉर्डिस्क के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह साझेदारी भारत में मोटापे के इलाज को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि एमक्योर के मजबूत नेटवर्क के साथ मिलकर वे सुरक्षित और प्रभावी उपचार को और अधिक लोगों तक पहुंचा पाएंगे। दवा को भारतीय मरीजों तक लेकर आने पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

### भारत के लिए मुसीबत बनेगी अमेरिका और चीन की दोस्ती

# मेक इन इंडिया को लगेगा झटका



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ट्रेड वॉर के बीच अमेरिका और चीन नजदीक आते दिखाई दे रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी जहां चीन पर लगाए गए टैरिफ में नरमी दिखाई है तो वहीं चीन ने भी कुछ ढील दी है। वहीं इन दोनों देशों की नजदीकी भारत के लिए मुसीबत बन सकती है। इसका सबसे ज्यादा असर भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री पर दिखाई दे सकता है। इसे लेकर इंडस्ट्री ने अपनी चिंता भी सरकार के सामने जताई है।

भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री ने सरकार से कहा है कि वह अपनी सहायक नीतियों को जारी रखे। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार इंडस्ट्री को चिंता है कि अगर अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक संबंध सामान्य हो जाते हैं, तो इससे भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सपोर्ट की वह प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो जाएगी जो उसने बड़ी मुश्किल से हासिल की है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री मेक इन इंडिया की सबसे बड़ी सफलता की कहानी है। अगर इस इंडस्ट्री को नुकसान होता है तो यह मेक इन इंडिया स्कीम के लिए भी झटका होगा।

**भारत पर क्या पड़ेगा असरत्न** भारत पिछले कई सालों से चीन की तुलना में फायदे की स्थिति में था। साल 2018 से अमेरिका ने ट्रंप और जो बाइडेन दोनों प्रशासनों के तहत अमेरिकी व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत चीन पर लगातार टैरिफ लगाए हैं। इसने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक बड़ा बदलाव शुरू किया। इस फायदे ने भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात को बढ़ावा दिया। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में अमेरिका को निर्यात 42 प्रतिशत बढ़कर 22.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2025 की इसी अवधि में यह 15.6 अरब डॉलर था। स्मार्टफोन, जो इस श्रेणी में सबसे ऊपर हैं, उनमें भी तेज वृद्धि देखी गई।

### क्यों बढ़ी इंडस्ट्री की चिंता

इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री सरकार के पास तब पहुंची जब अमेरिका ने चीन पर लगाए गए फेंटानिल टैरिफ को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया। यह फैसला 30 अक्टूबर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई लंबी बातचीत के बाद आया। 6 नवंबर को सरकार को लिखे एक पत्र में इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि फेंटानिल टैरिफ में हुई इस कमी ने भारत के सापेक्ष लागत लाभ को 10 प्रतिशत अंक तक कम कर दिया है। इस एसोसिएशन ने यह भी बताया है कि अगर यह स्थिति बनी रहती है या इसमें और ढील दी जाती है तो यह भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता, निवेश के प्रति आकर्षण और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना के तहत उत्पादन की गति को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। एप्पल, गूगल, मोटोरोला, फॉक्सकॉन, वीवो, ओप्पो, लावा, डिक्सन, फ्लेक्स और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी कंपनियां सदस्य हैं। वैश्विक व्यापार और राजनीतिक हालात ऐसे हो सकते हैं कि चीन अंतत: भारत और अन्य देशों की तुलना में टैरिफ के मामले में नुकसान में न रहे। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि वाशिंगटन ने घरेलू मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए बीजिंग के साथ अपने व्यापार के लिए अपेक्षाकृत अनुकूल शर्तें तय की हैं।

## अमेरिका को गैलियम-जर्मेनियम जैसे अहम तत्वों पर मिली राहत, चीन ने हटाए निर्यात प्रतिबंध



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन ने गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी जैसे तत्वों पर अमेरिका के लिए लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को इसकी घोषणा की।

मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि यह फैसला कुछ दोहरे इस्तेमाल वाली वस्तुओं पर लागू नियंत्रण उपायों के आंशिक निलंबन से जुड़ा है। इसमें गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी जैसे औद्योगिक पदार्थ शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक, यह निलंबन घोषणा संख्या- 46 (2024) की दूसरी धारा पर लागू होगा और यह नौ नवंबर 2025 से 27 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेगा। पहले इस धारा के तहत अमेरिका को इन औद्योगिकी पदार्थों के निर्यात पर रोक थी और ग्रेफाइट के निर्यात पर सख्त जांच की शर्तें थीं। वहीं, पहली धारा पहले की तरह लागू रहेगी, जिसमें अमेरिकी सेना या सैन्य उपयोग के लिए दोहर उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात पर रोक है। वाणिज्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह अस्थायी निलंबन केवल दूसरी धारा के लाइसेंस और समीक्षा से जुड़ी पाबंदियों पर लागू होगा। पिछले साल दिसंबर में चीन ने चेतावनी दी थी कि अगर कोई भी संगठन या व्यक्ति चीन में बने दोहरे उपयोग वाले सामानों को अमेरिकी संस्थाओं को अवैध रूप से भेजेगा, तो उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका और चीन के बीच एक अहम व्यापार और आर्थिक समझौता हुआ। यह समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के बीच दक्षिण कोरिया के बुसान में मुलाकात के बाद हुआ।

## टाटा ग्रुप की कंपनी ट्रेंट लिमिटेड का 7 प्रतिशत टूटा

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा ग्रुप की कंपनी ट्रेंट लिमिटेड के शेयरों में आज 7 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। कमजोर तिमाही नतीजों से निवेशक काफी निराश दिखाई दे रहे हैं। ट्रेंट लिमिटेड के शेयरों के प्रदर्शन को लेकर ब्रोकरेज हाउस भी उत्साहित नहीं है। इस टाटा ग्रुप की कंपनी के शेयरों के टारगेट प्राइस में कटौती की गई है। शेयर बाजार में ट्रेंट लिमिटेड के शेयर बीएसई में 4621.60 रुपये के लेवल पर खुले थे। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 7 प्रतिशत की गिरावट के बाद 4298 रुपये के लेवल पर आ गए। यह कंपनी का 52 वीक लो लेवल है। ट्रेंट ने दी जानकारी में कहा है कि सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी ने दी जानकारी में कहा है कि ट्रेंट लिमिटेड का प्रॉफिट (टैक्स भुगतान के बाद) 373.42 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 335.06 करोड़ रुपये रहा था। यानी सालाना आधार पर कंपनी के प्रॉफिट में 11.45 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। रेवन्यू की बात करें तो सितंबर तिमाही में यह 4817.68 करोड़ रुपये रहा है। जोकि साल दर साल के आधार पर 16 प्रतिशत अधिक है।

## त्योहारी मांग और जीएसटी सुधारों से बढ़ी कर्ज की रफ्तार

### बैंकों की कमाई में तेजी के आसार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
आने वाले महीनों में बैंकों की कमाई बढ़ने की उम्मीद है। सिस्टमैटिक्स रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, बैंकों की मुनाफे में बढ़त चार वजहों से हो सकती है, ज्यादा कर्ज देने की रफ्तार, जमा पर घटती ब्याज दरें, नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कमी और असुरक्षित लोन (जैसे पर्सनल लोन) में फिसलन कम होना।

**माइक्रोफाइनेंस संस्थानों में लोन न चुकाने के मामलों में आई कमीत्न** रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंक इस समय जमा पर दी जाने वाली ब्याज दरों को दोबारा तय कर रहे हैं, जिससे उनके खर्च कम होंगे और मुनाफा बढ़ेगा। साथ ही, माइक्रोफाइनेंस संस्थानों (एमएफआई) में लोन न चुकाने के मामलों में कमी आई है, जिससे बैंकों की हालत और बेहतर होगी। बैंकों के नेट इंटरेस्ट




मार्जिन में आ सकती है गिरावट रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बैंकों का नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) यानी ब्याज से होने वाली कमाई थोड़ा कम रह सकती है, लेकिन आगे जाकर ये स्थिर होने की उम्मीद है। कुछ बैंकों ने तो उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन भी किया है। ज्यादातर बैंकों के लिए लोन पर मिलने वाला ब्याज (यील्ड) थोड़ा घटा है, लेकिन इसका असर कम रहा क्योंकि बैंकों के लिए जमा और उधार पर ब्याज का खर्च भी घटा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरों में किए गए बदलाव का पूरा फायदा बैंकों को वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में दिखेगा। साथ ही, नकद आरक्षित अनुपात में कटौती का असर भी धीरे-धीरे नजर आएगा। बैंक प्रबंधन का अनुमान है कि तीसरी तिमाही में मुनाफे का मार्जिन स्थिर रहेगा और चौथी तिमाही से इसमें सुधार शुरू होगा, बशर्ते ब्याज दरों में आगे कोई कटौती न हो। पहली तिमाही में जहां कर्ज की रफ्तार धीमी थी, वहीं दूसरी तिमाही में इसमें तेजी आई। इसका कारण है जीएसटी दरों में कमी और त्योहारी सीजन की बढ़ती मांग। इसी वजह से सालाना आधार पर क्रेडिट ग्रोथ बढ़कर 11.4 फीसदी तक पहुंच गई। हालांकि दूसरी तिमाही में बैंकों के मुनाफे के कमजोर रहने की उम्मीद थी, लेकिन नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 3 अक्तूबर 2025 तक बैंकिंग सिस्टम के कुल कर्ज में तिमाही आधार पर 4.2 प्रतिशत और सालाना आधार पर 11.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

## अब सैंडविच भी बेचेगा हल्दीराम! अमेरिका के मशहूर ब्रांड के साथ हाथ मिलाने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत की सबसे बड़ी एथनिक फूड कंपनी हल्दीराम ग्रुप अब वेस्टर्न स्टाइल के क्विक सर्विस रेस्टोरेंट खोलने की तैयारी में है। इसके लिए वह अमेरिका की ग्लोबल रेस्टोरेंट कंपनी इंस्पायर ब्रांड्स के साथ एक खास फ्रेंचाइजी डील करने की तैयारी में है। इस डील के तहत हल्दीराम ग्रुप भारत में इंस्पायर ब्रांड्स की सैंडविच चेन जिमी जॉन्स को लॉन्च करेगा। हल्दीराम ग्रुप का फाउंडर अग्रवाल परिवार सबवे और टिम हॉर्टन्स जैसे ग्लोबल ब्रांड्स से मुकाबला करना चाहता है। उसकी नजर युवा पीढ़ी के उन ग्राहकों पर है जो वेस्टर्न कैफे-स्टाइल फॉर्मेट को बहुत पसंद करते हैं। ईटी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है।

इंस्पायर ब्रांड्स के पास दो और ग्लोबल ब्रांड्स हैं जो पहले से भारत में मौजूद हैं। इनमें ग्लोबल कॉफी और डोनट चेन डंकिन शामिल है, जो जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड ( के साथ फ्रेंचाइजी पार्टनरशिप में काम कर रही है। वहीं, आइसक्रीम और केक ब्रांड बास्किन-रॉबिन्स




ग्रेविस ग्रुप के साथ मिलकर भारत में अपना कारोबार चला रहा है। हल्दीराम ग्रुप की एफएमसीजी कंपनी का नाम हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड है।

### जिमी जॉन्स का बिजनेस

अगर यह डील पक्की हो जाती है, तो नया क्यूएसआर चेन हल्दीराम ग्रुप के रेस्टोरेंट बिजनेस के तहत आएगा। हल्दीराम का रेस्टोरेंट बिजनेस फिलहाल करीब 2,000 करोड़ का है और भारत में इसके 150 से ज्यादा आउटलेट हैं। हल्दीराम के प्रवक्ता ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। वहीं, इंस्पायर ब्रांड्स ने भी कमेंट के लिए भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं दिया।

जिमी जॉन्स की शुरुआत 1983 में हुई थी। यह सबवे की तरह ही सैंडविच और रैप बनाने वाली एक चेन है। अमेरिका, कनाडा, साउथ कोरिया और यूएई में इसके 2,600 से ज्यादा रेस्टोरेंट हैं। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक अमेरिका में जिमी जॉन्स डिलीवरी सैंडविच ब्रांड्स में सबसे बड़ी है और इसकी कुल बिक्री 2.6 बिलियन है। इंस्पायर ब्रांड्स एक मल्टी-ब्रांड रेस्टोरेंट कंपनी है। कंपनी के लीडर्स ने हाल ही में अपनी कमाई की रिपोर्ट के बाद कहा है कि वे इंटरनेशनल फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट के जरिए नए बाजारों में विस्तार करना चाहते हैं। भारत का फूड सर्विसेज मार्केट इंस्पायर ब्रांड्स की स्थापना साल 2018 में हुई थी। यह फिलहाल चार ग्लोबल बाजारों में काम कर रही है। 2024 तक इसकी ग्लोबल सिस्टम सेल्स 32.6 बिलियन थी और इसके 33,000 रेस्टोरेंट थे। कंपनी ने अभी 2025 के आंकड़े जारी नहीं किए हैं। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज में दर्ज जानकारी के अनुसार हल्दीराम स्नैक्स फूड ने वित्त वर्ष 2024 में 12,800 करोड़ का रेवेन्यू और 1,400 करोड़ का नेट प्रॉफिट दर्ज किया।

नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत का फूड सर्विसेज मार्केट वित्त वर्ष 2028 तक 7.76 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो वित्त वर्ष 2024 में 5.69 लाख करोड़ था। इस बढ़ोतरी के पीछे युवा उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या, बाहर खाने की आदतों में लगातार वृद्धि और फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स द्वारा लास्ट-माइल डिलीवरी को आसान बनाना जैसे कारण बताए गए हैं।

## डिजिटल लेन-देन में तेजी: यूपीआई से हर दिन करोड़ों ट्रांजेक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सितंबर 2024 में राजस्थान के 13 लोगों के गैंग ने हैदराबाद की एक मशहूर इलेक्ट्रॉनिक्स चेन को करीब चार करोड़ रुपये का चूना लगा दिया। तरीका क्या था गैंग के लोग दुकान में जाते, महंगे फ्रिज-टीवी चुनते, क्यूआर कोड की फोटो खींचते। राजस्थान से उनके साथी असली पेमेंट करते। सामान मिल जाता, फिर बैंक में चार्जबैक कंप्लेंट डालकर पैसा वापस मंगा लेते और सामान भी रख लेते। पुलिस ने सबको पकड़ा, 1.72 लाख रुपये कैश और 50 लाख का सामान बरामद हुआ।

यूपीआई ने कमाल कर दिया। अक्तूबर-2025 में 20.7 अरब से ज्यादा ट्रांजेक्शन, 27 लाख करोड़ रुपये का भुगतान। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, यूपीआई से 18 अक्तूबर को अकेले एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का लेन-देन हुआ। करीब 67.5 करोड़ ट्रांजेक्शन प्रतिदिन हो रहे हैं, यानी दुनिया के आधे डिजिटल पेमेंट भारत में।

सरकार ने हाल में ही संसद को बताया कि- 2022-23 से 2023-24 में फ्रॉड केस पूरे 85 प्रतिशत बढ़ गए-मतलब दोगुने से भी ज्यादा। पैसे की ठगी 89.7 फीसदी बढ़ी-यानी ठग अब बड़े भुगतानों पर निशाना लगा रहे हैं। अप्रैल से सितंबर, 2024 तक 6.32 लाख केस दर्ज हुए। 485 करोड़




रुपये डूब गए। अगर यह रफ्तार बनी रही, तो इस साल यूपीआई फ्रॉड का रिकॉर्ड बनेगा। यानी क्व्ह्व का इस्तेमाल जिस गति से बढ़ रहा है, फ्रॉड भी उतनी ही तेजी से बढ़ रहे हैं। गौरतलब है कि यह आंकड़ा उस धोखाधड़ी का है, जिनकी शिकायत हुई है। जो रिपोर्ट नहीं हुए, उन्हें मिलाने के बाद आंकड़ा काफी बड़ा हो सकता है। कलेक्ट रिक्वेस्ट पर बड़ी कार्रवाई- अक्तूबर 2025 से पीयर-टू-पीयर (यानी दो लोगों के बीच) कलेक्ट रिक्वेस्ट पूरी तरह बंद किए। पहले रिफंड आया है या केवाईसी कर लें जैसे संदेशों के जरिये कलेक्ट रिक्वेस्ट आते थे और अप्रूव करते ही पैसे कट जाते थे। ध्यान रखें, इस तरह का कोई भी मैसेज फ्रॉड होता है।

## मार्केट क्रैश को लेकर कियोसाकी ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
क्या दुनिया में एक और आर्थिक संकट आने वाला है रिच डैड पुअर डैड के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी ने इससे जुड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर चेतावनी दी है कि बाजार में बड़ी गिरावट आने वाली है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा है कि वह घबराकर अपनी संपत्ति बेच नहीं रहे हैं। बल्कि खरीद रहे हैं। उन्होंने यह चेतावनी नकली नोटों के कारण दी है।

रॉबर्ट कियोसाकी ने अपनी पोस्ट में सोना, चांदी, बिटकॉइन आदि में एक टार्गेट प्राइस सेट किया है। उन्होंने साल 2026 तक सोने का भाव 27,000 डॉलर और बिटकॉइन का भाव 2,50,000 डॉलर तक पहुंचने का बड़ा लक्ष्य रखा है। साथ ही उन्होंने अमेरिकी ट्रेजरी और फेडरल रिजर्व पर नकली पैसा छापने का आरोप लगाया है। सोना और बिटकॉइन पर क्यों जताया



भरोसा कियोसाकी का कहना है कि सोना और बिटकॉइन पर उनका भरोसा पैसे के नियमों पर आधारित है। उन्होंने लिखा, सोने के लिए मेरा लक्ष्य मूल्य 27 हजार डॉलर है। यह कीमत मुझे मेरे दोस्त जिम रिकार्ड्स से मिली है... और मेरे पास दो सोने की खदानें भी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने साल 1971 में सोना खरीदना शुरू कर दिया था, उसी साल जब राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने अमेरिकी डॉलर को सोने के मानक से हटा दिया था। कियोसाकी ने कहा, निक्सन ने ग्रेशम के नियम का उल्लंघन किया, जो कहता है कि जब नकली पैसा सिस्टम में आता है... तो असली पैसा छिप जाता है। इसलिए मैं सोना, चांदी, बिटकॉइन और एथेरियम खरीदता रहता हूं, भले ही वे गिर रहे हों।

कियोसाकी ने अन्य संपत्तियों के लिए भी बड़े अनुमान बताए। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है, साल 2026 तक चांदी 100 डॉलर तक पहुंच जाएगी। मेरे पास चांदी की खदानें हैं और मुझे पता है कि नई चांदी की आपूर्ति कम है। एथेरियम 60 डॉलर तक जाएगा। यह अनुमान मुझे टॉम ली से मिला है।

**फेड और ट्रेजरी की आलोचनात्न** कियोसाकी ने अमेरिकी नीति निर्माताओं को लेकर तीखी आलोचना की। उन्होंने लिखा, दुर्भाग्य से अमेरिकी ट्रेजरी और फेड नियमों को तोड़ते हैं। वे अपने बिलों का भुगतान करने के लिए नकली पैसा छापते हैं। अगर आप और मैं वही करते जो फेड और ट्रेजरी कर रहे हैं... तो हम कानून तोड़ने के आरोप में जेल में होते। उन्होंने आगे कहा, आज अमेरिका इतिहास का सबसे बड़ा कर्जदार देश है और इसलिए मैं लगातार बचत करने वालों को नुकसान की चेतावनी दे रहा हूं।

### पहले भी दे चुके हैं चेतावनी

कियोसाकी पहली बार ऐसी कोई चेतावनी नहीं दे रहे हैं। वह पहले भी ऐसे आर्थिक संकट के बारे में बताते रहे हैं। उनकी यह ताजा पोस्ट फिएट मनी (सरकारी मुद्रा) पर अविश्वास और दुर्लभ संपत्तियों पर दांव लगाने की उनकी पुरानी सोच को दर्शाती है। कियोसाकी के लिए हर गिरावट घबराने का संकेत नहीं, बल्कि यह खरीदने का एक अवसर है।

## Japan Open Badminton

# जापान ओपन में लक्ष्य-प्रणय पर रहेंगी नजरें

### दोनों की निगाहें लय हासिल करने पर





**कुमामोटो (जापान), एजेंसी।** लक्ष्य मौजूदा सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्हें यहां सातवीं वरीयता दी गई है। अल्मोड़ा के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। भारतीय शटलर एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 475,000 डॉलर इनामी कुमामोटो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी लय फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे। लक्ष्य मौजूदा सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्हें यहां सातवीं वरीयता दी गई है। अल्मोड़ा के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय को ओलंपिक से पहले चिकनगुनिया होने के बाद से संघर्ष करना पड़ रहा है। वह एक महीने से ज़्यादा समय के ब्रेक के बाद वापसी करेंगे। वह मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे। अमेरिकी ओपन विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में थाईलैंड के शीर्ष वरीयता प्राप्त कुनलावुत विटिडसार्न से भिड़ेंगे। मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली का मुकाबला कोरिया के जियोन ह्योक जिन से होगा, जबकि किरण जॉर्ज का मुकाबला क्वालीफायर से होगा। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गादे का मुकाबला प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की अमेरिकी जोड़ी से होगा।

# हॉकी इंडिया ने किया विश्वकप के लिए टीम का ऐलान

### ज्योति सिंह को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुषार खांडेकर की कोचिंग वाली 20 सदस्यीय टीम में 18 मुख्य खिलाड़ी और दो वैकल्पिक खिलाड़ी शामिल हैं। हॉकी इंडिया ने चिली के सैंटियागो में 25 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप के लिए ज्योति सिंह की अगुवाई में 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुषार खांडेकर की कोचिंग वाली 20 सदस्यीय टीम में 18 मुख्य खिलाड़ी और दो वैकल्पिक खिलाड़ी शामिल हैं। मुख्य कोच खांडेकर ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मैं टीम और उसके मौजूदा प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। मेरा मुख्य सिद्धांत अनुशासन है और इस टीम को बनाते समय मैंने इसे ध्यान में रखा है। हमने कड़ी मेहनत की है तथा पिछले कुछ महीनो में हमारे खिलाड़ियों ने अपने खेल में काफी सुधार किया है। भारत को पूल सी में रखा गया है और वह अपने अभियान की शुरुआत एक दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह तीन दिसंबर को जर्मनी और फिर पांच दिसंबर को आयरलैंड का सामना करेगा। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी, जो सात से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। खांडेकर ने कहा, हम सभी चिली की यात्रा के लिए तैयार और उत्साहित हैं। लड़कियां विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से प्रेरित हैं।

### न्यूजीलैंड बनाम वेस्टइंडीज

# बारिश से धुला चौथा टी20 मैच



## न्यूजीलैंड के पास 2-1 से लीड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच नेल्सन में चौथा टी20 मैच बारिश के चलते बेनतीजा रहा। इस मुकाबले में सिर्फ 6.3 ओवरों का ही खेल हो सका। फिलहाल पांच मुकाबलों की सीरीज में न्यूजीलैंड 2-1 से आगे है। इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। वेस्टइंडीज ने संभली हुई शुरुआत की। आमिर जंगू और एलिक एथनाज ने 5.2 ओवरों में 30 रन की साझेदारी की। एथनाज 18 गेंदों में 2 छक्कों और 1 चौकों के साथ 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आमिर ने कप्तान शाई होप के साथ मोर्चा संभाला। दोनों खिलाड़ियों ने दूसरे विकेट के लिए 8 रन जुटा लिए थे, लेकिन इसी बीच बारिश ने खेल रोक दिया, जिसके बाद यह दोबारा शुरू नहीं हो सका। आमिर 18 गेंदों में 12 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी इस पारी में 2 चौके शामिल रहे। वहीं, शाई होप ने टीम के खाते में 3 रन जोड़े। विपक्षी टीम की ओर से जेम्स नीशम इकलौते सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 1 ओवर में 5 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। ऑकलैंड में खेले गए टी20 सीरीज के पहले मैच को वेस्टइंडीज ने 7 रन से अपने नाम किया था। इसी मैदान पर सीरीज का दूसरा मुकाबला भी खेला गया, जिसमें न्यूजीलैंड ने 3 रन से जीत दर्ज करते हुए सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। नेल्सन में सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला गया, जिसे 9 रन से जीतकर न्यूजीलैंड ने सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।

### पाकिस्तान हॉकीः

# पाकिस्तान हॉकी टीम के कोच ताहिर जमान ने ढाका जाने से किया इनकार



**कराची, एजेंसी।** विश्वकप क्वालिफायर से ठीक पहले पाकिस्तान हॉकी में इस तरह का विवाद टीम की तैयारी पर असर डाल सकता है। ताहिर जमान जैसे अनुभवी ओलंपियन का हटना फेडरेशन के लिए एक बड़ा झटका है। अब यह देखना होगा कि पीएचएफ इस मतभेद को सुलझाकर कोच को वापस मना पाता है या नहीं। पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच ताहिर जमान ने चयन प्रक्रिया में दखल के आरोप लगाते हुए ढाका दौरे पर जाने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान हॉकी टीम रविवार को तीन मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश रवाना हुई, लेकिन इस बार उसके साथ उसका हेड कोच नहीं गया। सूत्रों के मुताबिक, ताहिर ने टीम में एक खिलाड़ी की अंतिम समय पर चयन का विरोध किया था। इस विवाद के चलते उन्होंने दौरे से खुद को अलग कर लिया।

पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के सचिव राणा मुजाहिद ने इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि यह मामला जल्द ही सुलझ जाएगा। उन्होंने कहा, ताहिर का मानना है कि जो खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में देर से पहुंचे, उन्हें राष्ट्रीय टीम में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। राणा ने बताया कि राना वहीद और हम्माद अंजुम जैसे खिलाड़ी विदेशी लीग के अनुबंधों के कारण शिविर में देर से शामिल हुए थे, और कोच उनके चयन से नाखुश थे।

### ढाका में खेली जाएगी अहम सीरीज

अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान के लिए ढाका में तीन मैचों की यह सीरीज़ आयोजित की है ताकि टीम को हॉकी विश्वकप क्वालिफायर में जगह बनाने का मौका मिले। यह सीरीज इसलिए भी अहम है क्योंकि पाकिस्तान ने इस साल भारत में हुए एशिया कप में टीम नहीं भेजी थी, जो विश्वकप क्वालिफायर के तौर पर खेला गया था।

### अंतिम निर्णय मेरा होना चाहिए

ताहिर जमान के करीबी सूत्रों के मुताबिक, पूर्व ओलंपियन का मानना है कि जब तक खिलाड़ियों को यह अहसास नहीं होगा कि टीम के अंतिम निर्णय का अधिकार कोच के पास है, तब तक प्रदर्शन में सुधार नहीं हो सकता। वहीं पीएचएफ का कहना है कि कई खिलाड़ियों की देरी अनिवार्य कारणों से हुई थी और उनके ऊपर नकद जुर्माना लगाने का फैसला लिया गया है।

### नई जिम्मेदारी टीम मैनेजर के पास

पीएचएफ सचिव राणा मुजाहिद ने बताया कि बांग्लादेश दौरे पर अब टीम की जिम्मेदारी टीम मैनेजर मोहम्मद उस्मान संभालेंगे, जो अस्थायी तौर पर हेड कोच की भूमिका भी निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ताहिर जमान के साथ मतभेद नहीं सुलझे, तो फेडरेशन विदेशी कोच की नियुक्ति पर विचार करेगा।

# लियोनेल मेसी ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

- करियर की 400वीं असिस्ट पूरी की, रिकॉर्ड से बस चार कदम दूर



### मेसी के करियर के आंकड़े

मेसी अब तक क्लब और देश के लिए कुल 1133 मैच खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 894 गोल किए हैं और 400 असिस्ट दी हैं। उनके चिर-प्रतिद्वंद्वी क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस लिस्ट में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं, जिनके नाम 304 करियर असिस्ट हैं।


**नई दिल्ली, एजेंसी।** लियोनेल मेसी उम्र के इस पड़ाव पर भी मैदान पर वही जुनून, वही क्लास दिखा रहे हैं। चाहे गोल हों या असिस्ट, मेसी अब भी फुटबॉल का दूसरा नाम हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि क्या वे फेरेंक पुस्कास का रिकॉर्ड तोड़कर सर्वकालिक असिस्ट किंग बन पाएंगे। फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों में शुमार लियोनेल मेसी ने एक और ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। इंटर मियामी की ओर से खेलते हुए मेसी ने करियर की 400वीं असिस्ट पूरी कर ली है। यह उपलब्धि उन्होंने मेजर लीग सॉकर प्लेऑफ के पहले राउंड के तीसरे मुकाबले में हासिल की, जिसमें इंटर मियामी ने नैशविल स्पोर्टिंग क्लब को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मुकाबले में मेसी ने दो गोल दागे और दो असिस्ट दिए, यानी टीम के सभी चार गोलों में उनकी अहम भूमिका रही। इसी के साथ वे अब फेरेंक पुस्कास के सर्वकालिक असिस्ट रिकॉर्ड से सिर्फ चार कदम दूर रह गए हैं।

# बिग बॉस ने बदली किस्मत, ये एक्ट्रेस अब आईपीएलस्टार से रचाएंगी शादी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिग बॉस तमिल 4 में अपनी परफॉर्मेंस और स्टाइल से फैंस के दिलों में जगह बनाने वाली एक्ट्रेस संयुक्ता एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह है उनकी पर्सनल लाइफ। खबरों के मुताबिक, संयुक्ता जल्द ही चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी और कमेंटेटर अनिरुद्ध श्रीकांत के साथ सात फेरे लेने वाली हैं। संयुक्ता पहले कार्तिक नाम के व्यक्ति से शादीशुदा थीं, लेकिन दोनों के रिश्ते में दूरी आने के बाद उन्होंने तलाक ले लिया। अब एक्ट्रेस की नई लव स्टोरी फिर से सुर्खियों में है। दिवाली के मौके पर संयुक्ता ने अनिरुद्ध के साथ अपनी एक प्यारी सी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसके बाद फैंस ने उन्हें बेस्ट कपल करार दे दिया। तस्वीर में दोनों बेहद खुश और रिलैक्स नजर आ रहे थे। संयुक्ता ने कैप्शन में लिखा, नई शुरुआत हमेशा रौशनी से होती है। इस लाइन ने उनके रिलेशन को लेकर तमाम अफवाहों को सच साबित कर दिया।

# 961 करोड़ का जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम अब होगा ध्वस्त, 1982 एशियाड और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों का था गवाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली का ऐतिहासिक जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम अब इतिहास बन जाएगा। सरकार ने इसको ध्वस्त करने और यहां नई वर्ल्ड-क्लास स्पोर्ट्स सिटी बनाने की योजना बनाई है। इस स्टेडियम में अब तक कुल 961 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं और यह 1982 एशियाई खेलों और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों का भी गवाह रहा है।

**इतिहास और अहमियत** - जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम को सबसे पहले 1982 एशियाई खेलों के लिए बनाया गया था। साल 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों से पहले इसमें भारी सुधार और अपग्रेडेशन किया गया, जिसमें आधुनिक सुविधाओं के साथ खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल था। हाल ही में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप से पहले इसके अपग्रेडेशन के लिए 50 करोड़ रुपये और खर्च किए गए थे।

### इंडिया-साउथ अफ्रीका

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज इन 2 भारतीयों के लिए अहम

### एक की जगह पर खतरा, दूसरे को करनी है अश्विन की भरपाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज भारत के 2 खिलाड़ी साई सुदर्शन और कुलदीप यादव के लिए अहम होगी। साई सुदर्शन जगह पक्की करनी चाहेंगे। वहीं, कुलदीप यादव को रविचंद्रन अश्विन की भरपाई करके भारतीय टेस्ट टीम में मुख्य स्पिनर के तौर पर खुद को स्थापित करने का मौका होगा। अश्विन, रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद पहली बार भारतीय टीम घरेलू सरजमीं पर स्थ्व्ह देशों की किसी टीम से भिड़ेगी। भारतीय टीम ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साइकल 2025-27 की शुरुआत शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबरी करके की। इसके बाद घरेलू सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम की थी। इंग्लैंड दौरे पर साई सुदर्शन को नंबर-3 पर आजमाया गया। 3 मैचों की 6 पारियों में उन्होंने 140 रन बनाए। इसके बाद उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नंबर-3 पर मौका मिला।

**वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कुछ खास प्रदर्शन नहीं** - वेस्टइंडीज जैसी कमजोर टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में साई के पास नंबर 3 पर जगह पक्का करने का मौका था। उन्होंने 1 अर्धशतक की मदद से 133 रन बनाए। इसके बाद साई ने साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ 2 मैचों की अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज में 84 रन बनाए। अब साई को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नंबर 3 पर मौका मिलेगा तो उन्हें अच्छा प्रदर्शन करना होगा।



- **साई सुदर्शन का टेस्ट करियर** – साई को ध्यान रखना होगा कि ध्रुव जुरेल को शानदार प्रदर्शन करने के कारण बतौर बल्लेबाज खिलाने की चर्चा चल रही है। ध्यान रखना चाहिए कि देवदत्त पडिक्कल जैसा खिलाड़ी बाहर बैठा है। ऐसे में साउथ अफ्रीका के खिलाफ तमिलनाडु के इस बल्लेबाज के बल्ले से रन नहीं निकलते हैं तो उन्हें बेंच पर बिठाया जा सकता है। साई ने 5 मैचों की 9 पारियों में 30.33 के औसत से 273 रन बनाए हैं। इसमें 2 अर्धशतक शामिल हैं।
- **7 साल में केवल 15 टेस्ट खेले कुलदीप** – कुलदीप यादव की तुलना ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न से होती है। इसके बाद भी उन्हें 2018 में भारत के लिए टेस्ट डेब्यू करने के बाद केवल 15 टेस्ट खेलने को मिले हैं। उनके आंकड़े शानदार हैं, लेकिन अश्विन और जडेजा की मौजूदगी में कुलदीप को ज्यादा खेलने को नहीं मिला। उन्होंने 21.69 के औसत से 68 विकेट लिए हैं। कुलदीप की जगह पर खतरा नहीं है, लेकिन उन्हें खुद को भारतीय टेस्ट टीम का प्रमुख स्पिनर बनने के लिए साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में दमदार प्रदर्शन करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के महिपालपुर में मिली मणिपुरी महिला की लाश

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के महिपालपुर स्थित एक घर के बाथरूम में 23 वर्षीय युवती का लाश मिलने का मिलने का मामला सामने आया है। मृतका मूलरूप से मणिपुर की रहने वाली थी। उसके साथ में पानी गर्म करने की इलेक्ट्रिक रॉड थी, जिसे देखकर करंट लगने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रविवार रात 8ः19 बजे थाना वीके साउथ में महिपालपुर के एक घर में अंदर से बंद कमरे के अंदर एक महिला मृत पाए जाने की पीसीआर कॉल आई थी। कॉल मिलने पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और देखा कि एक महिला बाथरूम में मृत पड़ी हुई थी। महिला के हाथ में एक इलेक्ट्रिक रॉड थी। पड़ोसियों से शुरुआती पूछताछ में पता चला हि मृतका मणिपुर की रहने वाली थी। पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि मृतका नहाने के लिए बाथरूम गई थी और पानी गर्म करने के लिए इलेक्ट्रिक रॉड का इस्तेमाल कर रही थी। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आई तो उसकी दोस्त जो उसी बिल्डिंग में रहती है, उसे देखने गई और पाया कि दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद उसने इस बारे में पीसीआर कॉल कर इसकी सूचना दी। पुलिस द्वारा क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया और क्राइम सीन का मुआयना किया गया। शव को बाद में पोस्टमॉर्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया गया। प्रथमदृष्टया, पूछताछ से यह करंट से मौत का मामला लग रहा है और अब तक कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है।

### एमसीडी उपचुनाव से पहले शोएब इकबाल ने छोड़ा आप का साथ, दिया इस्तीफा




नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली नगर निगम उपचुनाव से पहले ही आम आदमी पार्टी की दिल्ली यूनिट को तगड़ा झटका लगा है। पूर्व विधायक शोएब इकबाल ने रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) छोड़ने की घोषणा कर दी। शोएब इकबाल चांदनी महल वार्ड में एमसीडी उपचुनाव के लिए अपनी पसंद के उम्मीदवार को टिकट नहीं दिए जाने से नाराज बताए जा रहे हैं। दिलचस्प यह कि उनके बेटे आले मोहम्मद इकबाल मटिया महल विधानसभा क्षेत्र से आप विधायक हैं। दिल्ली के मटिया महल विधानसभा क्षेत्र से सात बार विधायक रहे शोएब इकबाल ने रविवार को सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की घोषणा की। शोएब इकबाल ने कहा कि मैं आम आदमी पार्टी की नीतियों से नाखुश हूं। आप आंदोलन से निकली पार्टी है लेकिन अब यह अपनी राह से भटक गई है। मैंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। अब कभी भी आप में वापस नहीं लौटूंगा। शोएब इकबाल ने चांदनी महल वार्ड के लिए आम आदमी पार्टी की ओर से चुने गए उम्मीदवार पर भी नाखुशी जताते हुए कहा कि मैं इस इलाके से छह बार विधायक रहा हूं। मेरा बेटा पार्षद था और सबसे ज्यादा मतों के अंतर से जीता था। जब उसने विधानसभा चुनाव लड़ा तो सबसे ज्यादा अंतर से जीत दर्ज की। पार्टी ने एमसीडी उपचुनाव के लिए जिस उम्मीदवार को टिकट दिया है। उसको कोई नहीं जानता। इतना ही नहीं शोएब इकबाल ने संकेत दिया कि और भी लोग पार्टी छोड़ सकते हैं। सोमवार को कुछ बड़े घटनाक्रम हो सकते हैं। बता दें कि आम आदमी पार्टी ने इस क्षेत्र से मुद्दसिर उस्मान कुरैशी को मैदान में उतारा है। शोएब के बयान से माना जा रहा है कि निगम उपचुनाव में चांदनी महल वार्ड की सीट पर शोएब और उनके बेटे आले मोहम्मद इकबाल की सहमति के बिना उम्मीदवार का ऐलान किया गया। मोहम्मद इकबाल पूर्व में 2022 में आप की टिकट से चांदनी महल से पार्षद बने। इसके बाद आप की निगम सरकार में उपमहापौर रहे और साल 2025 में आप के टिकट से मटिया महल से विधायक निर्वाचित हुए। शोएब इकबाल ने अपने इस्तीफे की घोषणा सोशल मीडिया पर करते हुए कहा कि पार्टी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान नहीं किया है।

# दिल्ली की हवा में मामूली सुधार, एक्यूआई अब भी बहुत खराब

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह आबोहवा में थोड़ा सुधार देखने को मिला, लेकिन अब भी यह बहुत खराब कैटेगरी में ही बनी हुई है। आज सुबह 8 बजे एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 345 दर्ज किया गया था, जो रविवार को रिकॉर्ड किए गए 391 से कम था।

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 379, अलीपुर में 360, अशोक विहार में 367, बवाना में 412, बुराड़ी क्रॉसिंग में 389, चांदनी चौक में 360, द्वारका सेक्टर-8 में 356, आइटीओ में 367, जहांगीरपुरी में 389, मुंडका में 378, नरेला में 368, ओखला फेज 2 में 348, पटपड़गंज में 376, पंजाबी बाग में 324, आरके पुरम में 363, रोहिणी में 390 और सोनिया विहार में 369 दर्ज किया गया।

राहुल नाम के एक व्यक्ति ने कहा कि शहर में सचमुच बहुत ज्यादा प्रदूषण है। यह कोहरा नहीं है, यह प्रदूषण है। हमें सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन हो रही है। सरकार को इसे रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। पटाखे फोड़े गए, पराली जलाने से निकलने वाला धुआं भी दिल्ली आता है।

सीपीसीबी के डेटा के अनुसार, एक दिन पहले रविवार को दिल्ली में हवा की क्वालिटी बहुत खराब कैटेगरी में चली गई थी, सुबह 7 बजे कुल एक्यूआई 391 रिकॉर्ड किया गया था। बता दें कि, 0 से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51-100 को संतोषजनक, 101-200 को मध्यम, 201-300 को खराब, 301-400 को बहुत खराब और 401-500 को गंभीर माना जाता है।




गौरतलब है दिल्ली पुलिस ने रविवार रात इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में ले लिया। ये लोग सरकार से नेशनल कैपिटल रीजन में एयर पल्यूशन को कम करने के लिए पॉलिसी बनाने की मांग कर रहे थे।

# 5 करोड़ का क्रिप्टो लेन-देन, दुबई कनेक्शन; साइबर फ्रॉड का मास्टरमाइंड पकड़ा गया

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की साइबर सेल ने आज बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने डिजिटल अरेस्ट और निवेश धोखाधड़ी रैकेट के मुख्य सरगना गिरफ्तार किया है। उसके पास से 5 करोड़ के क्रिप्टो लेन-देन का पता चला है। टीम ने इसके लिए दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में कई राज्यों में छापे मारे थे। जांच में 5 करोड़ की क्रिप्टोकरेंसी का लेन-देन दुबई में बैठे हैंडलर्स से जुड़ा हुआ पाया गया। जांच में फर्जी कंपनियां, म्यूल अकाउंट (अवैध पैसे के लेनदेन के लिए इस्तेमाल होने वाले खाते), और ई-कॉमर्स की आड़ में चल रहे फ्रंट ऑपरेशंस का भंडाफोड़ हुआ है।

धोखाधड़ी करने वालों ने म्यूल करेंट अकाउंट खुलवाने के लिए पीजी में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों का इस्तेमाल किया। उन्होंने इन व्यक्तियों का विश्वास जीतने और सिबिल स्कोर सुधारने में मदद के बहाने छोटी बीमा पॉलिसी सहायता की पेशकश की। ये लोग दुबई में बैठे हैंडलर्स के निर्देश पर फर्जी फर्मों के खातों का संचालन करते थे। धोखाधड़ी से मिले पैसों को क्रिप्टोकरेंसी में बदला गया और लगभग 552,944 स्ल्ज्ञ (लगभग 5 करोड़) रखने वाले तीन वॉलेट का पता लगाया गया है।

यह दुबई में बैठे हैंडलर सुमित गर्ग के तहत काम करने वाला मुख्य सिंडिकेट ऑपरेटर था। इसकी गिरफ्तारी संदिग्ध ई-कॉमर्स गतिविधियों के तकनीकी विश्लेषण के बाद हुई। गुरुग्राम में छापे के दौरान कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड, लैपटॉप, चेक बुक, और डेबिट/क्रेडिट कार्ड मिले हैं। यह डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी का एक मुख्य खिलाड़ी है–जो पुलिस अधिकारी बनकर लोगों से पैसे ऐंठता था। यह उस मामले से जुड़ा है जहां शिकायतकर्ता से 30 लाख की ठगी की गई थी। लंबे समय तक निगरानी रखने के बाद, उसे उत्तराखंड के रूड़की से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से हाई-एंड गैजेट्स और एक स्कॉर्पियो-एन एसयूवी बरामद हुई। जेल से रिहा होने के बाद, वह साइबर गिरोहों में शामिल हो गया और म्यूल अकाउंट की सप्लाई करने में विशेषज्ञ बन गया।

# अमेरिका में आंध्र प्रदेश की 23 साल की छात्रा की रहस्यमय मौत, खांसी और सीने में दर्द बना काल?

वाशिंगटन , एजेंसी। अमेरिका के टेक्सास में एक 23 साल की भारतीय छात्रा की मौत ने झकझोर कर रख दिया है। आंध्र प्रदेश की रहने वाली राजलक्ष्मी (राजी) यार्लागड्डा टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी-कोर्पस क्रिस्टी से हाल ही में ग्रेजुएट हुई थीं। वे अमेरिका में नौकरी की तलाश कर रही थीं, लेकिन 7 नवंबर 2025 को उनकी लाश उनके अपार्टमेंट में मिली।



राजी आंध्र के बापटला जिले के करमचेडू गांव की थीं और किसान माता-पिता की मदद करने का सपना लेकर अमेरिका गई थीं। उनके चचेरे भाई चैतन्य वाईवीके ने बताया कि राजी पिछले दो-तीन दिनों से तेज खांसी और सीने में दर्द से पीड़ित थीं। 7 नवंबर की सुबह उनका अलार्म बजा, लेकिन वे नहीं उठीं। दोस्तों ने बाद में पता लगाया कि वे सोते-सोते ही दुनिया से चली गईं।

**मौत का कारण जानने की हो रही है कोशिश:** गौरतलब है कि फिलहाल अमेरिका में राजी के शव का मेडिकल परीक्षण चल रहा है। डॉक्टरों की टीम सटीक वजह पता करने में लगी है। चैतन्य के मुताबिक, राजी अकेली रहती थीं और बीमारी के बावजूद उन्होंने किसी को ज्यादा नहीं बताया। उनकी मौत अचानक हुई, जो सभी के लिए हैरान करने वाली है। परिवार को उम्मीद है कि जांच से सच सामने आएगा।

राजी ने अमेरिका में पढ़ाई पूरी की और नौकरी की कोशिशें तेज कर दी थीं। वे अपने माता-पिता की इकलौती उम्मीद थीं। गांव में छोटी सी जमीन पर खेती और पशु पालकर गुजारा करते हैं। राजी का सपना था कि अच्छी नौकरी मिले और माता-पिता को आर्थिक मदद मिले। लेकिन यह सपना अब चूर-चूर हो गया।

चैतन्य ने टेक्सास के डेंटन से गोफंडमी पर फंडरेजर शुरू किया है। इसका मकसद राजी के परिवार की मदद करना है। अपील में लिखा है कि राजी का परिवार गांव की छोटी जमीन से जुड़ा है। फसल और जानवर ही उनकी जिंदगी हैं। राजी सबसे छोटी थीं और भविष्य की उम्मीद लेकर गई थीं। उनकी मौत से परिवार टूट गया और आर्थिक संकट आ गया। फंड से अंतिम संस्कार का खर्च, शव को भारत लाने का खर्च, पढ़ाई के कर्ज की अदायगी और माता-पिता को कुछ सहारा दिया जाएगा। चैतन्य ने अपील में कहा, ÷राजी का दिल उम्मीदों से भरा था। वह माता-पिता के लिए बेहतर कल बनाना चाहती थीं। अब परिवार को हमारी मदद की जरूरत है।÷ यह कैंपेन परिवार की मुश्किलें कम करने की कोशिश है।

# पीएलए का इंजीनियरों से बढ़ा विवाद!

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस और विमान इंजीनियरों के संगठन के बीच विवाद गहराने के कारण सप्ताहांत के दौरान कई उड़ान रद्द कर दी गई। राष्ट्रीय विमानन कंपनी पीआईए ने दावा किया कि उड़ान रद्द किए जाने के कारण केवल मौसम या परिचालन संबंधी दिक्कतें थीं, जबकि 'सोसाइटी ऑफ एयरक्राफ्ट इंजीनियर्स ऑफ पाकिस्तान ने कहा कि जब तक ÷गंभीर मुद्दों÷ पर पीआईए प्रबंधन और संगठन के बीच बातचीत नहीं होती, तब तक उड़ान संचालन में समस्याएं बनी रहेंगी।

हफीज खान ने कहा कि इंजीनियरों की हड़ताल के कारण उड़ान रद्द होने की खबरें गलत और भ्रामक हैं। उन्होंने बताया, ÷इंजीनियरिंग कर्मचारियो की इस हड़ताल से उड़ान संचालन प्रभावित नहीं हुआ है, क्योंकि नागरिक उड्डयन प्राधिकरण और अन्य विमानन कंपनियों के सहयोग से वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि उड़ानें समय पर संचालित हो सकें।÷ कुछ टीवी चैनलों पर, सप्ताहांत में उड़ान रद्द होने या असामान्य देरी के कारण कराची और लाहौर के हवाई अड्डों से यात्री निकलते हुए दिखे। एक नाराज यात्री ने कहा, ÷जो भी विवाद है, उसे सीएए द्वारा जल्दी सुलझाया जाना चाहिए, क्योंकि सबसे ज्यादा नुकसान यात्री उठा रहे हैं।

# पाकिस्तान की मस्जिद में नमाज पढ़ रहे पुलिसकर्मी की हत्या, हमलावरों ने चलाई ताबड़तोड़ गोलियां

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां पर एक मस्जिद के अंदर पुलिस कॉन्स्टेबल की हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

समाचार एजेंसी पीटीआई की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि स्थानीय पुलिस ने कहा कि अज्ञात बंदूकधारियों ने रविवार को इस हत्याकांड को अंजाम दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अफगानिस्तान की सीमा से लगे टैंक जिले के गुल इमाम पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में आने वाले मोहम्मद अकबर गांव में हेड कॉन्स्टेबल शाह नवाज की गोली मारकर हत्या कर दी गई।



पुलिस का कहना है कि जिस कॉन्स्टेबल को मारा गया है, वह छुट्टियों पर गया हुआ था और जब लौटा था, तो हमलावरों ने नमाज के दौरान उसको निशाना बनाया। हत्या के बाद पुलिस ने शव को जिला मुख्यालय अस्पताल भेज दिया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है। पीटीआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस क्षेत्र में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी आतंकवादी संगठनों के निशाने पर हैं। इस घटना के तुरंत बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंची हैं। इलाके की घेराबंदी की गई है और अपराधियों का पता लगाने के लिए जांच और तलाशी अभियान शुरू किया।

पाकिस्तान के पुलिस अधिकारियों ने इस घटना की निंदा की है। अधिकारियों ने इस हमले को शांति को कमजोर करने और ड्यूटी के दौरान सेवा कर रहे लोगों को निशाना बनाने का कायरतापूर्ण प्रयास करार दिया है।

## आसिम मुनीर पाकिस्तान में कर रहे 'साइलेंट तख्तापलट

इस्लामाबाद, एजेंसी। पड़ोसी देश पाकिस्तान में इन दिनों चुपचाप बहुत कुछ बदल रहा है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद फील्ड मार्शल बन गए। फिर उनकी वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होती है और दोनों देशों के बीच संबंध अचानक बदल जाते हैं। पीएम शहबाज शरीफ से ज्यादा आसिम मुनीर को तवज्जो मिलने से साफ था कि उनका कद अब आर्मी चीफ से कहीं ज्यादा है। भले ही परदे के पीछे से वह काम कर रहे हैं, लेकिन वही वास्तविक सरकार हैं। अब तो पाकिस्तान में संविधान में ही एक बदलाव हो रहा है, जिसकी तुलना साइलेंट तख्तापलट से की जा रही है और कहा जा रहा है कि इसके बाद तो हर तरह से सुप्रीम पावर आसिम मुनीर ही होंगे। पाकिस्तान में पहले भी सैन्य शासन आते रहे हैं, लेकिन इस बार आसिम मुनीर राजनीतिक नेतृत्व को मोहरा बनाए रखते हुए सत्ता चलाने की जुगत में हैं। इसी के तहत पाकिस्तान के संविधान में 27वां संशोधन कराया जा रहा है और इस पर संसद में वोटिंग होनी है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस संशोधन के जरिए संविधान के अनुच्छेद 243 को बदला जाएगा। इससे पूरी पावर ही आसिम मुनीर के हाथ होगी।

● ढाका से भारत पर हमले की रच रहा साजिश; रिपोर्ट में खुलासा

# चुपचाप नहीं बैठा है हाफिज सईद

इस्लामाबाद , एजेंसी। लश्कर-ए-तैय्यबा का चीफ हाफिज सईद एक बार फिर भारत पर हमले की साजिश कर रहा है। नई खुफिया जानकारी के अनुसार, आतंकी सईद बांग्लादेश को एक नए लॉन्चपैड के रूप में तैयार कर रहा है। इसकी मदद से वह भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में है।

दरअसल, ये खुलासा 30 अक्तूबर को पाकिस्तान के खैरपुर तमीवाली में हुई एक रैली में हुआ है। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**लश्कर के कमांडर का वीडियो वायरल:** बता दें कि सामने आए वीडियो में लश्कर-ए-तैय्यबा के एक प्रमुख कमांडर सैफुल्लाह को देखा जा सकता है, साफ तौर पर कह रहा है कि हाफिज सईद चुप नहीं बैठा है; वह बांग्लादेश के रास्ते भारत पर हमला करने की तैयारी कर रहा है।

लश्कर-ए-तैय्यबा के कमांडर ने दावा किया कि उसका संगठन पहले से ही पूर्व पाकिस्तान यानी बांग्लादेश में सक्रिय रहा है, और वह भारत को ऑपरेशन सिंदूर का जवाब देने की तैयारी कर रहा है।



**आतंकियों को बांग्लादेश भेज रहा हाफिज सईद:** टीओआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, आतंकी हाफिज सईद ने अपने एक करीबी सहयोगी को बांग्लादेश भेजा है, ताकि वह जिहाद के बहाने स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथी बना सके और उन्हें आतंकवादी प्रशिक्षण दिया जा सके।

वीडियो में लश्कर-ए-तैय्यबा का ये कमांडर खुलेआम लोगों को भारत के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए उकसाते हुए देखा जा सकता है। हैरान करने वाली बात है कि इस कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं। इससे साफ है कि ये आतंकवादी संगठन भारत के खिलाफ जिहाद के मकसद से नाबालिगों का शोषण और उन्हें भड़काने की कोशिश कर रहा है।

लश्कर-ए-तैय्यबा के कमांडर सैफुल्लाह ने अपने भाषण में पाकिस्तानी सेना की जमकर तारीफ की। उसने कहा कि 9 और 10 मई की रात के बाद पाकिस्तान ने जवाब दिया, जबकि अमेरिका और बांग्लादेश भी कथित तौर पर पाकिस्तान के करीब आ रहे हैं। हालांकि, वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि दैनिक जागरण नहीं करता है।

# आप ने डेटा में हेरफेर के आरोप संग भाजपा पर बोला हमला

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने राजधानी और पूरे उत्तर भारत में बढ़ते प्रदूषण लेवल के बीच मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर धोखाधड़ी और एयर क्वालिटी डेटा में हेरफेर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि जब प्रदूषण बढ़ता है तो एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशन बंद कर दिए जाते हैं या उनके चारों ओर आर्टिफिशियल स्प्रे किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा प्रदूषण कम करना नहीं, बल्कि उसके आंकड़े कम करना है। भारद्वाज ने कहा कि प्रदूषण की समस्या दिल्ली और उत्तर भारत के लिए नई नहीं है। लोगों में खासकर पढ़े-लिखे लोगों में गुस्सा सरकार के धोखे और डेटा में हेरफेर की वजह से है। जैसे ही प्रदूषण बढ़ता है, सरकार एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशन बंद कर देती है। जहां भी एक्यूआई ज्यादा होता है, उन एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशनों के आसपास स्प्रे किया जा रहा है... लोग यह देखकर परेशान और हैरान हैं कि बड़े-बड़े संस्थान इस हेरफेर में शामिल हैं और यह धोखाधड़ी खुलेआम हो रही है। सरकार की मंशा प्रदूषण कम करना नहीं, बल्कि उसके आंकड़े कम करना है। इससे पहले रविवार को दिल्ली पुलिस ने इंडिया गेट



पर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में ले लिया था, जो सरकार से राजधानी में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए नीतियां बनाने की मांग कर रहे थे।

डीसीपी (नई दिल्ली) देवेश कुमार महला ने कहा, इंडिया गेट विरोध प्रदर्शन की जगह नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के लिए तय जगह जंतर-मंतर है। इसीलिए हमने सभी को गाइडलाइंस का पालन करने की सलाह दी है। इंडिया गेट पर लोग अपने परिवारों के साथ घूमने आते हैं और यह एक राष्ट्रीय स्मारक है। यहां वीआईपी रूट हैं, हम यहां नियमित रूप से तैनात रहते हैं।

'आप' प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी भाजपा सरकार ने रीडिंग कम करने के लिए एक्यूआई मॉनिटर पर पानी छिड़कवाया। कक्कड़ ने मांग की कि सरकार दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए नीतियां बनाए, क्योंकि वह इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुई थीं।

प्रियंका कक्कड़ ने कहा, भाजपा ने रीडिंग कम करने के लिए एक्यूआई मॉनिटर पर पानी छिड़कवाया। भाजपा डेटा में हेरफेर कर रही है। इससे भाजपा की ईमानदारी और विश्वसनीयता कम होती है। भाजपा के लोगों को भी हमारे साथ यहां होना चाहिए था, लेकिन वे अपने एयर प्यूरीफायर के साथ घर पर बैठे हैं। भाजपा को यह समझना होगा कि हवा और पानी राजनीति का मामला नहीं है।

दिवाली के बाद से दिल्ली-एनसीआर में एयर क्वालिटी इंडेक्स कई इलाकों में खराब और बहुत खराब कैटेगरी में बना हुआ है। यहां ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का स्टेज 2 के प्रतिबंध अब भी लागू हैं।

सेंट्रल पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के मुताबिक, रविवार को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बहुत खराब कैटेगरी में चली गई, सुबह 7 बजे ओवरऑल एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 391 रिकॉर्ड किया गया। शहर के कई हिस्सों में प्रदूषण का लेवल खतरनाक हो गया, एक्यूआई रीडिंग 400 के पार चली गई। सीपीसीबी डेटा के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 412, अलीपुर में 415 और बवाना में सबसे अधिक 436 रिकॉर्ड किया गया। चांदनी चौक में एक्यूआई 409 रहा, जबकि आरके पुरम और पटपड़गंज में क्रमशः 422 और 425 दर्ज किया गया। सोनिया विहार में भी बहुत खराब एक्यूआई 415 रिकॉर्ड किया गया, जो पूरे शहर में खतरनाक हवा की स्थिति का संकेत देता है।

# झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन तैयार : उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में आज झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने बताया कि झारखण्ड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष झारखंड एट 25 थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जो 11 नवंबर से 15 नवंबर, 2025 तक जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में संबंधित अधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। उन्होंने बताया कि

**झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे**

उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने कहा कि झारखण्ड राज्य स्थापना के अवसर पर 11 नवम्बर से 15 नवम्बर, 2025 तक राज्य स्तर पर प्रस्तावित गतिविधियों के अनुरूप जिले में परिसंपत्तियों का वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे, जिसमें 11 नवंबर, 2025 को रन फोर झारखंड का आयोजन किया जायेगा। साथ ही सभी प्रखंडों के लिए एक एक जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके अलावे पंचायत स्तर पर प्रभात फेरी, विशेष ग्राम सभा, विशेष रोजगार दिवस एवं सभी प्रखंडों में झारखंड के 25 वर्ष पर परिचर्चा भी की जाएगी। 12 नवंबर, 2025 को "सुबह-ए-झारखंड" चिन्हित स्थलों पर पारंपरिक नृत्य एवं पंचायत के प्रत्येक गांव में प्रातः 9:00 बजे से ग्राम सभा एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 'सबके लिए आवाज' संकल्प सभा का आयोजन किया जाना है। इस सभा में लाभुकों को आवास योजनाओं से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी जाएगी तथा लंबित आवासों को पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही इसके तहत अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं अबुआ आवास योजना की स्वीकृत आवासों के लाभुकों को स्वीकृति पत्र वितरण किया जाएगा एवं सभी आवास योजनाओं के पूर्ण आवासों में समारोह पूर्वक गृह प्रवेश कराया जाएगा, जिसके तहत जिले के 2580 आवासों में माननीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में गृह प्रवेश कराया जाएगा। 13 नवंबर, 2025 को "नो योर टूरिस्ट पैलेस" कार्यक्रम के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रखंडों में जलछाजन रैली सह कलश यात्रा अनुजलछाजन समिति के सभी सदस्य एवं हितग्राहियों के द्वारा अपने-अपने टोला से रैली प्रारंभ कर कार्यक्रम स्थल जो कि नजदीकी अमृत सरोवर अथवा तालाब तक की जाएगी। इसके अलावा जल साजन गीत शपथ ग्रहण पौधारोपण एवं रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही सभी प्रखंडों में जलछाजन विषय पर एक सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा। 14 नवंबर, 2025 को पेटरवार प्रखंड में पारंपरिक लोक नृत्य एवं पारंपरिक पहनावा में जतारा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ सभी स्कूलों में पेंटिंग प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही सामुदायिक प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र (सीएमटीसी) का उद्घाटन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जेएसएलपीएस के द्वारा प्रखंडों में किया जाएगा। 15 नवंबर, 2025 को मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जिले के 109 पंचायत में गुरुजी पाठशाला तथा जिला राम रुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय परिषद में गुरुजी रात्रि पाठशाला (247) सह पुस्तकालय का उद्घाटन किया जाएगा। 16 नवंबर, 2025 को मीडिया सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के मीडिया प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा।

**सोशल मीडिया पर चलाया जाएगा हैशटैग अभियान-**

उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने कहा कि झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चित्रकला, कविता, भाषण एवं अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन सभी सरकारी एवं गैर सरकारी अस्पतालों में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावे सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, नाटक एवं संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा। सरकार की कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी आमजनों को दिया जाएगा। साथ ही लाभुको को परिसम्पति वितरण किया जाएगा। उपयुक्त अजय नाथ झा ने आमजनमानस एवं मीडिया साथियों से अपील किया है कि इस सिल्वर जुबली कार्यक्रम के सभी कार्यक्रमों में भाग लेकर इसे सफल बनाएं। संवाददाता सम्मेलन के दौरान उप विकास आयुक्त श शताब्दी मजूमदार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती हेमलता बुन सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अतिक्रमण हटाओ अभियान के खिलाफ प्रदर्शन आज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ और आम आदमी पार्टी की ओर से मंगलवार 11 नवंबर को बोकारो समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया जायेगा। सेल प्रबंधन और जिला प्रशासन के द्वारा गत शनिवार को बोकारो हवाई अड्डा के पास चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान से प्रभावित लोग इसमें शामिल रहेंगे। यह जानकारी महासंघ के संरक्षक सह आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने दी है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त बोकारो को मांगपत्र सौंप कर न्याय की मांग की जाएगी।मांगपत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जिन मीट दुकानदारों की दुकानें तोड़ी गयी हैं या जिन्होंने स्वयं ही व्यवसाय बंद कर दिया है, उन्हें पुनर्वासित करने की मांग की जाएगी। जो अन्य दुकानदार और झुग्गीवासी बेघर हुए हैं, उन्हें मुआवजा देने और पुनर्वासित करने, सदमें से मृत युवक ओम कुमार के परिवार को पर्याप्त मुआवजा देने, बेघर हुए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के गरीबों को सरकारी सहायता देने और सरकारी योजनानुसार आवास देने सहित अन्य मांगे शामिल रहेंगे।

### सुरक्षित रहकर कार्य करें, सुरक्षा प्रथम तब उत्पादनः प्रेम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ की एक बैठक बोकारो स्टील प्लांट के सी आर एम 1 एवं 2 विभाग के ए आर पी कएवं 2 मे इंड्रॉक्स ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के कामगारों के साथ हुई।, बैठक की अध्यक्षता रामा शंकर शर्मा और संचालन संघ के संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र महतो ने किया। संघ के महामंत्री प्रेम कुमार के समक्ष कामगारो ने अपनी



समस्याओं को रखा। संघ के महामंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि आई जी पी एल के अध्यक्ष ने आश्वासत किया है कि बकाया मांगो मे से अर्जित छुट्टी का पैसा सभी को इसी माह मिल जायेगा ' वेज की त्रुटियां जल्द ही दूर कर लिया जायेगा ' सुरक्षा सामग्री जल्द से जल्द उपलब्ध करा दिया जायेगा। बैठक मुख्य रूप से संघ के कार्यकारी अध्यक्ष एन के सिंह, सचिव शैलेन्द्र कुमार,गुडू सिंह. नवल किशोर गिरी, जय प्रकाश यादव, अहमद हुसैन अंसारी, जाहिद अंसारी, धन बिहारी यादव, श्याम सुन्दर राय, कामता, जगनाथ नापीत, हरेंद्र नाथ पाण्डेय, नागेंद्र कुमार सिंह,प्रताप, किशोरी राउत, शामिल थे।

### कर्ज व जुआ की लत के कारण युवक ने की आत्महत्या

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह थाना अंतर्गत बनसिमली गांव के पास रेलवे ट्रैक से बीरबल आचार्य नामक 25 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया। कर्ज के कारण आत्महत्या बताया जा रहा है। वह बीएसएल प्लांट में ठेका मजदूर के रूप में काम करता था। घटना के संबंध में मृतक के पिता कार्तिक आचार्य ने बताया कि बीरबल ने कहा था कि वह प्लांट में किसी से दो लाख कर्ज लिया था। अगर कर्ज के पैसे उसे नहीं मिले तो वह ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर लेगा। उसके पिता ने उसे दो लाख दे दिए थे। पिता ने बताया कि सोमवार की सुबह-सुबह शौच करने के लिए निकला था। काफी देर होने के बाद भी वह घर नहीं लौटा। तो गांव वालों ने जानकारी दी कि किसी का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। जाकर देखने पर पता चला कि उनके बेटे का ही शव है। इस संबंध में बालीडीह थाना के एएसआई एस मुर्मू ने बताया कि प्रथम दृष्टिया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। जांच में पाया गया है कि युवक जुआ भी खेलता था। पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज रही है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा किया जा सकेगा।

### मृतका के परिजनों को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लुगूबुरू घंटाबाड़ी धोरोंमगढ़ महोत्सव 2025 के दौरान 05 नवम्बर को एक दुखद घटना घटी थी, जब पश्चिम बंगाल के झारग्राम जिले से आई श्रद्धालु श्रीमती आलोका सोरेन (आयु 45 वर्ष) का पर्वतारोहण के दौरान अचानक निधन हो गया था। जानकारी के अनुसार, सोरेन अपने परिजनों के साथ पर्वत पर चढ़ाई कर रही थीं, तभी उन्हें अस्वस्थता महसूस हुई और कुछ ही क्षणों में उन्होंने अंतिम सांस ली। इस दुखद घटना पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। वहीं, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन बोकारो द्वारा सोमवार को मृतका के परिजनों को तत्काल रु. 1,00,000 (एक लाख रुपये) की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

# एफएसएसएआई ने किसी भी खाद्य लेवल पर ओआरएस शब्द के प्रयोग पर लगाई रोक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सिविल सर्जन सह अभिहित पदाधिकारी डॉ अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में ड्रग एण्ड केमिस्ट एसोसियेशन एवं चेम्बर आफ कामर्स के साथ बैठक की गई, जिसमें सभी दुकानदारों को बताया गया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने किसी भी खाद्य लेवल पर ओआरएस (ओरल रिहाईड्रेशन साल्ट) शब्द के प्रयोग पर रोक लगा दिया गया है। सभी दुकानदार से कहना है कि 15 दिनों के अन्दर अपने दुकानों से ओआरएस से सम्बन्धित पेय पदार्थ अपने अपने दुकानों से हटा दें। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुलाब लकड़ा ने बताया कि किसी भी खाद्य उत्पाद के नामकरण/ट्रेडमार्क में ओआरएस शब्द का प्रयोग चाहे वह फल आधारित, गैर काबोर्नेटेड हो या पीने के लिए तैयार पेय पदार्थ खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों और उसके तहत बनाये गये विनियमों का उल्लंघन करता है।

**खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 52 और 53 के तहत जुमार्ना-**



सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों यथा निमार्ताओं, थोक विक्रेताओं को निदेश दिया कि उक्त कानून का पालन करें। उक्त आदेश का अनुपालन यदि कोई भी दुकानदार नही करता है तो ऐसी स्थिति में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 52 और 53 के तहत दस लाख रुपए तक का जुमार्ना हों सकता है। बैठक के दौरान डॉ सुधा सिंह नोडल पदाधिकारी एन0सी0डी0, डॉ रेनू भारती जिला भीवीडी पदाधिकारी बोकारो, पुतली विलुंग औषधी निरीक्षक बोकारो, गुलाब लकडा खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी बोकारो सभी उपाधीक्षक अनुमण्डलीय अस्पताल बोकारो, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बोकारो जिला अन्तर्गत, रविशंकर जिला कार्यक्रम प्रबंधक बोकारो एवं कंचन जिला डाटा प्रबंधक बोकारो एवं ड्रग एण्ड केमिस्ट एसोसियेशन एवं चेम्बर आफ कामर्स बोकारो के सदस्य आदि उपस्थित थे।

# दूंदीबाद स्थित चिकन मटन की दुकानों को सील करने की कार्रवाई शुरू

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू करने में मीट मुर्गा की दुकान और अवैध निर्माण बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। जिस कारण व्यावसायिक उड़ान सेवा के लिए लाइसेंस नहीं मिल पा रहा है। एयरपोर्ट से सटे दून्दीबाद में स्थित मीट और मुर्गा के दुकानों को हटाने को लेकर बोकारो स्टील प्लांट के नगर प्रशासन के सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने आज एक बार फिर से कार्रवाई शुरू की है। लगभग दो दर्जन दुकानों को हटाने के लिए सम्पदा न्यायालय के द्वारा आदेश पारित किया गया है। इन दुकानों को सील करने पहुंचे बोकारो स्टील के अधिकारियों को देख दुकानदारों ने विरोध करना शुरू कर दिया। लेकिन



सभी दुकानों को सील करने का आदेश जारी किया गया है। मौके पर मौजूद टीए डिपार्टमेंट के डीजीएम कर्नल राजेंद्र शेखावत ने बताया कि आज दुकानदारों को इसकी जानकारी देनी थी। बोकारो हवाई अड्डे से उड़ान शुरू करने में यह दुकान बाधा उत्पन्न कर रहे हैं जिस कारण डीजीसीए के द्वारा लाइसेंस निर्गत नहीं किया जा रहा है। बीएस सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास ने बताया कि कार्रवाई को देखते हुए लोगों ने भीड़ जमा कर दिया लेकिन लोगों को समझाया गया है दुकानों को तोड़ा कहीं जाएगा अभी फिलहाल उसे सील किया जाना है।

# बीएसएल द्वारा बोकारो में सर्कुलर वाटर इकोनॉमी को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र जल संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करने जा रहा है. संयंत्र द्वारा बोकारो टाउनशिप में 30 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) क्षमता वाले अत्याधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थापना की जा रही है. यह परियोजना सर्कुलर वाटर इकोनॉमी को साकार करने और जीरो लिक्विड डिस्चार्ज के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बीएसएल की एक ऐतिहासिक पहल है. वर्तमान में बीएसएल अपने औद्योगिक कार्यों और टाउनशिप में घरेलू उपयोग हेतु लगभग 39 एमजीडी पेयजल की आपूर्ति करता है. संयंत्र और टाउनशिप से उत्पन्न लगभग 30 एमजीडी सीवेज एवं अपशिष्ट जल के वैज्ञानिक शोधन, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह परियोजना आरंभ की जा रही है. यह एसटीपी सीक्वेंशियल बैच रिएक्टर तकनीक पर आधारित होगा, जो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुरूप होगा. इसमें सीवेज जल के कुशल संग्रहण, शोधन एवं पुनः उपयोग हेतु आधुनिक अवसंरचना विकसित की जाएगी. शुद्ध किया गया जल दामोदर नदी से लिए जा रहे रॉ जल से भी बेहतर गुणवत्ता का होगा, जिसे इस्पात निर्माण प्रक्रिया में पुनः प्रयुक्त किया जाएगा. यह परियोजना हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल के तहत लागू की जाएगी, जिससे दीर्घकालिक संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी अनुभवी एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी. इस परियोजना का वर्क ऑर्डर वर्तमान वित्तीय वर्ष के भीतर जारी किए जाने की संभावना है, जिससे इसके शीघ्र क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा. परियोजना पूर्ण होने पर बीएसएल में जल संरक्षण, पर्यावरणीय अनुपालन और स्वच्छता के स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा. इससे संयंत्र की रॉ जल पर निर्भरता घटेगी तथा लगभग 4000-5000 घन मीटर प्रति घंटा कम जल दामोदर नदी से लिया जाएगा, जिससे लगभग ₹50 करोड़ रुपये प्रति वर्ष की बचत होगी. यह पहल स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन तथा नमामि गंगे जैसे राष्ट्रीय अभियानों की भावना के अनुरूप है. इसके साथ ही, लंबे समय से प्रतीक्षित म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना भी शीघ्र ही बोकारो स्टील टाउनशिप में स्थापित की जाएगी. 30 एमजीडी एसटीपी और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सुविधा के क्रियान्वयन के साथ, बोकारो टाउनशिप झारखंड का पहला ऐसा नगर बन जाएगा जहां इस क्षमता की इतनी उन्नत पर्यावरणीय सुविधाएँ एक साथ उपलब्ध होंगी. इन सभी पहलों के माध्यम से बोकारो इस्पात संयंत्र अपनी सतत विकास, जल संरक्षण, पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन और आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से अभिव्यक्त कर रहा है. यह प्रयास बीएसएल को एक ईको-एफिशिएंट, जिम्मेदार और भविष्य उन्मुख संगठन के रूप में और भी सशक्त बनाएगा.

# कुष्ठ रोगी खोज अभियान हेतु जागरूकता रथ रवाना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तत्वाधान में चलाए जा रहे कुष्ठ रोगी खोज अभियान जो आज 10 नवम्बर से 26 नवम्बर तक संचालित होगा, जिसके



व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सुधा सिंह के द्वारा सिविल सर्जन कार्यक्रम परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता वाहन जिले के सभी नौ प्रखंडों के सभी पंचायतों में जागरूक करेंगी। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि इस कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्ता जब भी घर-घर भ्रमण करें तो सिर्फ कुष्ठ की ही जानकारी न ले बल्कि कुष्ठ के साथ साथ मलेरिया, हाथी पावं, टी0बी आदि का भी जानकारी लें। जागरूकता रवानगी के दौरान जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सुधा सिंह, डॉ रेनू भारती, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविशंकर, जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष डीन, काय चिकित्सक सज्जाद आलम, अजय कुमार, मणिशंकर एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# धनबाद जिला विद्युत साउंड एंड डेकोरेटर संघ का द्वितीय वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**तोपचांची(धनबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला विद्युत साउंड एंड डेकोरेटर संघ, सिंहदाहा हीरापुर शाखा का द्वितीय वार्षिक अधिवेशन तोपचांची झील परिसर में आयोजित किया गया। बैठक में जिले की सभी शाखाओं के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महासचिव शिव कुमार बनर्जी ने की। उन्होंने कहा कि अक्सर बिना किसी



ठोस कारण के प्रशासन द्वारा साउंड सिस्टम पर रोक लगा दी जाती है, जिससे आयोजकों और व्यवसायियों दोनों को परेशानी होती है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि बिना उचित कारण के साउंड सिस्टम पर प्रतिबंध न लगाया जाए, क्योंकि किसी भी सांस्कृतिक या सामाजिक कार्यक्रम का संचालन साउंड सिस्टम के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी स्थिति बार-बार उत्पन्न हुई, तो संघ साउंड सिस्टम सेवा बंद करने पर विचार करेगा। वहीं, केंद्रीय सलाहकार आशीष कुमार दे ने कहा कि कुछ गलत काम करने वालों के कारण पूरे साउंड व्यवसाय को बदनाम न किया जाए। उन्होंने बताया कि संघ प्रशासनिक गाइडलाइन का पूर्ण पालन करता है। कार्यक्रम के अंत में बताया गया कि आगामी 28 दिसंबर को संघ का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की गई। द्वितीय वार्षिक अधिवेशन में कमेटी के महासचिव शिवकुमार बनर्जी अध्यक्ष महादेव मंडल क्रिस्टी चटर्जी बबलू पांडे कतरास शाखा के सचिव हरेंद्र, अध्यक्ष संतोष राम,कोषाध्यक्ष सूरज गोस्वामी, तेलमच्चों शाखा के अध्यक्ष नारायण मास्टर, राजगंज शाखा के अध्यक्ष उमेश महतो,सचिव ऋषिकेश महतो, उपाध्यक्ष शिवचरण महतो, सिंगदाहा शाखा के अध्यक्ष विनोद गोप, बबलू पांडे, सचिव बबलू पांडे, कोषाध्यक्ष खगेश्वर राय, आशीष,केंद्रीय सलाहकार आशीष दे, फिरोज अंसारी, दिनेश राय,शैलेश महतो,राजू रवानी, प्रकाश मोहली समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गौ रक्षा एवं सनातन रक्षा के लिए जारी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल समाप्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गौ माता की रक्षा और सनातन धर्म के संरक्षण की मांग को लेकर समाजसेवी संजीव कुमार चौहान बीते 8 नवंबर से धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे थे। सोमवार को उनके स्वास्थ्य की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त करवाया। इस अवसर पर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि ह्यगौ रक्षा एवं सनातन रक्षा आंदोलनह्व का उद्देश्य सिर्फ एक व्यक्ति का संघर्ष नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा की पुकार है। उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय जीवन दर्शन, कृषि, अर्थव्यवस्था और अध्यात्म की आधारशिला हैं। पूरे भारतवर्ष में गौ हत्या पर तत्काल और सख्त प्रतिबंध लागू होना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भारत की संस्कृति से जुड़े गौरव को अनुभव कर सकें। उन्होंने




कहा कि आज समाज में पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से नैतिक पतन हो रहा है। 'लिव-इन रिलेशनशिप' और 'प्री-मैरिटल सेक्स' जैसी प्रथाएँ भारतीय संस्कृति के मूल्यों के विपरीत हैं, इन पर कानूनी रूप से पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि भारत की बेटियों को सेक्स रैकेट, मानव तस्करी और रेड लाइट एरिया से मुक्त कराकर उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने की व्यवस्था की जाए। अंत में उन्होंने संजीव चौहान के आंदोलन की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह संघर्ष समाज में जागरूकता का प्रतीक बनेगा और आने वाले दिनों में गौ रक्षा एवं सनातन रक्षा की दिशा में एक नई चेतना जगाएगा। मौके पर उदय प्रताप सिंह, संजीव चौहान अविनाश कुमार पाण्डेय मनीष कुमार,भारती दुबे, शिल्पी घोष, ऋतु वीतु गुप्ता,धर्मेंद्र कुमार,पंकज यादव, जयकुमार, विवेक कुमार सिन्हा, संजीव चौहान,अनिल जैन राणा सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे।

# स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की मनाई जयंती

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला स्वदेशी जागरण मंच के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी में दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक श्री अमरेंद्र कुमार ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए स्वदेशी के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि स्व का अर्थ है अपना, अर्थात



हमें अपनी भाषा, अपना भोजन , अपने यहां बने सामानों के प्रयोग पर विशेष जोर देना है । जब हम अपने देश में बने उद्योगों का प्रयोग अधिक से अधिक करेंगे ,तो हमारा देश समृद्ध होगा और उससे अपने देश का विकास होगा । अतः हमें चाहिए कि हम अपने देश में निर्मित सामानों का स्वयं उपयोग करें एवं अपने परिचितों को भी इसे उपयोग करने हेतु प्रेरित करें । इस अवसर पर स्वदेशी के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि आज के दिन को हम सभी स्वदेशी संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं । इस अवसर पर उन्होंने सभी भैया - बहनों एवं उपस्थित आचार्य दीदी जी को स्वदेशी अपनाने हेतु संकल्प दिलवाया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी विद्या भारती योजना के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। इस कारण हमारे विद्यालयों में हम भैया - बहनों को प्रारंभ से ही स्व का बोध कराते हैं ।राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भी प्राथमिक कक्षाओं में उनके मातृभाषा में शिक्षा का प्रावधान आ गया है । जिसकी परिकल्पना विद्या भारती ने प्रारंभ से ही कर रखी है। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख अजय चौधरी,जिला कार्यालय प्रमुख ददन प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता कौशल किशोर राय , मधुसूदन गोपालन सहित सभी आचार्य, दीदी जी एवं भैया - बहन उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com